आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 18°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज

17 राज्यों में घना कोहरा, दिल्ली में 120 फ्लाइट लेट

इंडिया&वर्ल्ड पेज: 12

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 11 जनवरी, 2025 / पेज : 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 90

www.janexpresslive.com/epaper

फैम ट्रिप्स नेपाल और यूपी के मध्य पर्यटन... 03

# महाकुंभ में आकाशवाणी का एफएम लॉन्च

## योगी बोले, समाज को बांटने वाले आकर देखें, यहां जाति-सम्प्रदाय का कोई भेद नहीं

- जो लोग महाकुम्भ तक नहीं पहुंच पाते उन तक पहुंचेगा कुम्भवाणी: सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

सीएम योगी प्रयागराज महाकुंभ में दो दिन के दौरे पर हैं। शुक्रवार को दूसरे दिन सीएम योगी ने सर्किट हाउस में आकाशवाणी का एफएम रेडियो चैनल ( कुंभवाणी) का शुभारंभ किया। कहा- जहां कनेक्टिविटी के इश्यू हैं वहां भी चैनल पहुंचेगा। समाज को बांटने वाले कुंभ आकर देखें, यहां जाति-सम्प्रदाय का कोई भेद नहीं है। योगी ने मां की रसोई का उद्घाटन किया और लोगों को भोजन भी परोसा। इसमें मात्र 9 रुपए में लोगों को भरपेट भोजन मिलेगा। थाली में दाल, 4 रोटी, सब्जी, चावल, सलाद और मिठाई दी जाएगी। सीएम ने कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण किया। वह पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी हैं। उनकी बेटी रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद और योगी सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। पहले दिन 9 जनवरी को योगी ने 13 अखाड़ों के साधु-संतों के साथ रात्रि भोज किया। इसमें उन्होंने चने का साग और मूंग का हलवा खाया। इसके बाद सीएम ने साधु-संतों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।



### जहां कनेक्टिविटी के इश्यू वहां भी पहुंचेगा चैनल

सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था वो आकाशवाणी ही था। मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी के माध्यम से उस समय प्रसारित होने वाले रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे। समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया। बाद में निजी क्षेत्र के भी कई चैनल आए, लेकिन समय की इस प्रतिस्पर्द्धा के अनुरूप खुद को तैयार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां पर कनेक्टिविटी के इश्यू होते हैं वहां पर बहुत सारी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के एफएम चैनल ने 2013, 2019 और अब 2025 में भी कुम्भवाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चैनल को शुरू करने की कार्यवाही प्रारंभ की है।

### 103.5 मेगाहट्र्ज पर प्रसारित होगा एफएम चैनल

महाकुंभ से जुड़ी सभी तरह की जानकारियों के लिए प्रसार भारती ने ओटीटी बेस्ड कुंभवाणी एफएम चैनल की शुरुआत की है। यह चैनल 103.5 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी पर प्रसारित होगा। यह चैनल 10 जनवरी से 26 फरवरी तक ऑन एयर रहेगा। इसका प्रसारण प्रात: 5.55 बजे से रात्रि 10.05 तक इसका प्रसारण होगा।

### समाज को बांटने वाले देखें यहां पंथ, जाति, सम्प्रदाय का कोई भेद नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सनातन गौरव और गर्व का एक महाआयोजन है, एक महासमागम है। जिसको सनातन धर्म के गौरव और गरिमा को देखना हो तो वो कुंभ का दर्शन करे। जो लोग भेदभाव या छुआछूत के नाम पर लोगों को बांटने का काम करते हैं, उन लोगों को आकर देखना चाहिए कि यहां पर न पंथ का भेद है, न जाति का भेद है, न छुआछूत है, न कोई लिंग का भेद है। सभी पंथ और सम्प्रदाय एक साथ एक ही जगह स्नान करते हैं।

### योगी बोले- जहां कनेक्टिविटी के इश्यू वहां भी पहुंचेगा एफएम चैनल

सीएम योगी ने कहा- लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था, वो आकाशवाणी ही था। मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी से रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे। समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया। बाद में निजी क्षेत्र के भी कई चैनल आए, लेकिन समय की इस प्रतिस्पर्द्धा के अनुरूप खुद को तैयार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां पर कनेक्टिविटी के इश्यू होते हैं। वहां पर बहुत सारी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के एफएम चैनल ने 2013, 2019 और अब 2025 में भी कुम्भवाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चैनल शुरू किया गया।

### योगी ने कमला बहुगुणा की प्रतिमा का इनॉगरेशन किया



सीएम योगी ने कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया है। कमला बहुगुणा 1977 में फूलपुर लोकसभा से सांसद बनी थीं। वह पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी हैं। उनकी बेटी रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद और योगी सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। योगी ने कमला बहुगुणा के आजादी की लड़ाई में योगदान को याद किया। कहा- उनकी प्रतिमा से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। पूरी दुनिया महाकुंभ देखना चाहती है। करोड़ों श्रद्धालु इस अवसर पर प्रयागराज आएंगे।

### योगी ने लोगों को परोसा भोजन



योगी ने मां की रसोई का उद्घाटन किया। लोगों को भोजन भी परोसा। यह रसोई नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित की जा रही है। मां की रसोई के तहत जरूरतमंदों को 9 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से हो रही है। मेले में पर्यटन विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश दर्शन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जहां पर लोगों को यूपी दर्शन का मौका मिलेगा। उत्तर प्रदेश के मंदिरों का प्रतिरूप तैयार किया गया है। इसके अलावा प्रदेश अलग-अलग सर्किट को भी दिखाया गया।

### जो महाकुंभ जा पा रहे, चैनल से उन तक जानकारी पहुंचाएंगे

सीएम योगी ने कहा कि इस चैनल के माध्यम से पूरे दिन के कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। जो लोग महाकुंभ तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, उन तक हम यह जानकारी पहुंचाएंगे। उन्होंने सनातन गौरव के महत्व को भी रेखांकित किया। इसके बारे में जानने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती रद्द

## हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने साफ कहा कि यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पास कोई अधिकार नहीं है कि वह परीक्षा के मानकों में कोई बदलाव करे



- पिछले कुछ वर्षों में बिना शासन के किसी संशोधन के प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे द्वारा निजी एजेंसियों द्वारा परीक्षा कराकर भर्ती की गईं
- सवाल उठता है कि फिर विधानसभा में नियमों और मानकों को ताक पर रखकर भर्ती करने का अधिकार किसने दे दिया
- विधानसभा में नियुक्तियां लोक सेवा आयोग के जरिए होती थीं

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती रद्द कर दी गई। ऐसा हाईकोर्ट के आदेश पर हुआ। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पुलिस भर्ती बोर्ड के पास मानकों और नियमों को बदलने का कोई अधिकार नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर विधानसभा में नियमों और मानकों को ताक पर रखकर भर्ती करने का अधिकार किसने दे दिया। विधानसभा में नियुक्तियां लोक सेवा आयोग के जरिए होती थीं। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों में बिना शासन के किसी संशोधन के प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे द्वारा निजी एजेंसियों द्वारा परीक्षा कराकर भर्ती की गईं। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती रद्द कर दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इसको लेकर आदेश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पास कोई अधिकार नहीं है कि वह परीक्षा के मानकों में कोई बदलाव करे।भर्ती परीक्षा की अर्हता के मानकों में केवल शासन स्तर से ही बदलाव किया जा सकता है।

### 936 पदों के लिए 80 हजार ने आवेदन किया था

जस्टिस आलोक माथुर की एकल बेंच ने यह फैसला सुनाया है। साथ ही नए सिरे से बोर्ड को भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। रवि शुक्ला की ओर से याचिका दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह आदेश दिया है। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने साल 2022 में रेडियो ऑपरेटर के पदों पर भर्ती निकाली थी। कुल 936 पदों को भरा जाना था। इसके लिए करीब 80 हजार उम्मीदवारों ने आवेदन किया था जबकि करीब 40 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी।

### अर्हता में भर्ती बोर्ड की तब की चेयरमैन ने कर लिया था बदलाव

इस भर्ती के लिए जारी किए गए नोटिफिकेशन में डिप्लोमा प्राप्त अर्हता थी। जबकि इससे पहले भर्ती बोर्ड की तब की चेयरमैन रेणुका मिश्रा ने एक प्रस्ताव के जरिए डिग्री धारकों को ही आवेदन करने के लिए योग्य कर दिया। इसके बाद मौजूदा चेयरमैन राजीव कृष्णा ने डिग्री धारकों को योग्य माने जाने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। इसके खिलाफ डिग्रीधारकों ने हाईकोर्ट लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल की थी।

### अब नए सिरे से यह भर्ती होगी

मामला कोर्ट में होने की वजह से भर्ती का रिजल्ट जारी नहीं किया गया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि बोर्ड का अर्हता नियमों में बदलाव करना नियमों के खिलाफ है। इसके साथ ही पुलिस रेडियो भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। अब नए सिरे से यह भर्ती होगी।

## पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई से मौसम मारेगा पलटी, 38 जिलों में वज्रपात की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कई इलाकों में सुबह से ही गुनगुनी धूप हुई और सर्द रात के बाद दिन में लोगों को राहत मिली। लेकिन, पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई से मौसम फिर करवट लेगा। तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई के असर से मौसम का मिजाज बदलेगा और उत्तर प्रदेश में दो दिन पूरब से पश्चिम तक बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग ने शनिवार व रविवार के लिए उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को तराई समेत अन्य कई इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। कुछ जिलों में कोहरे की वजह से दृश्यता प्रभावित हुई। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को सुबह से ही हल्की धूप खिली और गलन से राहत मिली। शनिवार को यहां भी पुरवाई चलने और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। प्रदेश में शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ के असर से पुरवाई चलेगी और दो दिन विभिन्न जगहों पर हल्की से मध्यम बूंदाबांदी के संकेत हैं।

**इन जिलों में वज्रपात होने की संभावना:** बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

# केशव प्रसाद को फिर मिल सकती है प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी!



- यूपी सरकार में जल शक्ति शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव भी प्रबल दावेदार
- पर्यवेक्षक विनोद तावड़े ने कई नेताओं से मुलाकात कर जानी रायशुमारी

**जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन में हो रहे बदलाव के चलते उत्तर प्रदेश को जल्द ही नया भाजपा अध्यक्ष मिलने वाला है। प्रदेश अध्यक्ष की इस दौड़ में पिछड़ा वर्ग या दलित समुदाय से अध्यक्ष हो सकता है। इस पद के लिए तमाम नेताओं ने दावेदारी कर रखी है। ऐसे में पर्यवेक्षक के तौर पर विनोद तावड़े के यूपी दौरा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विनोद तावड़े की सीएम व डिप्टी सीएम समेत अन्य नेताओं की मुलाकात को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि तावड़े ने अध्यक्ष पद के संभावित कुछ चेहरों के नाम पर रायशुमारी भी की है।

### केशव प्रसाद पर लगेगी मुहर

साल 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे। उस दौरान उनके मुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चा भी जोर पकड़ी थी, लेकिन ऐन वक्त् पर केंद्रीय नेतृत्व ने योगी आदित्यनाथ पर बड़ा दांव लगाते हुए उन्हें प्रदेश की कमान सौंप दी थी और केशव प्रसाद मौर्य को योगी की कैबिनेट में डिप्टी सीएम के पद से संतुष्ट होना पड़ा था। सूत्रों की मानें तो एक बार फिर से केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश अध्यक्ष का ताज पहनाया जा सकता है। वैसे भी मौर्य कई दफा कह चुके हैं कि सरकार से बढ़ा संगठन होता है। तो क्या बयान के अनुरूप वे फिर से संगठन से जुड़ेंगे या फिर योगी कैबिनेट का हिस्सा रहेंगे। कुछ दिनों बाद इस राज से पर्दा भी उठ जाएगा।

### स्वतंत्र देव के नाम जोरों से चर्चा

यूपी के भाजपा प्रदेशाध्क्ष के चुनाव को लेकर चल रहे मंथन के बीच उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति विभाग की जिम्मेदारी निभा रहे स्वतंत्र देव का नाम भी जोरों से चल रहा है। स्वतंत्र देव को योगी का करीबी माना जाता है और भूपेंद्र चौधरी से पहले प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी वे ही निभा रहे थे। स्वतंत्र देव कुर्मी समुदाय से आते हैं और भाजपा इस समुदाय को साधने की जुगत में हैं। एनडीए के सहयोगी अपना दल एस के आशीष पटेल के बागी तेवरों से कहीं कुर्मी समुराय के वोट बीजेपी से छिटक न जाएं इसको लेकर स्वतंत्र देव को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। वहीं सपा प्रमुख् अखिलेश यादव के पीडीए फॉर्मूले का तोड़ भी कुर्मी समुदाय को माना जा रहा है।

### इन नेताओं के नामों की भी चर्चा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में राज्यसभा सदस्य पिछड़े वर्ग के अमरपाल मौर्य का नाम लिया जा रहा है जो उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भी हैं। राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, दलित वर्ग से वरिष्ठ नेता विद्यासागर सोनकर के नाम की चर्चा चल रही है। इसके अलावा तमाम चर्चित नामों की लंबी फेहरिस्त है।

### पीयूष गोयल को चयन की जिम्मेदारी

भाजपा का उत्तर प्रदेश में नया प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा? इसकी जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को दी गई है। गोयल को प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुनने के लिए चुनाव प्रभारी बनाया गया है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की ओर से अलग-अलग राज्यों के लिए चुनाव प्रभारी की घोषणा गुरुवार की देर रात की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश के लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को चुना गया है। उत्तर प्रदेश में फरवरी मध्य तक नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन किया जाना है।

# भाजपा संविधान गौरव अभियान से कांग्रेस को करेगी काउंटर

- आज से अभियान की होगी शुरुआत, विपक्ष की भी रहेंगी नजरें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जातियों में पैंठ बनाने की जुगत में जुट गई है। इसी को लेकर 11 जनवरी से संविधान गौरव अभियान की शुरुआत की जा रही है। भाजपा इस अभियान के जरिए कांग्रेस को काउंटर करेगी। क्योंकि कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान का नाम लेकर केंद्रीय गृह मंत्री को कठघरे में खड़ा किया था। भाजपा का यह अभियान कांग्रेस के संविधान दाव का तोड़ माना जा रहा है। इस अभियान के जरिए भाजपा उन वोटरों तक पहुंचना चाहती है जो लोकसभा चुनाव के दौरान छिटक गए थे।

### दलित बाहुल्य जिलों में केंद्रित होगा अभियान

सूत्रों की माने तो भाजपा का संविधान गौरव अभियान उन जिलों में ज्यादा फोकस करेगा जहां दलित बाहुल्य आबादी है। लोगों के बीच जाकर भाजपा कार्यकर्ता संविधान निर्माता डॉ. भीमराम आंबेडकर के योगदान को बताएंगे। साथ ही भाजपा शासन में बाबा साहेब के सम्मान और दलितो के लिए किए कार्यों को जोर-शोर से प्रचार किया जाएगा। यह अभियान देश के हर ब्लॉक, जिला और राज्य में चलाया जा रहा है।



### बीजेपी को घेरता रहा ईडी गठबंधन

बता दें कि संविधान को कमजोर किए जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस समेत इडी गठबंधन के नेता समय-समय पर सत्ताधारी भाजपा को घेरने से नहीं चूकते हैं। बीते साल 2024 के लोक सभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्ष के नेताओं ने जोर -शोर से संविधान का मुद्दा उठाया था। विपक्षी दल का यह दांव काम कर गया और भाजपा से अनुसूचित समुदाय का वोटर अन्य दलों में शिफ्ट हो गए। जिसके चलते भाजपा को उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ वहीं सपा और कांग्रेस को फायदा हुआ था। इसके चलते भाजपा अपने दम पर केंद्र में सरकार नहीं बना सकी थी और मोदी को गठबंधन की सरकार चलानी पड रही है।

### संसद में भी उठता रहता है मुद्दा

संविधान को कमजोर करने , संविधान का अपमान किए जाने जैसे दावों को लेकर विपक्षी दल हमेशा सत्ताधारी दल को घेरता रहता है। लोकसभा हो या राज्यसभा सभी जगह संविधान और बाबा साहेब के अपमान की बात कहकर बखेड़ा खड़ा किया जाता है। शीतकालीन सत्र के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के कुछ अंश को मुद्दा बनाकर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए सदन को चलने नहीं दिया। वहीं सत्ताधारी भाजपा कांग्रेस पर बाबा साहेब का सम्मान नहीं किए जाने का आरोप लगाती है।

# विधानसभा बन रही सुसाइड पॉइंट

## तीन बच्चों के साथ पति-पत्नी ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- मरने के लिए बेताब थे दंपती, सुरक्षा कर्मियों की तत्परता ने उन्हें बचा लिया
- माना जा रहा है कि पीड़ित परिवार की परेशानी और विधानसभा के बीच कोई सीधा संबंध है
- आत्महत्या का कदम उठाने के पीछे क्या कारण है यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है

उत्तर प्रदेश विधानसभा अब सुसाइड पॉइंट बनती जा रही है। वहां इस बार पति-पत्नी ने अपने तीन बच्चों के साथ आत्मदाह की कोशिश की। सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से उन्हें बचा लिया गया। आत्महत्या का कदम उठाने के पीछे क्या कारण है यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। माना जा रहा है कि पीड़ित परिवार की परेशानी और विधानसभा के बीच कोई सीधा संबंध है। प्रदेश की योजनाओं को बनवाने और लागू करवाने वाली विधानसभा को कुछ लोग आत्महत्या के लिए भी चुनने लगे हैं। ऐसा ही एक अप्रत्याशित वाकया बुधवार को घटा। विधानसभा के बाहर एक पति-पत्नी ने अपने तीन बच्चों के साथ आत्मदाह करने की कोशिश की।



उनके पास 5 लीटर पेट्रोल से भरी कैन थी। उन्होंने खुद पर तेल डाल लिया और आग लगाने का प्रयास किया। जानकारी के मुताबिक, आत्मदाह का प्रयास करने वाले व्यक्ति का नाम राजकमल है। वह लखनऊ के थाना निगोहां क्षेत्र का रहने वाला है। राजकमल और उसके परिवार ने विधानसभा के बाहर यह कदम उठाया, जिससे वहां हड़कंप मच गया। इस परिवार ने यह कदम क्यों उठाया यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### परिवार को हिरासत में लेकर हजरतगंज थाने भेजा

विधानसभा के पास तैनात सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए परिवार को समय रहते रोक लिया और उनकी जान बचा ली। पुलिस ने तुरंत परिवार को हिरासत में लेकर हजरतगंज थाने भेज दिया।

### हमको मर जाने दो साहब, हम बहुत दुखी हैं

हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस पूछताछ में पति-पत्नी ने कहा कि हमको मर जाने दो साहब, हम बहुत दुखी हैं। हालांकि, उनकी इस हताशा और आत्मदाह के पीछे की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला मुख्यालय निवासी राधेश्याम, राजाराम व बद्री प्रसाद ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि मऊ क्षेत्र के ताड़ी गांव में यमुना नदी के किनारे बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन कराया जा रहा है। रात्रि के समय टैक्टर और अन्य भारी वाहनों से बालू निकालकर क्षेत्र में आपूर्ति की जा रही है। जिससे लाखों रुपये के राजस्व की चोरी हो रही है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने शिकायत की थी, किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। पत्र में मामले की जांच कराकर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है।

### 76 रनों से दिल्ली ने जीता मैच

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2025 के ग्रुप डी का पहला मैच दिल्ली और ग्वालियर के बीच खेला गया। जिसमें दिल्ली की टीम विजेता रही। मैच में पहले टॉस जीतकर दिल्ली टीम ने बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित 25 ओवर के मैच में 22.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 162 रन बनाए। जिसमें दिल्ली के बल्लेबाज बलदेव के 63 और सौरभ के 33 रन शामिल रहे। ग्वालियर के गेंदबाज श्याम ने तीन और आशू ने दो विकेट लिए। 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्वालियर की टीम 16.4 ओवर में 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें ग्वालियर के बल्लेबाज सतीश के 15 व नरेंद्र के 16 रन शामिल रहे। दिल्ली के गेंदबाज रितेश और बलदेव ने चार-चार विकेट लिए। इस प्रकार दिल्ली की टीम ने इस मुकाबले को 76 रन से अपने नाम किया। दिल्ली के बलदेव को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस मैच में फिरोज अंसारी और हैदर जहॉन अंपायर की भूमिका में रहे। इस मौके पर प्रेम चंद्र प्रजापति, डॉ गौरव, डॉ विवेक, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, दीपक मिश्रा, अनुराग, आदेश, रानू आदि मौजूद रहे।

### एक को होगी मंडलीय पेंशन अदालत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आगामी एक फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्ति अध्यापकों व कर्मचारियों के लंबित देयकों के संबंध में चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त व पेंशन अदालत के अध्यक्ष अजीत कुमार की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कहा कि पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र व प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूट धाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 15 जनवरी सांय चार बजे तक प्राप्त कराए जा सकते हैं। कहा कि पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त करायेंगे।

### सड़क हादसे में देवर की मौत, भाभी की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास में सड़क के किनारे सब्जी की दुकान के बाहर आग जलाकर अलाव ताप रहे देवर भाभी को तेज रफ्तार दूध लोडर ने कुचल दिया। जिसमें देवर की मौत हो गई, जबकि उसकी भाभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास संतोष 58 वर्ष पुत्र रामसेवक व उसकी भाभी शिवकली 55 वर्ष पत्नी रामकिशोर दोनों सड़क के किनारे सब्जी की दुकान लगाते हैं। बताया गया कि रोज की तरह शुक्रवार की सुबह देवर भाभी दोनों लोग सब्जी की दुकान लगाने के बाद तेज सर्दी के चलते दुकान के बाहर अलाव जलाकर ताप रहे थे। इसी दौरान नियामतपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रही दूध की लोडर ने दुकान के बाहर आग ताप रहे देवर भाभी को कुचल दिया और चालक मौके से भाग गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने गम्भीर हालत में दोनों लोगों को प्राइवेट गाड़ी से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद देवर संतोष को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी भाभी का उपचार चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले में थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि लोडर छोड़कर ड्राइवर भाग गया है।फिलहाल लोडर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया गया है, और चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

# बदमाशों ने पत्नी के पेट में घोंपा चाकू पति को मारी गोली, दोनों रेफर

- चोरी की इरादे से घर में घुसे थे असलहाधारी, दंपती के जागने पर दिया वारदात को अंजाम
- एसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण, बदमाशों को जल्द पकड़ने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। उरई**

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मकरेछा में गुरुवार की रात चोरी के इरादे से घर में घुसे असलाधारी नकाबपोश बदमाशों ने नाकाम होने पर महिला के पेट में चाकू घोप दिया। जबकि बचाव में आए पति पर फायर झोंक दिया। जिसमें छर्रे लगने से वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दम्पति को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मकरेछा निवासी भारत सिंह अपनी



पत्नी मधु व पुत्र शिवम के साथ शाम को खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए थे। तभी रात करीब दो बजे तीन नकाबपोश बदमाश पड़ोसी भाई जुरदान सिंह की बाउंड्री के सहारे घर में घुस आए। इसी दौरान वह अंदर के कमरे में रखे बक्से को तोड़ने लगे। तभी बाहर के कमरे में सो रहे दंपति को आहट हुई तो वह जाग गए। बताया गया कि जैसे ही वह चिल्लाए, तो बदमाशों ने महिला के पेट में चाकू मार दिया। इसके बाद बदमाशों से अकेला भारत भिड़ा और लड़के शिवम को आवाज लगाई। तभी बदमाश घर के बाहर निकलकर फायरिंग करते हुए कुछ दूर खड़ी बाइकों से मुहाना हाइवे की ओर भाग निकले। फायरिंग के छर्रे भारत के सिर व चेहरे पर लगे जिससे वो भी जख्मी हो गया। सूचना के बाद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची सीओ अर्चना सिंह ने घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया। जहां पर उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। मामले में एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की और घटना में शामिल लोगों को जल्द पकड़ने का निर्देश दिया है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मदारीपुर कालपी रोड पर भिटारी बम्बा के पास दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम भिटारी निवासी अंशु 18 वर्ष पुत्र कमल सिंह शुक्रवार को अपनी बाइक से बाजार करने सिरसा कलार आ रहा था। वहीं दूसरी ओर से औरैया के सैनपुर निवासी मंगल सिंह पुत्र तेज सिंह, साजन कुमार पुत्र राम आसरे बाइक से निमंत्रण में जा रहे थे। तभी भिटारी बम्बा के पास दोनों बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीनो लोग घायल हो गए। राहगीरो ने सूचना पुलिस को दी।खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह ने तीनों को पुलिस जीप से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने आशू को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो लोगों का उपचार चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कारवाई शुरू कर दी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पद के 48 दावेदार, फैसले का इंतजार

**जन एक्सप्रेस। उरई**



भाजपा के संगठन चुनाव पर्व का जिले में अंतिम चरण है। बूथ व मंडल अध्यक्ष चुनाव के बाद जिलाध्यक्ष की चुनाव प्रकिया शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। जिसमे 48 कार्यकर्ताओं ने नामांकन दाखिल किए है। साथ ही 7 लोगों ने प्रांतीय परिषद के लिए नामांकन किया है।जिला चुनाव अधिकारी सुभाष त्रिपाठी के सामने नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई है, अब जांच के उपरान्त पांच लोगों का पैनल बनाकर प्रदेश कार्यालय पर जमा किया जाएगा। इसके बाद विचार विमर्श करने के बाद दिल्ली से जिलाध्यक्ष तय किया जाएगा। जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी में वर्तमान जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, रामेंद्र सेगर, उदयन पालीवाल, नागेंद्र गुप्ता, मनोज राजपूत, बाबा बालक दास पाल, रामलखन, वीरेंद्र निरंजन, देवेंद्र यादव, हरेंद्र विक्रम, रामानुग्रह राजावत, नीरज श्रीवास्तव, संजीव उपाध्याय, मनोज पालीवाल, दिलीप दुबे, रविंद्र प्रताप, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेगर, जयप्रकाश गौतम, विनोद अहिरवार, तरुण तिवारी, प्रीति बांसल, दिवाकर शास्त्री, सूर्य नायक, अमित निरंजन, पूजा सेगर, समर जीतपाल, दयाशंकर यादव, संजय गुप्ता, रामू निरंजन, जयप्रकाश ओमर, गिरीश चतुर्वेदी, धीरज राजेश सिंह आदि प्रमुख लोगों ने नामांकन दाखिल किया।

# महाकुंभ 2025 के लिए झांसी मंडल ने की भव्य तैयारी- डीआरएम

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए सभी इंतजाम

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

आगामी महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में किया जाएगा। जिसमें करोड़ों तीर्थयात्री देश-विदेश से पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधा और उनकी यात्रा को आरामदायक बनाने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे ने विशेष प्रयास किए हैं।

रेलवे द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि महाकुंभ के दृष्टिगत मंडल के चित्रकूट, शिवरामपुर और भरतकूप रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्था की गई है। इन स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया है। स्टेशन पर प्रवेश और निकास के अलग द्वार बनाए गए हैं। साथ ही सुरक्षा के लिए आरपीएफ और जीआरपी को तैनात किया गया है।

बताया कि फुटओवर ब्रिज पर भीड़ को एकत्रित होने से रोकने के लिए भी इंतजाम किए गए हैं। शेल्टर एरिया की कैपेसिटी को बढ़ाकर लगभग चार हजार तक कर दिया गया है। जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर भीड़ को व्यवस्थित किया जाएगा। यह इंतजाम भरतपुर और शिवरामपुर स्टेशन पर भी किए गए हैं। रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन भी चलाई जा रही हैं। रिंग रेल भी शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त भीड़ प्रबंधन के लिए एक प्लेटफार्म पर एक बार में एक ही गाडी खड़ी की जाएगी ताकि यात्रियों को आवाजाही में दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस प्रकार की व्यवस्था मंडल के प्रत्येक भीड़ संभावित स्टेशन पर की गयी है।

बताया कि इसके अलावा यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न अनारक्षित, आरक्षित स्पेशल ट्रेन, रिंग रेल सर्विसेस, गाड़ियों को शिवरामपुर तथा भरतकूप स्टेशनों पर अस्थायी रूप से ठहराव प्रदान किया गया है।

## हालत बिगड़ने से नवविवाहिता की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बाबई में नवविवाहिता महिला की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बीमारी के चलते हालत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई।

गोहन थाना क्षेत्र के ईटों निवासी प्रिया 23 वर्ष की शादी करीब 8 माह पहले चुर्खी क्षेत्र के बाबई निवासी रणजीत सिंह के साथ हुई थी। जिसकी बीते दिन गुरुवार की देर शाम हालत बिगड़ने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि महिला काफी दिनों से बीमार चल रही थी, जिस कारण उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई। वहीं देर शाम समाचार लिखे जाने तक मायके पक्ष द्वारा पुलिस को घटना की तहरीर नहीं दी गई।

# वन विभाग पर घर गिराने का आरोप आदिवासियों में भारी आक्रोश

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

मानिकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चुरेहकशेरुवा के मजरा भैरमबाबा पुरवा में आदिवासी बस्ती में बने घरों को वन विभाग ने जमीदोज कर दिया है। भैरम बाबा पुरवा में कोल आदिवासियों को मुख्यमंत्री आवास मिले थे जिसका निर्माण छत तक पहुंच गया था, जहां वन विभाग के कर्मचारियों ने सभी घर गिरा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते 6 जनवरी को सभी लाभार्थियों के आवास ढहा दिए गए हैं। ग्रामीणों द्वारा लिखित शिकायती पत्र तहसीलदार मानिकपुर व थाना मानिकपुर को दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शासन प्रशासन को जानकारी दी गई है, लेकिन अभी तक कोई इस मामले को संज्ञान नहीं लिया गया है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी



आदिवासी सेना के राष्ट्रीय संयोजक शिवपूजन कोल ने कहा आदिवासियों के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गरीबों के साथ न्याय नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन कर तहसील का घेराव किया जाएगा। कहा प्रशासन के उदासीनता के चलते अभी तक न्याय नहीं मिल पाया। एक तरफ सरकार आवास देने का ढिंढोरा पीट रही है, और उधर सरकार के ही जिम्मेदार गरीबों के आवास गिरा रहे हैं। वन विभाग का परिसीमन 40 वर्ष पूर्व राजस्व कर्मचारियों द्वारा किया गया था कि वन विभाग से बस्ती दूर रहेगी स्थलीय निरीक्षण करने के बाद पता चला कि वन विभाग काफी दूर है और उनके मकान अपने घर के दरवाजे पर बने मिले लेकिन फिर भी दबंगई गुंडई के बल पर घर गिरा दिए गए हैं। आदिवासियों ने कहा हमारे रहने के लिए घर नहीं है हम सब छोड़कर पलायन कर जाएंगे।

# कांग्रेस संगठन मजबूत बनाने पर दिया जोर




**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी.एल. पुनिया, सांसद किशोरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, रंजना बराती लाल पांडेय, पंकज मिश्रा, विजयमणि त्रिपाठी, कालीचरण राजपूत, कामता द्विवेदी, राजनारायण यादव, अनिल गुप्ता, अरुण गुप्ता, पिंटू केसरवानी, कुलदीप मिश्रा, श्रावण शुक्ल आदि मौजूद रहे। बैठक से लौटने के बाद जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी के निर्देशों के अनुरूप बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत किया जाएगा।

# न्याय मम धर्म के संकल्प के साथ अधिवक्ता कार्य कर रहे हैं- प्रशांत अटल

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

भारतीय जनता पार्टी लीगल सेल के प्रदेश संयोजक प्रशांत सिंह अटल ने चित्रकूट प्रवास में भाजपा चित्रकूट लीगल सेल, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद व विचार परिवार के अधिवक्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान प्रदेश संयोजक प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि अधिवक्ताओं का कल्याण ही भाजपा का संकल्प है। कहा कि न्याय मम धर्म के संकल्प के साथ सभी अधिवक्ता कार्य कर रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार अधिवक्ताओं का डबल स्पीड से कल्याण कर रही है। भाजपा सरकार ने युवा अधिवक्ताओं के लिए सर्वाधिक प्रयास किया है। भाजपा संविधान का सम्मान करती है। संविधान गौरव अभियान में हम सब अधिवक्ता जन-जन के बीच जाकर व्यापक सकारात्मक संवाद स्थापित करें। कहा कि भाजपा सरकार ने युवा अधिवक्ताओं को साहित्य क्रय के लिए 5,000 रुपये की सहयोग राशि तीन वर्ष तक देने का निर्णय लिया है। साथ ही उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय में अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने करोड़ो रुपये दिए हैं। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि सभी अधिवक्ता साथी संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंवाद में सक्रिय रूप से सहभागी बने। कहा कि 11 से 25 जनवरी तक अधिवक्ता साथी भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए ऐतिहासिक प्रयासों की बिन्दुवार चर्चा करें तथा विपक्ष के झूंठ प्रपंच को जनता के बीच बेनकाब करें। बैठक का संचालन लीगल सेल के जिला संयोजक सचिन श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर आदर्श श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र शुक्ल, श्याम सुन्दर मिश्र, सुधाकर तिवारी, शशिकांत, हेमराज सिंह पटेल, सुशील सिंह, तेजप्रताप सिंह, गोपाल दास वर्मा, सनत मिश्रा, कमलाकांत मिश्र, अजय सिंह, राहुल श्रीवास्तव, अखिलेश ओझा, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### 16 को होगा मानचित्र समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृति के लिए प्राप्त भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के लिए प्राधिकरण द्वारा माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपरान्ह एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जाएगा। बताया कि इस माह बीते गुरुवार (नौ जनवरी) के अलावा आगामी 16, 23 एवं 30 जनवरी को आयोजित होने वाले समाधान दिवस में सभी सम्बंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, सम्बंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार व आर्कीटेक्ट उपस्थित रहेगे। जिसमें सम्बंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी। कहा कि सभी सम्बम्धित इन तिथियों में उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# उमाकांत मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान के लिए हुआ अनिल का चयन

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



धर्मनगरी के खुटहा गाँव निवासी एवं राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव के विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा उमाकांत मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान के लिए चयनित किया गया है। इस पुरस्कार में उन्हें 51,000 रुपये की धनराशि, प्रशस्ति-पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किया जायेगा।

खुटहा गांव के निवासी अनिल कुमार निलय के पिता श्रीचन्द्र सिंह व्यवसायी एवं माता विद्या देवी ग्रहणी हैं। युवा बाल साहित्यकार अनिल निलय की पांच पुस्तकें लॉकडाउन पॉजिटिव (बाल कहानी संग्रह), स्टूडेंटनामा (बाल कहानी संग्रह), साइंस-वाइंस (बाल कहानी संग्रह), साइंस के सुर (बाल गीत संग्रह) एवं डिजिटल अरेस्ट जिन्दगी (बाल उपन्यास) प्रकाशित हो चुकी हैं। जिसमे लॉकडाउन पॉजिटिव एवं स्टूडेंटनामा के लिए अनिल को क्रमशः हिन्दुस्तानी एकेडेमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा युवा लेखन सम्मान राज्य पुरस्कार 2021 एवं 2022 प्राप्त हो चुका है। साथ ही साइंस-वाइंस को विज्ञान परिषद् द्वारा श्री तुरशन पाल पाठक विज्ञान पुरस्कार 2023 व बाल कथा भूषण श्री सम्मान 2023 प्राप्त हो चुके हैं। अनिल निलय के इस सम्मान के लिए चयनित होने पर मनोज द्विवेदी, डॉ वीरेन्द्र भ्रमर, विक्रम नामदेव, अजीत कुमार, पियूष, नरेन्द्र, सुशील, साधना, प्रियंका सिंह, दिविता सिंह आदि ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# पुलिस अधीक्षक ने सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को हुई परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। साथ ही आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रैतिक परेड की रिहर्सल कराई और आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया वाहनों, 112



पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण कर आरक्षी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय का निरीक्षण किया। साथ ही क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बोले राजा बुंदेला- हमारी मांग नहीं मानी गई, तो फिर सभी जिलों में चलाया जाएगा जेल भरो आंदोलन

# गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा के दूसरे चरण समापन में उतरा जन सैलाब

**जन एक्सप्रेस। उरई**

पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में शुक्रवार को बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में पद यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के एसआर इण्टर कालेज से शुरु हुई जो भगत सिंह चौराहा होते हुए जीआईसी मैदान में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान राजा बुंदेला ने कहा कि हमें यूपी एमपी में बाटें अपने स्वाभिमान का वापस पाना है। हम सभी साथियों को एक साथ मिलकर बुंदेलखंड की लड़ाई लड़नी है। बताया कि यह यात्रा 26 दिसंबर को सैदनगर स्थित रक्तदंतिका देवी मंदिर से शुरु हुई यात्रा 15 दिनों तक जिले भर में घूमी। इस दौरान सभी का



उम्मीद से दस गुना अधिक समर्थन मिला। कहा कि हमारा उद्देश्य राजनैतिक नहीं है। हम किसी को विधायक या मंत्री बनाने का सपना नहीं दिखा रहे हैं। इसके बाद भी लोग अपने आप यात्रा से जुड़ रहे हैं। बताया कि 10 दिनों के विश्राम के बाद राठ, हमीरपुर व महोवा में यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद जिला बांदा व अंत में चित्रकूट में यह यात्रा निकाली जाएगी। वहीं दो दिवसीय मंथन शिविर होगा। जिसमें आरपार की लड़ाई की रणनीति बनाई जाएगी। इसके बाद दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम या रामलीला मैदान के लिए शासन से अनुमति मांगी गई है, वहां धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री, ग्रहमंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि तीन से चार महीनों तक हमारी मांग नहीं मानी गई, तो फिर सभी जिलों में जेल भरो आंदोलन चलाया जाएगा।



**सेवा, समर्पण और दान, समाज की उन्नति के...**

सेवा, समर्पण और दान , तीन ऐसे गुण हैं जो हमारे समाज को सशक्त और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान परिवेश में हमें कुछ समय निकालकर मानवता की सेवा एवं दान धर्म करने हेतु प्रदान करना चाहिए क्योंकि सेवा, समर्पण ओर दान ही सबसे... पढ़ें पेज 12 पर...

# फैम ट्रिप्स नेपाल और यूपी के मध्य पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने में सहायक होगा : जयवीर

## नेपाल के टूर ट्रैवल्स आपरेटर्स, एयरलाइंस प्रतिनिधि और नेपाल टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों ने किया पर्यटन स्थलों का भ्रमण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



नेपाल के 27 टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स, एयरलाइंस प्रतिनिधि और नेपाल टूरिज्म बोर्ड अधिकारियों का एक समूह उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए आयोजित फैम ट्रिप के तहत शुक्रवार शाम लखनऊ पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने एक दिन पूर्व 9 जनवरी को मथुरा-वृंदावन पहुंच बांकेबिहारी मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन किए। वृंदावन के बाद आगरा का भ्रमण किया। आगरा से यह प्रतिनिधिमंडल लखनऊ पहुंचा है। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शहर से बाहर होने के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। एक वीडियो संदेश में कहा कि नेपाल से आये प्रतिनिधि मंडल को हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि नेपाल और यूपी की सीमा लगती है। दोनों के सांस्कृतिक संबंध सदियों से चले आ रहे हैं। नेपाल के पर्यटकों एवं टूर टेव्रेल आपरेटरों का दल दोनों देशों के संबंधों को सुदृढ़ करने तथा पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि टूर आपरेटरर्स व पेशेवरों के लिए इस तरह की फैन ट्रिप पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग राज्य की धार्मिक, अध्यात्मिक एवं प्राकृतिक धरोहर का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करता है। फैम ट्रिप की पहल पर्यटकों को अपने यात्रा कार्यक्रम में यूपी को शामिल करने के लिए प्रेरित करेगी।इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने फैम ट्रिप के सदस्यों का होटल फॉर्च्यून में स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के पर्यटन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनााएं हैं। जिसे धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने उन्होंने उत्तर प्रदेश के विभिन्न पर्यटन सर्किट्स और प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 पर एक प्रस्तुति दी। यह फैमिलियराइजेशन ट्रिप 8 से 14 जनवरी, 2025 तक आयोजित की गई है, जिसमें प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ, सारनाथ और श्रावस्ती की यात्रा शामिल है। इस पहल का आयोजन उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और नेपाल पर्यटन बोर्ड के सहयोग से किया जा रहा है। आइकॉनिक स्थलों की यात्रा के अलावा, प्रतिनिधिमंडल बी2बी बैठकों में भाग लेगा, जिसका उद्देश्य नेपाल और उत्तर प्रदेश के टूर ऑपरेटर्स के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। इन बैठकों के जरिए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अंतर्दृष्टियों और रणनीतियों का आदान-प्रदान किया जाएगा।नेपाली प्रतिनिधमंडल ने इस यात्रा को सुखद एवं पर्यटकों के लिए प्रेरक बताया। प्रतिनिधि मंडल ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अपने कुछ सुझाव भी रखे। उन लोगों ने कहा कि फैन ट्रिप के माध्यम से सांस्कृतिक आदान प्रदान होने के साथ ही एक दूसरे को नजदीक से समझने में आसानी होगी।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया जिला कारागार लखनऊ का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक-थाम लगाने तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के सतत् प्रयास किए जा रहें हैं। आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा जिला कारागार लखनऊ का निरीक्षण किया गया तथा वहां निरूद्ध महिलाओं किशोरियों से वार्ता कर उनके रहन-सहन, खान-पान, चिकित्सा एवं उनको दिलाये जा रहे रोजगारपरक प्रशिक्षण सिलाई-कढ़ाई आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी। अंशु कारापाल द्वारा अवगत कराया गया कि रोजगारपरक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रयास किया जा रहा है जल्दी ही किसी स्वयं सेवी संस्थान द्वारा रोजगार परक प्रशिक्षण प्रारम्भ करा दिया जायेगा। बन्दी महिलाओं द्वारा वार्ता में मा. अध्यक्ष महोदया को बताया गया कि उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है एवं आवश्यक दवायें भी समय पर दी जा रही हैं। अध्यक्ष महोदया द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता से विधिक सहायता से वंचित महिलाओं के प्रकरणों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करने हेतु निर्देश दिये गये है। महिला जिला कारागार में वर्तमान में सुरक्षा कर्मचारी पर्याप्त एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। निरीक्षण के समय ब्रजेन्द्र सिंह अधीक्षक, ऋत्विक प्रियदर्शी जेलर, मृत्युंजय पाण्डेय जेलर, सुरेन्द्र मोहन सिंह जेलर, सुनील दत्त मिश्रा जेलर, अंशु, सुमन डिप्टी जेलर आदि उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## कानपुर क्षेत्र के 03 सेतुओं हेतु 04.81 करोड़ आवंटित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राज्य सरकार द्वारा राज्य योजना सामान्य के अन्तर्गत कानपुर क्षेत्र के 03 सेतुओं के चालू निर्माण कार्यों हेतु 04 करोड़ 81 लाख 49 हजार की धनराशि जारी कर दी गयी है। इन 03 चालू सेतुओं में कानपुर नगर, इटावा व औरैया के 01-01 कार्य सम्मिलित है। इन 03 चालू कार्यों में कानपुर नगर में गढ़ेपुर ताजपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त लघु सेतु 3 गुणे 5 मी स्पान के पुनः निर्माण कार्य हेतु 01 करोड़ 19 लाख 52 हजार, इटावा में यमुना नदी नवादाचकनगर मार्ग पर ग्राम कंधेसी धाट के निकट सेतु हेतु 82 लाख 28 हजार तथा औरैया में कस्बा दिबियापुर में बिलराया पनवाड़ी मार्ग के किमी-291 में लोअर गंगा कैनाल पर बाक्स कल्वर्ट लघु सेतु का निर्माण कार्य हेतु रू0 02 करोड़ 79 लाख 69 हजार कुल धनराशि 04 करोड़ 81 लाख 49 हजार की धनराशि निर्गत कर दी गयी है। जारी शासनादेश में निर्देश दिये गये हैं कि कार्य की विशिष्टियां, मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप ही धनराशि व्यय कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाय।

## अग्निवीर पुरूष की भर्ती 19 जनवरी तक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ मुख्यालय लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर व कॉलेज के एएमसी स्टेडियम सेंटर में अग्निवीरों की भर्ती पुरूष 10 जनवरी से 19 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है जिसमें 20 जनवरी से 22 जनवरी तक मेडिकल के लिए आरक्षित है। इसमें 13 जनपदों के 10778 अभ्यर्थी शामिल होंगे। कर्नल व निदेशक अजय पाटियाल ने बताया कि10 जनवरी को कानपुर नगर जिले के कानपुर, घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर तहसील के लिए, 11 जनवरी को फतेहपुर जिले के बिंदकी, फतेहपुर, खागा तहसील और जनपद गोण्डा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तहसील, 12 जनवरी को कन्नौज जिले के छिबरामऊं, कन्नौज, तिर्वा और हसेरन तहसील और हमीरपुर, राठ, सेरीला और मौदहा तहसील के लिए, 13 जनवरी को लखनऊ के मलिहाबाद, बख्शी का तालाब, लखनऊ, मोहनलालगंज और सरोजिनी नगर तहसील, और उन्नाव जिले के अंतर्गत सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ तहसील, 14 जनवरी को कानपुर देहात के रसूलाबाद, डेरापुर, अकबरपुर, सिकंदरा, मैथा और भोगनीपुर तहसील और महोबा जिले के कुलपहाड़, चरखारी और महोबा तहसील के लिए, 15 जनवरी को औरैया जिले के अंतर्गत बिघूना, औरैया, अजीतमल तहसील और बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसील के लिए और 16 जनवरी को बाराबंकी जिले के तहसील फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरसौली गौसपुर, रामसेनहीघाट, हैदरगढ़ के लिए और चित्रकुट जिले के कर्वी, मऊ मानिकपुर, और राजापुर तहसील के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी भर्ती का आयोजन किया गया है।

# विश्व हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

## हिन्दी के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है : राज बहादुर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा विश्व हिन्दी दिवस समारोह के शुभ अवसर पर आज संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार लखनऊ में पूर्वाह्न 11 बजे से किया गया।इस अवसर पर डॉ सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ सुधाकर अदीब, डॉ कैलाश देवी सिंह, सूर्यकान्तका स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर राज बहादुर निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि हिन्दी के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है। हिन्दी भाषा को विश्व के विभिन्न देशों में प्रचार-प्रसार में गिरमिटिया मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मॉरीशस, सूरीनाम में गिरमिटिया मजदूरों ने हिन्दी भाषा को सम्पन्न और समृद्ध किया। प्रवासी भारतीयों ने हिन्दी भाषा व संस्कृति को बढ़ाने में अपना बहुत योगदान दिया है। वैश्विक चेतना के कारण भी हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार हो रहा है। अप्रवासी भारतीयों ने विदेशों में हिन्दी भाषा, संस्कृति व साहित्य को काफी बढ़ावा दिया है। विदेशी लेखकों व भाषा विद्वानों ने अनुवाद, कोशकारिता, पत्रकारिता, व्याकरण द्वारा भी हिन्दी को समृद्ध किया। विश्व स्तरपर आज हिन्दी की अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। हिन्दी की महत्ता व्यापार के बढ़ने से भी काफी प्रचलित हो रही है।इस अवसर पर डॉ सुधाकर अदीब ने कहा कबीर, सूर, तुलसी, बिहारी, मीरा, मतिराम, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, दिनकर जैसे ऋषि तुल्य कवियों, कवयित्रियों ने भक्ति साहित्य को सुशोभित किया। आज हिन्दी भाषा निरन्तर समृद्ध होती जा रही है। विश्व स्तर पर हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। विश्व में बौद्धिक सम्पदा के रूप में हमारे तकनीकी, शिक्षा, प्रबन्धन, कम्प्यूटर के विशेषज्ञ हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। विदेशी लेखकों ने भी अनुवाद के माध्यम से हिन्दी को बढ़ावा दिया है। भारत में प्रदेशों की साहित्यिक अकादमियों व संस्थाओं द्वारा भी हिन्दी भाषा को बढ़ाने व प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है। हिन्दी भाषा का भविष्य उज्ज्वल है।इस मौके पर डॉ कैलाश देवी सिंह ने कहा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिन्दी सम्मेलनों को प्रारम्भ किया गया। विश्व भाषा के रूप में उसी भाषा को मान्यता मिल सकती है, जिसमें मानव चेतना के तत्व विद्यमान हो। विश्व में हिन्दी का स्थान तीसरा है। अनेक देशों के विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा पढ़ाई जा रही है। विश्व में हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में प्रवासी लेखकों, साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 19 वीं व 20 वीं शताब्दी में विदेशों में हिन्दी भाषा के क्षेत्र में अनुवाद व व्याकरण के माध्यम से प्रसार हुआ। विदेशी साहित्यकारों, लेखकों ने हिन्दी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। विदेशों में कबीर व सूरदास के भक्ति साहित्य को प्रमुखता से सराहा गया तथा इस विधा में काफी कार्य किया गया। प्रवासी लेखकों, साहित्यकारों ने विदेशों में हिन्दी में पत्रिका का प्रकाशन कर हिन्दी भाषा का काफी प्रचार-प्रसार किया है।डॉ सूर्यकान्त ने कहा जीवन्त भाषा वह है, जो हर क्षेत्र में अपना विस्तार करती चले। आज हिन्दी चिकित्सा के क्षेत्र में अपना स्थान बना रही है। चिकित्सा की पुस्तकें हिन्दी में भी प्रकाशित हो रही हैं। आज आवश्यकता है कि हिन्दी के साथ-साथ अन्य विषय-विशेषज्ञों को भी हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए जोड़ना होगा। आज हम सब का यह प्रयास होना चाहिए कि हिन्दी बहुआयामी भाषा बनाना होगा। हिन्दी को जनमानस के मध्य में प्रचार-प्रसार करना होगा। भाषा को समृद्ध बनाने के लिए उसका सरल होना आवश्यक है। राज बहादुर निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने संस्थान द्वारा संचालित की जाने वाली योजनाओं व साहित्यकारों को प्रदान किये जाने वाले सम्मानों व पुरस्कारों के बारे में विस्तार से बताया। हिन्दी संस्थान निरन्तर हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के प्रति समर्पित है।

# चालकों व परिचालकों के मानदेय में क्रमशः 09 और 07 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी




**संविदा चालको, परिचालकों को 01 जनवरी से मिलेगा बढ़ा मानदेय : दयाशंकर**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने आज बताया कि पहली जनवरी से राज्य परिवहन निगम के संविदा चालकों,परिचालकों को पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान राज्य परिवहन निगम द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चालकों के मानदेय में 09 प्रतिशत एवं परिचालकों के मानदेय में 07 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। वर्तमान समय में चालकों एवं परिचालकों को 1.89 रूपये प्रति किमी की दर से मानदेय मिल रहा था जिसे बढ़ाकर क्रमशः 2.06 रूपये प्रति किमी एवं 2.02 रूपये प्रति किमी कर दिया गया है अर्थात चालकों के मानदेय में 17 पैसे प्रति किमी एवं परिचालकों के मानदेय में 13 पैसे प्रति किमी की वृद्धि की गयी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि नोयडा क्षेत्र के नगरीय सेवाओं एवं ग्रामीण सेवाओं के अलावा एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कौशाम्बी, साहिबाबाद एवं लोनी डिपो के चालक, परिचालक, गोरखपुर क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित सोनौली, सिद्धार्थनगर एवं महराजगंज डिपो के संविदा चालक के अंतर्गत उपनगरीय सेवाओं के चालक परिचालक के मानदेय यथावत रखे गये हैं। नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरन्तर सेवा एवं परिचालकों को 04 वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। इसके लिए वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं 66000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना जरूरी है। इसके पूर्व लागू नवीन उत्कृष्ट योजना में 78000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना प्राविधानित था। 12000 किमी की दूरी की सीमा कम की गयी है। इसके अतिरिक्त उस वित्तीय वर्ष में कोई दुर्घटना घटित न हुई हो।

## सपा की महिला विधायक से अभ्रदता करने वाला तथाकथित भाजपा नेता गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कानपुर में सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न पर जीतकर आईं महिला विधायक नसीम सोलंकी का तथाकथित भाजपा नेता धीरज चड्ढा ने दूसरी बार अपमान किया। मामले में पुलिस ने सपा विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाला तथाकथित भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। देर रात सपा कार्यकर्ताओं ने थाने में धरना प्रदर्शन कर भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस उपायुक्त सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि समाजवादी विधायक नसीम सोलंकी को फोन पर धमकी देने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने के प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार सुबह आरोपी धीरज चड्ढा को पुलिस हिरासत में लिया गया है। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। तथाकथित भाजपाई और विधायक के बीच बातचीत के दो ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसमें महिला विधायक से अभद्र भाषा में बात की है। धीरज चड्ढा की दो ऑडियो क्लिप वायरल हो रही हैं, जिसमें वह जनप्रतिनिधि से असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इससे पहले भी एक आडियो क्लिप वायरल हुई थी। इसमें धीरज ने नसीम सोलंकी से अभद्र भाषा में बात की थी। तब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी।

# सपा विधायक रमाकांत संग 15 सदस्य अंतरराज्यीय गैंग में सूचीबद्ध

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा विधायक रमाकांत यादव और उसके 15 सदस्यों को हत्या और अपमिश्रित देसी शराब बनाकर लाइसेंसी देसी शराब की दुकान पर बेचने जैसे जघन्य अपराध में सूचीबद्ध किया गया है।यह कार्रवाई आठ जनवरी को की गई है। रमाकांत यादव दीदारगंज थाना क्षेत्र के चकगंज अलीशाह सरावां गांव के निवासी हैं।रमाकांत यादव द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियों से अधिक धन कमाने के उद्देश्य से आजमगढ़, जौनपुर व लखनऊ में हत्या व अपमिश्रित शराब बनाकर लाइसेंसी देसी शराब की दुकान पर बेचने आदि जैसे जघन्य अपराध किया गया है। गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश के लिए गैंग को आईएस अंतरराज्यीय गैंग स्तर पर सूचीबद्ध किया गया है।इसका कोड नं. आई एस-133/2025 होगा। इसमें जौनपुर के खुटहन थाना क्षेत्र के परतहिया गांव निवासी रंगेश यादव, दीदारगंज थाना क्षेत्र के गुवाई गांव निवासी सूर्यभान, चकगंज अली निवासी पुनित कुमार यादव, पंकज यादव, अहरौला थाना क्षेत्र के समसल्लीपुर गांव निवासी रामभोज, फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के उतपुर गांव निवासी अशोक यादव, काशीपुर थाना चौक विशेश्वरगंज जनपद वाराणसी जो वर्तमान में खालिपुर चौकी सरायमोहना थाना सारनाथ जनपद वाराणसी और जोयंता कुमार मित्रा निवासी मोहल्ला 71/5 डाक्टर नील मोनी सरकार स्ट्रीट थाना बारानगर जनपद उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल का नाम शामिल है।

# फार्महाउस में काम करने गयी नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर झूठे मुकदमे में फंसाने के आरोपी को सैरपुर पुलिस ने किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन सैरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फार्म हाउस में काम करने गई नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर झूठे मुकदमे में फंसने के आरोपी को सैरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि वादिनी द्वारा स्वयं की पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष के साथ अभियुक्त कृष्णा दहाल शर्मा पुत्र टीकाराम दहाल शर्मा मूल निवासी ग्राम अजरगुड़ी पोस्ट रंगा चकुआ थाना जामुगुरी हॉट जिला तेजपुर राज्य असम हाल पता म0न0 19/239 सेक्टर 19 इन्दिरानगर थाना इन्दिरानगर जनपद लखनऊ द्वारा वादिनी की नाबालिक पुत्री से दुष्कर्म करने व अभियुक्तगण विवेक वर्मा व अर्चना शर्मा द्वारा अभियुक्त कृष्णा का सहयोग करने व विपक्षीगण द्वारा वादिनी को झूठे मुकदमे में फँसाने व जान से मरवा देने की धमकी देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था।सैरपुर पुलिस ने थाना पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 64/61(2)/351(3) बी0एन0एस0 व 3(2)5 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना सैरपुर लखनऊ बनाम (1) कृष्णा पुत्र अज्ञात निवासी इन्दिरानगर जनपद लखनऊ (2) विवेक वर्मा पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्त कृष्णा वाछित चल रहा था। वहीं पुलिस सहायक पुलिस आयुक्त से प्राप्त हुकुम तहरीरी के अनुपालन में थाना सैरपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त कृष्णा दहाल शर्मा पुत्र टीकाराम दहाल शर्मा मूल निवासी ग्राम अजरगुड़ी पोस्ट रंगा चकुआ थाना जामुगुरी हॉट जिला तेजपुर राज्य असम हाल पता म0न0 19/239 सेक्टर 19 इन्दिरानगर थाना इन्दिरानगर लखनऊ उम्र करीब 31 वर्ष को ग्राम दुग्गौर फार्महाउस के पहले थाना क्षेत्र सैरपुर लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। वहीं अभियुक्त कृष्णा दहाल शर्मा पुत्र टीकाराम दहाल शर्मा मूल निवासी ग्राम अजरगुड़ी पोस्ट रंगा चकुआ थाना जामुगुरी हॉट जिला तेजपुर राज्य असम हाल पता म0न0 19/239 सेक्टर 19 इन्दिरानगर थाना इन्दिरानगर जनपद लखनऊ को मुकदमा उपरोक्त के जुर्म से अवगत कराते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## खुर्रमनगर फ्लाईओवर की एक लेन पर ट्रैफिक शुरू, इंदिरा नगर की तरफ वाली लेन पर यातायात प्रारंभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। खुर्रम नगर फ्लाईओवर की एक लेन पर शुक्रवार सुबह 11:30 बजे ट्रैफिक शुरू हो गया। रक्षा मंत्री और सांसद राजनाथ सिंह के प्रतिनिधि व पूर्व आईएएस दिवाकर त्रिपाठी और लोक निर्माण विभाग नेशनल हाईवे विंग के अधिशासी अभियंता राजकुमार पिठौलिया ने औपचारिक रूप से फ्लाईओवर पर ट्रैफिक का शुभारंभ कराया। उससे पहले फ्लाईओवर का निर्माण करने वाली संस्था विजय कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष वैश्य ने फ्लाईओवर पर पूजन किया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पिठौलिया ने बताया कि दूसरी लेन पर भी आवागमन 28 जनवरी तक शुरू कर दिया जाएगा।

## शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन अलीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत गल्ला मण्डी परिसर के अन्दर नवीन गल्लामण्डी में शराब पीकर आपस मे लड़ाई झगड़ा कर शान्ति व्यवस्था भंग करने वाला अभि0 संतोष जायसवाल पुत्र हंसराज जायसवाल नि0 538/1811 कंचनपुरम त्रिवेणीनगर 2 उम्र करीब 27 वर्ष को धारा-170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। वहीं अलीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि अभि0गण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाहीं की गई है।

# बीकेटी हाईवे किनारे युवक के मुंह में कपड़ा ठूंस की गई हत्या, पुलिस कर रही जांच पड़ताल





जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाइवे किनारे देवरी रुखारा अंतर्गत परचून की दुकान के ऊपर सो रहे युवक के मुंह में कपड़ा ठूंस व हांथ पैर बांधकर उसकी हत्या कर दी गई। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी। वहीं पुलिस के मुताबिक, लखनऊ के अलीगंज निवासी अंकित वर्मा (25) अपनी बुजुर्ग 70 वर्षीय मां अनिता वर्मा के साथ लखनऊ सीतापुर हाइवे किनारे स्थित देवरी रुखारा गांव अंतर्गत बुआ के घर में रहते थे। वहीं अंकित दूर के रिश्तेदार बीके रस्तोगी के मुस्कान क्लीनिक में साफ सफाई करने का काम करता था,मां अनीता वर्मा ने बताया कि ब्रहस्पतिवार की रात्रि करीब 10 बजे घर से खाना खाने के बाद पास में ही स्थित किराना की दुकान में सोने के लिए गया था। वहीं किराना दुकान संचालक त्रिभुवन प्रसाद मौर्य ने बताया कि अंकित कभी कभार उनके दुकान की छत पर सोने के लिए आता था, उन्होंने बताया कि करीब नौ बजे रात में वह दुकान बंद कर नीचे सोने के लिए चले गए थे, सुबह करीब सात बजे वह बाहर आए और आग जलाकर छत पर अंकित को जगाने के लिए ऊपर गए तो उसके ऊपर रजई पड़ी थी, रजई हटाकर देखा तो अंकित के मुंह में कपड़ा ठूंसा था और पीछे से दोनों हांथ व पैर एक साथ बंधे थे,जिसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एडीसीपी जितेन्द्र कुमार दुबे व पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल शुरू की तथा फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं।

# आपरेशन कन्विक्शन लखनऊ पुलिस व अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से अप गैंगस्टर एक्ट से संबंधित एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**न्यायालय ने धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट इटौंजा से सम्बन्धित एक आरोपी को 3 वर्ष के कारावास व 5,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया**

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त व संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व अपराधियों को न्यायलय मे अधिकाधिक सजा कराये जाने के दृष्टिगत न्यायालय मे सघन पैरवी के क्रम में पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) के कुशल पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी के निर्देशन में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के नेतृत्व में इटौंजा थाना के पैरोकार का0 संजीव कुमार यादव के द्वारा अथक प्रयास व प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय ए0एस0जे0 पंचम लखनऊ के निर्णायक फैसला दिनांक 11.12.24 सम्बन्धित वाद सं0-149/98 मु.अ.सं.-240/97 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना इटौंजा लखनऊ सम्बन्धित अभियुक्त गोविन्द पासी पुत्र नन्हकू पासी निवासी ग्राम भड़सर थाना इटौंजा को दोषसिद्ध करते हुए 3 वर्ष का कारावास व 5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया हैं। पुलिस ने बताया कि अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ पाने के लिए परेशान हो रही महिलाएं

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के सिंहपुर विकासखंड में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के लिए तैयारियां अभी अधूरी हैं।इस योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने पर महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।लेकिन आंगनबाड़ीकार्यकर्ताओं की तकनीकी समस्याओं और प्रशिक्षण की कमी के कारण लाभार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अभी तक योजना के लिए आवश्यक आइडी और पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।जिन कार्यकर्ताओं को आइडी और पासवर्ड मिल गए हैं,वे पंजीकरण प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं।जिससे काम में देरी हो रही है।और गर्भवती महिलाएं योजना का लाभ पाने के लिए परेशान हो रही हैं।



प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभार्थियों को एक हजार रुपये पंजीकरण के समय,दो हजार रुपये गर्भावस्था के छह महीने बाद प्रसव पूर्व जांच कराने पर, तीन हजार रुपये बच्चे के जन्म के बाद टीकाकरण चक्र शुरू होने पर दिए जाते हैं।तथा दूसरे प्रसव में 6,000 रुपये लड़की के जन्म पर महिला के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं।सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम ने जानकारी दी है,कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आइडी और पासवर्ड जल्द ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं।सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पंजीकरण प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।पात्र लाभार्थियों को जल्द से जल्द योजना का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सक्रिय किया जाएगा।

योजना का उद्देश्य महिलाओं को गर्भावस्था और मातृत्व के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान करना है। लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तैयारी अधूरी होनेके कारण महिलाएं लाभ से वंचित हो रही हैं।महिलाओं ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने और प्रक्रिया को जल्द शुरू करने की मांग की है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।हालांकि तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं को दूर करना आवश्यक है ताकि योजना का लाभ सही समय पर पात्र महिलाओं तक पहुंच सके।

# तापमान पांच डिग्री लुढ़का, गलन से बढ़ी ठिठुरन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सर्दी थमने का नाम नहीं ले रही है। सितम ऐसा है कि न दिन में चैन और न रात में राहत है। न्यूनतम तापमान पांच डिग्री गिरने से रात में कड़ाके की सर्दी रही। पाला गिरने से आलू और सब्जी की फसल को नुकसान हो रहा है। किसान फसल बचाने के लिए खेतों में पसीना बहा रहे हैं।

बृहस्पतिवार को सुबह हल्का कोहरा पड़ा और सुबह छह से सात बजे तक अधिक गलन रही। दोपहर में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली। हवा की रफ्तार कम होने से दिन में सर्दी कम रही। रात में सर्द हवा से गलन बढ़ने लगी। इधर पांच दिन से न्यूनतम तापमान बराबर बढ़ रहा था और अधिकतम तापमान कम हो रहा था तो बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहे।



अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री रहा। बुधवार को न्यूनतम तापमान 10.5 था। इंदिरा गांधी उड़ान अकादमी फुरसतगंज के मौसम विशेषज्ञ दीतेंद्र सिंह ने बताया कि हवा बदलने से न्यूनतम तापमान में कमी आई है। गलन भी बढ़ी है। रात में हल्का पाला गिर रहा है।

विज्ञापन

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बनेंगे 24 बंकर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष नजर रखी जाएगी। इसके लिए हाईवे समेत अन्य मार्गों पर 24 मोर्चा पोस्ट (बंकर) बनाए जाएंगे। इन बंकरों में सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी।

रायबरेली के अलावा लखनऊ, अमेठी, बाराबंकी, सुल्तानपुर के श्रद्धालुओं का प्रयागराज आना जाना होगा। महाकुंभ को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से तैयारियां तेजी से चल रही हैं। खासकर सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे के अलावा बांदा-बहराइच मार्ग, डलमऊ-ऊंचाहार मार्ग समेत अन्य मार्गों पर 24 मोर्चा पोस्ट बनाने का निर्णय लिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर चुरुवा बार्डर, बछरावां चौराहा, त्रिपुला चौराहा, रतापुर चौराहा, सिविल लाइंस चौराहा, दरियापुर चौराहा, जगतपुर कस्बा, नवाबगंज, चडरई चौराहा, बटोही तिराहा, ऊंचाहार कस्बा, सबीसपुर बार्डर, सूची चौराहा, अगई बार्डर, सरेनी, दो सड़का, सरेनी, गांधी चौराहा, डलमऊ तिराहा लालगंज, गुरुबख्शगंज, गंगापुल बैरियर, पूरे गडेरियन मोड़, दीनगंज, गयादीन मौर्या पब्लिक स्कूल मोड़ पर मोर्चा पोस्ट बनाने का निर्णय लिया गया है।

मोर्चा पोस्ट की ऊंचाई चार फिट रखी गई है। मिट्टी से भरी बोरियों को लगाकर मोर्चा पोस्ट बनाए जा रहे हैं। इन मोर्चा पोस्ट में 24 घंटे सशस्त्र पुलिस कर्मियों की तैनाती होगी। तीन शिफ्टों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

श्रद्धालुओं को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए हाईवे पर 11 स्थानों पर होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। यदि जाम लगता है तो वाहनों को इन होल्डिंग एरिया पर खड़ा करा दिया जाएगा। इन होल्डिंग एरिया की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

# जनता के साथ अन्याय कर रहे अधिकारी

## सेंट्रल बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बीजेपी एमएलसी का छलका दर्द

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बीजेपी के विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र सिंह ने मंच से अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल खड़े किए हैं।उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले में ऐसे अधिकारी हैं,जो उच्चाधिकारियों के निर्देश का हवाला देकर बात नहीं सुनते हैं।उन्होंने पीड़ितों के साथ अधिकारियों पर न्याय न देने का आरोप लगाया है। वहां मौजूद डीएम और एडीएम का ध्यानाकर्षण कराने का प्रयास भी किया।शुक्रवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बीजेपी एमएलसी शैलेन्द्र सिंह का दर्द छलक पड़ा।उन्होंने सार्वजनिक मंच से अधिवक्ताओं एवं वहां मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां एक एसडीएम हैं,जो फोन करने पर कभी डीएम साहब का नाम ले लेते हैं,कभी एडीएम साहब का नाम ले लेते हैं।कभी पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों का नाम ले लेते हैं।कहते हैं कि उनका फोन आया है,तो इसलिए हम ऐसा कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि जो जिस सीट पर बैठा है,उसको अपने हिसाब से उचित निर्णय लेना चाहिए।एक प्रकरण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमने एडीएम साहब के पास एक पीड़ित महिला किरण सिंह के पति को भेजा।तब एडीएम साहब ने कहा कि मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।हमने किसी को कोई फोन नहीं किया था। उन्होंने आगे कहा कि एक महिला एसडीएम साहब के न्यायालय में जा रही है।एसडीएम असलम साहब कोई कागजात नहीं दे रहे हैं। जिलाअधिकारी की तरफ संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि मेरी जिज्ञासा है कि क्या यह उचित है ? या अनुचित ? इससे मुझे अवगत कराया जाए? क्या कोई भटक रहा है, तो उसे कागजात मिलेंगे या नहीं मिलेंगे।यह भी एक बड़ा सवाल है।उसे क्यों निर्माण नहीं करने दिया जा रहा है? दोनों बिंदुओं पर आप लोग जांच कराएं। पत्रकारों ने जब विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र सिंह से पूछा तो उन्होंने कहा कि अभी हमने दो मामलों का उदाहरण दिया।जिसमें एक मामला टांडा ग्राम सभा का है। यह भाले सुल्तान थाना क्षेत्र का एक गांव है।दूसरा मामला जामो थाना क्षेत्र के चिटहौला गांव का है।दोनों मामलों में प्रशासन द्वारा नाजायज काम किया गया है।उनके साथ उत्पीड़न हुआ।दो को छोड़ दिया गया है।और दो को जेल भेज दिया गया। इस बारे में हमने प्रशासन से उचित जांच करने की मांग किया है।उन्होंने आगे कहा कि टांडा गांव की किरन सिंह दर-दर भटक रही है। उसकी जमीन है फिर भी निर्माण नहीं कर पा रही है।न्यायालय जाती है,जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट असलम उसको कुछ भी बताने के लिए तैयार नहीं है।कहते हैं जब तारीख पड़ेगी,तब बताएंगे।उन्होंने कहा कि यदि किरन सिंह प्रश्नोत्तरी के माध्यम से यह जानकारी चाहती हैं कि स्टे है कि नहीं है,तो इसे उनको उपलब्ध कराना चाहिए।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आगे यह लोग सब ठीक हो जाएंगे,जो मन में पीड़ा थी,आज उसको मैंने व्यक्त किया। जब मीडिया ने उनसे पूछा कि आप भी मानते हैं कि अमेठी में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है !तो उन्होंने कहा कि सब की बात मैं नहीं कर रहा हूं,जो मैंने दो उदाहरण दिया है। उसी से अधिकारी लोग सजग हो जाएंगे और पूरे जनपद में ईमानदारी से काम करेंगे। बताते चलें कि शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सेंट्रल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।सेंट्रल बार एसोसिएशन कार्यकारिणी में अध्यक्ष समेत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र सिंह, जिलाधिकारी और अधिवक्ता शामिल हुए।जिलाधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी सफलता की ओर अग्रसर हो।इसके साथ ही सभी वादकारियों को न्याय मिल सके,यही सबकी जिम्मेदारी होनी चाहिए।अपनी शपथ का एक-एक शब्द अधिवक्ता जन सेवा में लगाएं।यही हमारी आशा है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भी सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी और हमेशा अधिवक्ताओं के साथ खड़े रहने की बात कही।



# नए सर्किल रेट से 25 फीसदी महंगी होगी जमीन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिले में प्रापर्टियों के मूल्य 25 प्रतिशत बढ़ा दिए गए हैं। डीएम के अनुमोदन के बाद नया सर्किल रेट इसी सप्ताह लागू कर दिया जाएगा। इससे बैनामा कराने वालों को बड़ा झटका लगेगा।

शहर व नगर पंचायतों से सटे करीब 50 गांवों को विकासशील क्षेत्रों में शामिल कर दिया गया है। विकासशील क्षेत्रों में बैनामा कराना अब ज्यादा महंगा होगा। 16 बिस्वा तक जमीनों का बैनामा अब तक कृषि की श्रेणी में हो जाता था, लेकिन अब इसका बैनामा आवासीय श्रेणी होगा। ऐसे में क्रेताओं को करीब दूना स्टांप शुल्क देना होगा।

जिले में जमीन के रेट सरकारी मूल्य की तुलना में बाजारी मूल्य दूने से भी अधिक हैं। ऐसे में सरकार को राजस्व कम मिल पा रहा था। इस अंतर को दूर करने के लिए शासन की मंशा पर इस बार 20 से 25 प्रतिशत तक सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव पास किया जा रहा है। प्रस्ताव से संबंधित सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। एडीएम के बाद डीएम के स्तर से अनुमोदन मिलते ही इसी सप्ताह नया सर्किल रेट लागू कर दिया जाएगा।




शहर के दाउदनगर, गढ़ी खास, किशुनपुर रामचंदर, भांव, चकनिजाम, उफरामऊ, धुन्नी सिंह नगर, डलमऊ के मधुकरपुर और महराजगंज के समसपुर हलोर में पुराना सर्किल रेट रखने की मांग की गई, लेकिन व्तावसायिक गतिविधियां अधिक होने के कारण आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है। इन क्षेत्रों को विकासशील क्षेत्र में ही शामिल किया गया है। यहां बैनामा कराना अब काफी महंगा होगा। वर्तमान समय में पुराने सर्किल रेट पर बैनामे हो रहे हैं। अधिक खर्च से बचने के लिए दिसंबर माह में लोगों ने खूब बैनामा कराए। दिसंबर माह में जिले में 19.85 करोड़ का लक्ष्य अर्जित करने का टॉरगेट दिया गया था। इस लक्ष्य के सापेक्ष दिसंबर माह में जिले में 20.19 करोड़ की आय अर्जित की गई। यह लक्ष्य के सापेक्ष 101.72 प्रतिशत है। जनवरी माह में भी बैनामों की संख्या काफी है।

> नए सर्किल रेट को लेकर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 25 फीसदी तक जमीनों की कीमतों को बढ़ाया गया है। इसी सप्ताह नया सर्किल रेट लागू कर दिया जाएगा।
>
> – बृजेश पाठक, उप निबंधक सदर

# महाकुंभ में खुला एम्स का मिनी अस्पताल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में एम्स की ओर से मिनी अस्पताल संचालित हो गया है। जांच के लिए अत्याधुनिक मशीनों के साथ ही 10 बेड के वेंटिलेटर युक्त आईसीयू भी स्थापित कराया गया है। ओपीडी में रोजाना 100 से 150 श्रद्धालुओं को चिकित्सीय सलाह देने का काम शुरू किया गया है। एम्स के अधिशासी निदेशक प्रो. अरविंद राजवंशी ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया। महाकुंभ मेला अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ. सुयश सिंह ने बताया कि मेला परिसर में मिनी अस्पताल संचालित करा दिया गया है। पैथोलॉजी में नियमित रक्त जांच, जमावट प्रोफाइल, सुगर, संक्रामक रोग जांच, यकृत, गुर्दे और दिल से संबंधित जांच शुरू कर दी गई है। नियमित और आपातकालीन सेवाएं भी शुरू की गई हैं।

# शटल सेवा की आठ बसें महाकुंभ पहुंचीं

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रयागराज महाकुंभ में शटल सेवा में शामिल रायबरेली डिपो की आठ बसों को बृहस्पतिवार को रवाना कर दिया गया। शाम को बसें प्रयागराज पहुंच गईं। ये बसें बेलाकछार फाफामऊ से संगम घाट से पहले बने स्थलों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाएंगी। प्रभारी बने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक दिनेशचंद्र श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को फाफामऊ पहुंचकर अस्थायी बस स्टेशन की व्यवस्थाओं को पूरा कराया।

महाकुंभ में जिले की 61 बसों को लगाया है। इसमें आठ बसें शटल सेवा के अलावा 13 बसें गोरखपुर से संचालित होंगी। 40 बसों को जिले से महाकुंभ में संचालित किया जाना है। शासन की मंशा पर शटल सेवा में लगी रायबरेली डिपो की आठ बसों को बृहस्पतिवार को प्रयागराज के लिए रवाना कर दिया गया।



ये बसें मेला परिसर में ही श्रद्धालुओं को यात्रा कराएंगी। निगम ने रायबरेली डिपो की 13 बसों को गोरखपुर के गगहा से झूंसी तक संचालित कराने का निर्देश दिया हैं। ये बसें 11 जनवरी को गोरखपुर के लिए रवाना होंगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने फाफामऊ पहुंचकर बृहस्पतिवार को व्यवस्था को देखा। मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रायबरेली दिनेशचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मेले के दौरान हाईवे या अन्य सड़कों पर बसों को खड़ी करके यात्रियों को उतारने व बैठाने पर रोक लगाई गई है। बसों को रूटों के किनारे खड़ा कर सवारियां उतारी या बैठायी जाएंगी। बसों की वजह से जाम की समस्या होने पर संबंधित चालकों पर कार्रवाई होगी। जिले से 40 बसों को महाकुंभ में चलाया जाएगा।

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के लिए सज रही अयोध्या, आयोजन में ये होंगे कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के लिए नगर को सजाया जा रहा है। आयोजन में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के प्रथम वार्षिकोत्सव प्रतिष्ठा द्वादशी की तैयारियों को अयोध्या में अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम मंदिर के पास मुख्य समारोह स्थल अंगद टीला पर मंच तैयार किया जा रहा है। यहीं पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान 11 जनवरी से 13 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन 11 जनवरी को रामलला का महाभिषेक, श्रृंगार, भोग और प्राकट्य आरती होगी। इसके बाद दोपहर



2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

तीनों दिन अंगद टीला पर रामचरितमानस का पाठ, रामायण प्रवचन, श्रीराम जन्म कथा और सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। रामलला के दर्शनार्थियों के लिए महाप्रसादम का वितरण भी किया जाएगा। इसी कड़ी में श्रीराम राग सेवा और बधाई गान के भी कार्यक्रम होंगे।

प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह के मौके पर तीनों दिन रामलला के सभी आरती पास और विशिष्ट दर्शन पास निरस्त रहेंगे। आरती के समय भी श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। ऐसे में दर्शन अवधि में करीब डेढ़ घंटे की वृद्धि हो जाएगी।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.01.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.01.2025 at 10:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 116/25

# श्रद्धालुओं की सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर जारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

महाकुंभ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी सेवा के लिए नया सीयूजी नंबर जारी कर दिया है। यह मोबाइल नंबर इमरजेंसी चिकित्सा अधिकारी के पास रहेगा। इमरजेंसी के नंबर 7839727338 पर फोन कर किसी भी प्रकार की सूचना का आदान-प्रदान हो सकेगा। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ मेला को देखते हुए जिला अस्पताल के स्तर से श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की व्यवस्था की गई है। इमरजेंसी मोबाइल रिस्पांस टीम बनाने के साथ ही इमरजेंसी में पर्याप्त चिकित्सक व स्टाफ के बंदोबस्त किए गए हैं। नेत्र वार्ड में श्रद्धालुओं के लिए 30 बेड आरक्षित कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि आपातकालीन सेवा के लिए नया सीयूजी नंबर भी जारी कर दिया गया है। इस नंबर से इमरजेंसी से संबंधित सेवाएं आसानी से ली जा सकती है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 23 व प्रदेश परिषद सदस्य के लिए हुए 08 नामांकन

# आम सहमति से चुना जाएगा भाजपा जिलाध्यक्ष : जसवंत सैनी

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज,अमेठी**

भारतीय जनता पार्टी संगठन महापर्व के तहत शुक्रवार को जिलाध्यक्ष पद के लिए 23 व प्रदेश परिषद सदस्य के लिए 08 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।जिला चुनाव पर्यवेक्षक जसवंत सिंह सैनी, औद्योगिक विकास एवं संसदीय राज्यमंत्री और जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय बादल की मौजूदगी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चुनावी प्रक्रिया पूरी की गई।दोपहर 11.00 बजे से शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया 02 बजे तक चली।जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह व जोश देखा गया।भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र की मौजूदगी में जिला चुनाव पर्यवेक्षक व औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा जिलाध्यक्ष पद पर वैचारिक पृष्ठभूमि से जुड़े समर्पित व दो बार सक्रिय सदस्य रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता को आम सहमति से चुना जाएंगा।इससे संगठनात्मकअनुशासन को मजबूती मिलेगी।और योग्य,सक्रिय तथा समर्पित कार्यकताओं को नेतृत्व का अवसर मिलेगा।जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि यह चुनाव पंचायत चुनाव व 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए नेतृत्व तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनावी प्रक्रिया उत्साह के साथ पूरी की गई। जिलाध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने वालों में क्षेत्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष काशी प्रसाद तिवारी,भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला,जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी,जिला महामंत्री भागीरथी मौर्य,सुरेश कुमार त्रिपाठी,दीपचंद कौशल,प्रदीप सिंह गोविंद सिंह,भूपेंद्र मिश्र,शिवनारायण सिंह गिरीश चंद्र शुक्ला,आशा वाजपेई,अशोक कुमार मौर्य,धर्मेश कुमार मिश्रा,धर्मेंद्र गिरी,हेमंत विक्रम सिंह,श्याम मूर्ति यादव, डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेई,मनोज पासी,बृजेश कुमार गुप्ता व प्रदेश परिषद सदस्य पद के लिए रामकृष्ण भारती,नकुल कुमार टंडन गिरीश चंद्र पांडे,हिन्देश सिंह,रामदुलार तिवारी बच्चू लाल यादव,महेंद्र प्रताप सिंह,उपमा सरोज ने नामांकन किया।इस मौके पर प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी,ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना सहित अन्य मंडल अध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।





**गोरखपुर में इनकम टैक्स की रेड तीसरे दिन...**

गोरखपुर में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर रेड लगातार 24 घंटे से जारी है। यह रेड अभी 48 से 72 घंटों तक लगातार होने की संभावना है। क्योंकि, गुरुवार को छापामारी के दौरान टीम को काफी अधिक मात्रा में ज्वैलरी, कुछ कैश और... पढ़ें पेज 08 पर...

# इरफान सोलंकी को सलाखों के पीछे पहुंचने वाले मुख्य गवाह की हार्ट अटैक के बाद मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





शहर के बहुचर्चित सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी आगजनीकेश के मुख्य गवाह विष्णु सैनी की हार्ट अटैक के बाद मौत हो गई। विष्णु इरफान सोलंकी के मुकदमे में मुख्य गवाह थे। इसके साथ ही इरफान सोलंकी के भाई रिजवान और शौकत पहलवान समेत अन्य के खिलाफ जॉर्ज थाने में रंगदारी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गवाह की मौत होने से जिन आरोपियों के खिलाफ अभी सजा नहीं हुई है उन्हें राहत मिल सकती है। ज्ञातव्य होगी कि समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी महिला का घर ठेकने के मामले में जेल में बंद है। इस केस में कल्याणपुर गोवा गार्डन निवासी विष्णु सैनी मुख्य गवाह था। इसके साथ ही विष्णु सैनी ने आरोप लगाया था कि 24 अक्टूबर को जब वह कोर्ट में गवाही देने गया था तो पेशी पर आई इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी शौकत पहलवान समेत अन्य साथ आरोपियों ने गवाही देने पर धमकाया और रंगदारी मांगी थी। इस मामले में रिजवान और शौकत पहलवान समेत अन्य पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। विष्णु सैनी की गवाही से इरफान सोलंकी समेत 12 आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई थी। जिस मामले में इरफान सोलंकी समेत अन्य आरोपियों को सजा हो चुकी है उसमें भी विष्णु ने गवाही दी थी। अन्य आरोपियों के खिलाफ चल रहे ट्रायल में विष्णु की गवाही बाकी थी। विष्णु की हार्ट अटैक के बाद अचानक हुई मौत से आरोपियों को राहत मिल सकती है। वहीं दूसरी तरफ विष्णु ने पेशी के दौरान इरफान के भाई रिजवान सोलंकी और शौकत पहलवान समेत अन्य आरोपियों पर धमकाने और रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराया था। इससे इरफान समेत अन्य आरोपियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। विष्णु सैनी की मौत की जानकारी उसकी पत्नी ने फोन पर दी है अभी तक पुलिस को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। विष्णु सैनी की मौत के बाद अब बाकी आरोपियों की पौ बारा हो गई है।

# केडीए ने चलाया बुलडोजर, 70 करोड़ की जमीन कराई खाली

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर जोन दो के परावर्तन और तहसील कर्मचारियों ने अनैतिक कब्जा के खिलाफ रतनपुर साउथ में बुलडोजर चलाकर कब्जों को खाली कराया है। केडीए मैं 70 करोड रुपए से अधिक कीमत की जमीन खाली कराई है। भविष्य में दोबारा कब्जा करने पर कब्जे दारू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की हिदायत भी दी गई है। आपको बताते चलें केडीए जोन-2 मैं प्राधिकरण स्वामित्व की लगभग 19000 वर्ग मीटर भूमि पर कब्जा हो गया था। इसका बाजार बोले 70 करोड़ और 11 लाख रुपए है। कार्य अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी डॉ रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में कपिली के भूखंड संख्या -232, 233, 305, 309 और 318 अवैध कब्जे के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। भारी पुलिस बल्कि मौजूदगी में बुलडोजर चलाने का विरोध कोई न कर सका। शुक्रवार को चलाए गए अभियान में सहायक अभियंता अतुल राय, अवर अभियंता सीबी पांडे, अर्चना शर्मा, मौजीलाल, रामलाल और रमेश प्रजापति के अलावा पनकी का पुलिस बल भी रहा।

## असहाय बे जुवान संस्था ने मरणासन्न कूकूरी को दिया नया जीवन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**बिठूर।** असहाय बेजुबान संस्था कानपुर शहर में बेजुबान जानवरों को उनका इलाज और उनकी देखरेख कर नया जीवन देने का कार्य कर रही है। अशहाय बे जुवानों के संस्था द्वारा बिठूर में 4 महीने से पीड़ित कूकूरी के पेट में फंसे शिकारी के तार की वजह से मरणासन्न अवस्था को पहुंच गई थी। बीते दिन शुक्रवार को संस्था एवं कुछ समाजसेवियों के सहयोग व कड़ी मशक्कत कर महीने से पीड़ित कूकूरी के पेट में फंसे शिकारी के तार जो शरीर के अंदर तक जा पहुंचा था इसे निकाल कर नया जीवन दान दिया। साथ ही साथ उसका इलाज भी कराया जिसकी वजह से अब कूकूरी स्वस्थ है। संस्था के सदस्य प्रदीप शुक्ला ने कहां कि ऐसी कड़ाके की ठंड में जब इंसान अपना जीवन यापन कर पाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। ऐसे में बेजुबान जानवरों की रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस मौके पर समाजसेवी पत्रकार प्रदीप शुक्ला, आशीष दीक्षित, विजय सिंह ,गणेश मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद आचार्य, चंद्र प्रकाश मिश्रा, सुरेंद्र यादव आदि रहे आम जनमानस ने इन सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया।

## पेट्रोल पंप मैनेजर से लूट करने वालें गैंग को पुलिस ने दबोचा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



पनकी पुलिस ने पेट्रोल पंप के मैनेजर को चाकू मारकर 78 हजार की लूट करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लूट करने वाले तीन आरोपी समेत बैंक के चारों शामिल लुटेरों को भी अरेस्ट किया गया है। लुटेरों के पास से लूट का 18,700 और तमंचा वह कारतूस बरामद हुए हैं।पुलिस ने चारों आरोपियों को कोड के सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक पनकी रतनपुर में कैलाश एनर्जी कॉरपोरेशन पेट्रोल पंप में कल्याणपुर के रहने वाले हीरा प्रसाद मैनेजर हैं। 30 दिसंबर की रात को वह पेट्रोल पंप से 78000 कैश लेकर मालकिन कुसुम लता के घर रतनपुर पहचाने जा रहे थे। मैनेजर हीरा प्रसाद ने बताया कि पनकी मंदिर पार करते ही बाइक सवार तीन लुटेरे पीछे लग गए। बैग काट कर छीन लिया। धक्का देकर उन्हें बाइक से नीचे गिरा दिया इसके बाद कैश लूट कर नौ दो ग्यारह हो गए। घटना में उनके दोनों मोबाइल भी छीन कर भाग गए। उन्होंने राज्यों की मदद से पनकी थाने पर सूचना दी थी। पनकी पुलिस ने अगले दिन 31 दिसंबर को लूट धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी थी। मामले को लेकर पनकी पुलिस द्वारा सीसीटीवी और सर्वेलेंस की मदद से जांच करते हुए बीते दिन शुक्रवार को चार लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए रतनपुर के रहने वाले राहुल उर्फ़ मलखान, मंधना बिठूर के रहने वाले अंकित कमल उर्फ कल्लू, शुभम अग्निहोत्री, और ग ब्लॉक कच्ची बस्ती गोविंद नगर के रहने वाले रवि राजपूत को गिरफ्तार किया। इन सभी से तलाशी में 18700 और दो तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं पूछताछ के दौरान लूट का मास्टरमाइंड राहुल उर्फ़ मलखान ने बताया कि एक सप्ताह रेकी करने के बाद लूट की वारदात को अंजाम दिया था। छात्रों के गैंग ने पनकी में ही एक और लूट की वारदात को अंजाम दिया पुलिस ने उसका भी खुलासा कर दिया है इसके बाद पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## बाइक पर रोमांस करते हुए वीडियो हुआ वायरल, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



हाल ही में गैंगस्टर अजय ठाकुर की गर्लफ्रेंड के बर्थडे पर कारों के काफिले और स्टंट की रेल वायरल होने के बाद अब शुक्रवार को गंगा बैराज रोड से इसी तरह का एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक कपल बाइक पर रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। जी मेरा लगणा नहीं नाले तो तू दूर हो जावे बैकग्राउंड में सॉन्ग बज रहा था। इसमें एक कपल गंगा बैराज बिठूर रोड पर बाइक पर रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर रील वायरल होने के बाद कानपुर पुलिस मनकामे में खलबली मच गई। वीडियो में एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड को गोद में उठा पंजाबी गाने पर गुनगुना रहा है। इसके बाद लड़की को बाइक की टंकी पर बैठकर उसे चलाता दिखाई दे रहा है। यह रील गंगा बैराज से बिठूर रोड की बताई जा रही है। रील में बाइक का नंबर साफ तौर पर देखा जा सकता है। रील सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने नवाबगंज थाने की पुलिस को जांच करने के आदेश दिए हैं। डीसीपी ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर रील बनाने वाले युवक की तलाश की जा रही है। युवक के मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सच्ची खबरों के प्रकाशन का लगातार खामियाजा भगत राम पत्रकार: रवि शंकर



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिला अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के मौके पर न होने पर सिटी मैजिस्ट्रेट राकेश सिंह को दिया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में बताया गया कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ इस देश के भीतर बेचारा बनकर रह गया है। सच्ची खबरों के प्रकाशन का लगातार खामियाजा भुगत रहा है पत्रकार समाज इस कदर भयाक्रांत है कि उसकी कलम सिसक सिसक कर दम तोड रही है।सच लिखने पर दर्जनों पत्रकारों की हत्या हो चुकी है। अभी ताजा खबर छत्तीसगढ़ के पत्रकार की है। जिसकी अपहरण कर कर हत्या कर दी गई । जिला अध्यक्ष ने पत्रकार हितों की सुरक्षा को देखते हुए पत्रकार सुरक्षा कानून अभिलम्ब पूरे देश में लागू करने की मांग की इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भानू सिंह चंदेल, जिला महामंत्री अलोक तिवारी, तहसील प्रभारी राधेश्याम अवस्थी, रवि राठौर, ज्ञानेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र, प्रदीप अवस्थी, सौरभ तिवारी, सिद्धार्थ दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## नौकरी का झांसा देकर युवती को बनाया हवस का शिकार




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ दो युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। वीरता उन्नाव के रहने वाली है जो रोजगार की तलाश में थी। आरोपी दीपक कुशवाहा ने नौकरी दिलाने का अच्छा सा देकर उसे रामादेवी चौराहे बुलाया वहां से दीपक अपने साथी सूरज के साथ युवती को टेंपो में बिठाकर चकरी की ओर ले गया। दिन भर इधर-उधर घूमने के बाद शाम को दोनों आरोपी युवती को जंगल में ले गए। वहां उसके हाथ पैर बांधकर दोनों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और फरार हो गए। पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। गुरुवार को पीड़िता ने महाराजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेज दिया। मेडिकल परीक्षण किए जाने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुड़ गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने पूछताछ की है। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे के अनुसार मामले में दोनों आरोपियों से जांच पड़ताल चल रही है। पड़ताल पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पहल: श्रवण कुमार बन पुलिस बुजुर्गों को ले जाएगी महाकुंभ

### मेडिकल और फूडिंग का इंतजाम भी करेंगे 'बेटे'

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

श्रवण कुमार ने जिस तरह अपने कांधों पर माता-पिता का भार उठाकर उन्हें तीर्थ यात्रा कराई थी। उसी तरह अब कमिश्नरी पुलिस भी अकेले रह रहे शहर के बुजुर्ग व दिव्यांगों को प्रयागराज स्थित महाकुंभ ले जाएगी। कानपुर पुलिस ने इसके लिए खाका भी तैयार कर लिया है। प्लान के तहत 60 साल या उससे अधिक उम्र के ऐसे बुजुर्ग को शहर में अकेले रह रहे हैं या दिव्यांग हैं, तो कानपुर पुलिस ऐसे लोगों के लिए बेटे का फर्ज निभाते हुए संगम तट पर ले जाकर स्नान कराएगी। इसके बाद पुलिस उन्हें सकुशल घर पर छोड़ेगी। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को डॉयल-112 पर फोन करनी होगी। इसके बाद पुलिस इस पूरी जिम्मेदारी को निभाएगी। अधिकारियों के अनुसार डॉयल-112 पर फोन करने पर पुलिस कर्मी पहुंचेंगे।

#### डायल 112 की गाड़ी से लोगों को घर पहुंचाया जाएगा

महाकुंभ जाने के प्लान की जानकारी लेकर उसके अनुसार रोडवेज की बस में बैठाएंगे। रोडवेज स्टाफ और महाकुंभ ड्यूटी पर जा रहे पुलिस कर्मियों की निगरानी में लोगों को प्रयागराज पहुंचाया जाएगा। वहां कानपुर पुलिस के टेंट में ले जाया जाएगा। वहां पहले से मौजूद पुलिस कर्मी आपको संगम के गंगा किनारे तक ले जाएंगे। इसके बाद पुलिस कर्मियों की निगरानी में ही लोगों को शहर वापस लाया जाएगा। खास बात यह है कि बस से झकरकटी बस अड्डे पहुंचने के बाद डायल 112 की गाड़ी से लोगों को घर पहुंचाया जाएगा।

#### मेडिकल और फूडिंग का इंतजाम भी करेंगे 'बेटे'

रोडवेज और मेडिकल विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर कमिश्नरेट के अधिकारी बसों में फर्स्ट एड बॉक्स रखवाएंगे। इसमें वरिष्ठ नागरिकों को होने वाली सामान्य बीमारी की दवाएं भी रखवाई जाएंगी। बसों में समाज सेवियों की मदद से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए कंबल का इंतजाम भी किया गया है। बताते चलें कि शहर में 1 लाख 48 हजार 444 दिव्यांग हैं। वहीं ऑपरेशन सवेरा के अनुसार पुलिस के डाटा में शहर में 1656 पुरुष व 755 महिला वरिष्ठ नागरिक दर्ज हैं।

## आशा वर्करो ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौपा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर नगर। सर्किल की दो दर्जन से अधिक आशा वर्करों ने डीएम कार्यालय बाहर नारेबाजी कर ज्ञापन दिया। शुक्रवार को जिले की सैकड़ों आशा वर्करों ने जिलाधिकारी को संबोधित करते हुए डीएम कार्यालय बाहर ज्ञापन दिया है। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन कानपुर जिला इकाई की जिला अध्यक्ष आशा कुशवाहा ने बताया की प्रदेश में आशा वर्करों से मानदेय हिसाब से अधिक कार्य कराया जा रहा है जिसको लेकर सरकार से ज्ञापन माध्यम से मांग करते हुए प्रदेश की आशा वर्करों के मानदेय वेतन में बढ़ोतरी की जाए। साथ ही हर वर्कर का 20 लाख रुपए दुर्घटना बीमा की सुविधा उपलब्ध हो।,इस दौरान जिला अध्यक्ष आशा कुशवाहा,आशा यूनियन के सह सचिव डॉक्टर राजेश सिंह, संगठना मंत्री राणा प्रताप, रामा देवी, रेखा, सोनम, लालिया,उर्मिला,नीतू, रीता पाल, मनोरमा, सुधा देवी आदि साथ सैकड़ों आशा वर्कर मौजूद रही।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर में सजेती थाना क्षेत्र के मुगलरोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। दोनों बाइक से खेत जा रहे थे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मां-बेटे की मौत के बाद परिवार में कोई नहीं बचा है। क्षेत्र के कैथा गांव निवासी अखिलेश पाल (30) शुक्रवार की सुबह अपनी मां श्यामा पाल (65) पत्नी स्व. बाबूराम पाल को लेकर बाइक से खेतों में जा रहा था। जैसे ही वह मुगलरोड पर कुआं खेड़ा पुलिस चौकी के पास पहुंचा ही था। तभी कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर गए। दोनों को सीएचसी घाटमपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। अखिलेश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके तीन बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि साल भर पहले आज ही के दिन 10 जनवरी को उनके पिता बाबूराम की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। मां-बेटे की मौत के बाद अब परिवार में कोई नहीं बचा है। अखिलेश अभी अविवाहित था और कानपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में काम करता था।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, किदवई नगर कानपुर नगर

पत्रांक: 1069-71/2024-25 दिनांक: 08-01-2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बेसिक शिक्षा परिषद के अन्तर्गत संचालित निम्नलिखित निजी भवन जो जर्जर है जहाँ है जैसी स्थिति में है की नीलामी निम्न विवरण के अनुसार किया जाना है। नीलामी की शर्ते विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है इच्छुक व्यक्ति जो नीलामी में भाग लेना चाहते हैं निम्न तिथि एवं समय पर उपस्थिति होकर नीलामी में भाग ले सकते है। वाद विवाद की स्थिति में नीलामी निरस्त करने का अधिकार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर का होगा। नीलामी सम्बन्धित विद्यालय में होगी।

| क्र0सं0 | नाम विद्यालय | यू-डायस कोड | नीलामी तिथि व दिन | नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय बिनगों का पुराना जर्जर भवन (कम्पोजिट विद्यालय बिनगवॉ परिसर) | 09341700426 | 16-01-2025 दिन बृहस्पतिवार | प्रात: 11:30 बजे |

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
किदवई नगर कानपुर नगर।
अध्यक्ष- नीलामी समिति


## ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में संकल्प दिवस समारोह आयोजित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में %संकल्प दिवस% समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम कानपुर के सचिव परमपूज्य - आत्मश्रद्धानंद जी महाराज ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम कानपुर के सचिव परमपूज्य आत्मश्रद्धानंद जी महाराज ने छात्र-छात्राओं का उद्बोधन करते हुए कहा कि जब हम कोई भी कार्य संकल्प लेकर करते हैं तो भौतिक व आध्यात्मिक शक्तियां उसकी पूर्णता में सहयोग करती हैं, जिससे कार्य की पूर्णता एवं सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। बिखरी हुई मानसिक व शारीरिक शक्तियों को एकत्र कर एक दिशा में लगाने के लिए संकल्प लेते हैं। आप सब युवा हैं, अपार क्षमता एवं संभावनाएं आपमें निहित हैं। जिस प्रकार से नदी का प्रभाव बाढ़ के समय अपने आसपास बहुत कुछ बहा ले जाता है, उससे बचने के लिए बांध बनाना आवश्यक है। इसी प्रकार युवाओं में भी असीम ऊर्जा होती है, यदि इसको संयमित करके एक दिशा में लगाया जाए तो निश्चित रूप से उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे। आपकी गतिविधियां अर्थपूर्ण एवं सकारात्मक होनी चाहिए। ताकि जीवन में आने वाली समस्याओं का निराकरण कर सकें। स्वामी विवेकानंद बचपन से ही विलक्षण प्रतिभावान थे, पढ़ते समय उन्हें किसी भी पुस्तक को दूसरी बार पढ़ने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी, क्योंकि वह बड़े मनोयोग से अध्ययन करते थे। स्वामी विवेकानंद जब अमेरिका गए तो वहां अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ा किंतु उन्होंने सदैव भारतीय जीवन मूल्यों की श्रेष्ठता को विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया। वस्तुतः हमारी संस्कृति विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। वेदांत दर्शन का अध्ययन प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए, वह चाहे छात्र हो अथवा गृहस्थ। यह आपको नकारात्मक से मुक्ति दिलाएगा एवं दैवत्व का बोध कराएगा। जीवन में समस्याएं आती हैं, आपको उनसे भागना नहीं है बल्कि डटकर उनका सामना करना है। इसके साथ ही आपको ध्यान रहे कि सफलता प्राप्त करने पर मन में अहंकार का भाव न उत्पन्न हो एवं असफल होने पर निराशा से न घिरें, ऐसे में आपको पुनः प्रयास करना है। ओंकारेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वरिष्ठ संरक्षक डॉ. अंगद सिंह ने अपने आशीर्वचन में कहा कि महापुरुषों के आशीर्वाद की सकारात्मक ऊर्जा जीवन में सफलता दिलाती है। श्रेष्ठ जनों का सान्निध्य बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है। आपको सदैव स्मरण रखना चाहिए कि जब भी किसी महापुरुष के सामने जाएं तो उसे सकारात्मक ऊर्जा अवश्य ग्रहण करें। वरिष्ठ संरक्षक डॉ. अंगद सिंह एवं प्रबंध निदेशक डॉ. पूजा अवस्थी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राममिलन सिंह में अतिथियों का परिचय कराते हुए स्वागत किया। विद्यालय के छात्र चि. दिव्य आनंद ने दिव्य ध्येय की ओर तपस्वी अविचल........ गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कु. श्रेया बाजपेई ने स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन से परिचित कराया। विद्यालय छात्र संसद की उप प्रधानमंत्री कु. स्तुति द्विवेदी ने मुख्य अतिथि व अन्य महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कु. दिव्यांशी त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर फणीन्द्रदत्त त्रिपाठी, डॉ. ममता तिवारी, रामप्रकाश, आर. के. तिवारी, संतोष दीक्षित व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय


# अमेरिकी आर्थिक नीतियां अन्य देशों को विपरीत रूप से कर सकती हैं प्रभावित

**लगभग 2 लाख इंजीनियरों की छँटनी इन कम्पनियों द्वारा की गई थी। अत: मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करने का निर्णय अमानवीय है एवं इसे उचित निर्णय नहीं कहा जा सकता है। ब्याज दरों में वृद्धि करने का परिणाम वैश्विक स्तर पर कोई बहुत अधिक सफल भी नहीं रहा है। अमेरिका को मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के लिए लगभग 3 वर्ष का समय लग गया है और यह इस बीच ब्याज दरों को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने के बावजूद सम्भव नहीं हो पाया है।**

*वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अन्य देशों की मुद्राओं की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिर रही है। इससे, विशेष रूप से विभिन्न वस्तुओं का आयात करने वाले देशों में वस्तुओं के आयात के साथ मुद्रा स्फीति का भी आयात हो रहा है। इन देशों में मुद्रा स्फीति बढ़ती जा रही है और इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक बार पुनः ब्याज दरों में वृद्धि की सम्भावना भी बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के अवमूल्यन को रोकने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में से लगभग 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ा है जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चत्तम स्तर 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 65,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भी नीचे आ गया है। अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने के चलते विश्व के लगभग सभी देशों की यही स्थिति बनती हुई दिखाई दे रही है। दूसरी ओर, अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है एवं अमेरिका को इसे नियंत्रित करने के लिए अपनी आय में वृद्धि करना एवं व्यय को घटाना आवश्यक हो गया है। परंतु, 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयकर में भारी कमी की घोषणा की जाय। डॉनल्ड ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषण में इसके बारे में इशारा भी किया था। हां, सम्भव है कि आयकर को कम करने के चलते कुल आय में होने वाली कमी की भरपाई अमेरिका द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि कर इसके निर्यात में वृद्धि एवं अमेरिका में विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका में होने वाले आयात पर कर में वृद्धि करने के चलते कुछ हद्द तक हो सके। परंतु, कुल मिलाकर यदि आय में होने वाली सम्भावित कमी की भरपाई नहीं हो पाती है तो अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि में अतुलनीय वृद्धि सम्भव है। जो एक बार पुनः अमेरिका में मुद्रा स्फीति को बढ़ा सकता है और फिर से अमेरिका में ब्याज दरों में कमी के स्थान पर वृद्धि देखने को मिल सकती है। पूरे विश्व में पूंजीवादी नीतियों के चलते मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से विभिन्न देशों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की जाती रही है। किसी भी देश में मुद्रा स्फीति की दर यदि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के चलते बढ़ रही है तो इसे ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रण में नहीं लाया जा सकता है। हां, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर जरूर मुद्रा स्फीति को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकता है। अतः यह मांग की तुलना में आपूर्ति सम्बंधी मुद्दा अधिक है। उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की जाती है, जिससे ऋण की लागत बढ़ती है और इसके कारण अंततः विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ती है। उत्पादन लागत के बढ़ने से इन उत्पादों की मांग बाजार में कम होती है जो अंततः इन उत्पादों के उत्पादन में कमी का कारण भी बनती है। उत्पादन में कमी अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छँटनी करने के परिणाम के रूप में भी दिखाई देती है। हाल ही के वर्षों में अमेरिका में जब मुद्रा स्फीति की दर पिछले लगभग 50 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर अर्थात 10 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई थी, तब फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर ब्याज दरों को भी 0.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत तक लाया गया था, और यह दर लम्बे समय तक बनी रही थी। इसका प्रभाव, अमेरिका की सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों पर अत्यधिक विपरीत रूप में पड़ता दिखाई दिया था।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मेला प्राधिकरण ने लगभग पांच हजार एकड़ क्षेत्रफल में प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गों पर संगम से दो से पांच किलोमीटर की दूरी पर पार्किंग स्पेस चिन्हित करके उन्हें सक्रिय कर दिया है। हर पार्किंग स्थल पर चौकी होगी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होगी। पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी होगा। तीस पांटून ब्रिज बनकर तैयार हो रहे है। इसमें अट्ठाइस पांटून ब्रिज बनकर तैयार हो गए हैं। बारह किलोमीटर का अस्थाई घाट यहां पर तैयार किया जा रहा है। चेकर्ड प्लेट यहां पर पांच सौ किलोमीटर से अधिक के दायरे में बिछाई जा चुकी हैं। शुद्ध पेयजल के लिए करीब पांच सौ किलोमीटर से अधिक की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। मेला लगभग अपना आकर ले चुका है।**



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**मुख्यमंत्री ने फाफामऊ में गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिक्सलेन पुल के विकल्प के रूप में बन रहे स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस बार के महाकुम्भ में यह स्टील ब्रिज तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए संगम तक आवागमन का सबसे सहज साधन होगा। स्टील ब्रिज से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, उत्तराखण्ड, राजस्थान की ओर से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को सुविधा मिलेगी।**

# महाकुंभ का समरसता संदेश

सनातन चिंतन में सदैव समरसता का भाव रहा है। इसमें पूरी मानवता के कल्याण की कामना की गई। सभी पर्व, उत्सव आध्यात्मिक आयोजन आदि समरसता को ही अभिव्यक्त करते हैं। जिसमें सभी लोग बिना किसी भेदभाव के सहभागी होते हैं। यह आध्यात्मिक धरोहर शाश्वत भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाती हैं। ऐसे अनेक स्थल ऐसे अनेक स्थलों को अब वैश्विक प्रतिष्ठा मिल रही है। यह संयोग है कि इस माह प्रयागराज में महाकुंभ का शुभारंभ होगा। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई जाएगी। पांच सौ वर्षों के बाद अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के अपनी जन्मभूमि पर विराजमान होने के उपरान्त पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। अधिकांश पर्यटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के क्षेत्र में आए। इससे अर्थव्यवस्था का भी संवर्धन होता है। विगत कुछ वर्षों के दौरान यूपी में आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या करीब दो सौ करोड़ रही। इस बार प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के मद्देनजर औसत संख्या में करीब चालीस करोड़ तक की वृद्धि हो सकती है। घरेलू पर्यटकों की आमद के अनुसार उत्तर प्रदेश लगातार तीसरे साल नंबर एक पर रहा। पर्यटकों के निवास,परिवहन, खरीदारी का अनुकूल प्रभाव स्थानीय स्तर के रोजगार और अर्थव्यवस्था पर होता है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटकों की बढ़ती संख्या शुभ संकेत है। इको टूरिज्म, विलेज टूरिज्म,केन टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म को प्रोत्साहन मिल रहा है। उत्तर प्रदेश मौजूदा समय में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे, इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला प्रदेश बन चुका है। प्रदेश में तीन इंटरनेशन एयरपोर्ट संचालित है। एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर शीघ्र ही संचलन की स्थिति में आ जाएगा। यहां ट्रायल लैंडिंग हो चुकी है। इसके अलावा प्रदेश में कुल क्रियाशील हवाई अड्डों की संख्या पंद्रह है। छह निर्माणाधीन हैं। सात एक्सप्रेस वे पर काम चल रहा है। पर्यटकों को वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। सनातन धर्म में अयोध्या और प्रयागराज की महिमा सर्वविदित है। इसी महीने एक दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई जाएगी। वहीं प्रयागराज में पौष पूर्णिमा से महाकुंभ का शुभारंभ होगा। दूसरा संयोग यह है कि पिछले कुंभ और अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रबंधन में हुआ था। इस बार के महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए भी योगी आदित्यनाथ प्रतिबद्ध है। इसके दृष्टिगत वह पिछले कुछ दिनों में अयोध्या और प्रयागराज की यात्रा कर चुके है। वह अधिकारियों के साथ बैठक करके दिशा निर्देश देते हैं। महाकुंभ स्थल पर पहुंच निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते है। उनका पूरा ध्यान इस पर रहता



**गंगा किनारे रिवर फ्रण्ट रोड से यह वाहन सीधे महाकुम्भ मेला में प्रवेश कर सकेंगे। भारत सरकार के सौजन्य से बन रहे इस स्टील ब्रिज के लोड टेस्टिंग का काम भी पूरा हो गया है। उन्होंने संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का निरीक्षण किया।**

है कि यहां पहुंचने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के समय योगी आदित्यनाथ ने भारत ही नहीं दुनिया को एक संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि श्री रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भारत के आत्म गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। हमारा देश अपने स्वयं के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा कर रहा है। पिछले दिनों योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में कहा कि सनातन धर्म की मान्यता है कि सम्पूर्ण सृष्टि के संचालक रक्षक पालक श्रीमद्नारायण साक्षात सूर्यदेव हैं, जिन्हें श्री विष्णु भी कह सकते हैं। उन्हीं की कृपा से सब कुछ संचालित होता है। उनकी कृपा के बगैर कुछ भी नहीं हो सकता। अयोध्याधाम में पंच नारायण यज्ञ के माध्यम से उत्तर एवं दक्षिण के विद्वानों के संयुक्त प्रयासों से चल रही आत्म शुद्धि, इस भूमि की शुद्धि एवं पर्यावरण की शुद्धि के इस पवित्र महायज्ञ के साथ जुड़ने का सौभाग्य हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्म भूमि पर मिल रहा है। स्वाभाविक रूप से यज्ञ की सफलता तो आवश्यक है। इसमें कहीं कोई संदेह नहीं है। भारत में यज्ञों की परंपरा हजारों वर्षों से है। 'यज्ञात भवति पर्जन्य' यानी यज्ञ ही वर्षा का कारण है। वर्षा से ही फसल होती है। उसी से प्रत्येक किसान, व्यापारी को धन-धान्य एवं समृद्धि प्राप्त होती है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम फिर से त्रेतायुग की स्मृतियों को जीवंत कर रहा है।

विरासत को विस्मृत करके हम भौतिक विकास को स्थाई नहीं बनाए रख सकते हैं। विरासत और विकास के बीच में एक बेहतर समन्वय होना चाहिए। यज्ञ उसी की प्रेरणा देता है। भारत के पावन धर्म स्थल एवं मान बिंदु हमारे आदर्श और प्रेरणा हैं, इनसे प्रेरित हो कर जब हम आगे बढ़ेंगे तभी भारत बना रहेगा। हजारों वर्षों पहले हमारे ऋषियों ने हमें अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।। का संदेश दिया है।दुनिया में विश्व शांति की स्थापना करनी है, तो यह सनातन धर्म ही कर सकता है। भारत के अंदर सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है। सनातन धर्म शाश्वत तथा सृष्टि के साथ चलने वाला धर्म है। एक सौ पैतालीस वर्ष बाद महाकुंभ का ऐसा संयोग बन रहा है। प्रमुख स्नान के अवसर पर पूज्य संतों के लिए, श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा की व्यवस्था भी रहेगी। तेरह जनवरी को पौष पूर्णिमा का पहला स्नान यहां पर सम्पन्न होगा। चौदह जनवरी मकर संक्रांति को दूसरा स्नान होगा। उनतीस जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान होगा। जिसमें सबसे ज्यादा भीड़ आएगी। अनुमान है कि इस दिन छह से आठ करोड़ श्रद्धालु यहां पर आएंगे। तीन फरवरी को बसंत पंचमी है। फिर बारह फरवरी और छब्बीस फरवरी सहित यहां पर कुल छह स्नान होने हैं। योगी आदित्यनाथ महाकुंभ तैयारियों का जायजा लेने कई बार प्रयागराज की यात्रा कर चुके है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज सिटी का कायाकल्प लगभग पूरा हो चुका है। दो सौ से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। इन्हें सिंगल से दो, चार और छह लेन तक बनाया जा चुका है। चौदह फ्लाईओवर या आरओबी में से तेरह का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 08:21 तक |
| नक्षत्रः | त्रयोदशी 30:34 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शुक्ल, 11:48 |
| सूर्योदयः | 07:15 |
| सूर्यास्तः | 17:42 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 09:52-11:10 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:08-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### है अंदर ये रार !

*कौन बनेगा दूल्हा ?*
*है अंदर ये रार ।।*
*अंदरखाने लगता है ।*
*हैं सब खबरदार ।।*
*आई बात निकल कर ।*
*किसको ये सौगात ?*
*शुरू हुआ है मंथन ।*
*सब लगे दिन रात ।।*
*वर्तमान में लेकिन ।*
*है बदला व्यवहार ।।*
*धीरे धीरे बैठकें भी ।*
*हैं लेनी आकार ।।*
*रुठना मनाना भी ।*
*चले शायद खेल ।।*
*आ रहा शिगूफा ।*
*खा रहा सब मेल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में हल्दी से बनाएं हेल्दी पंजीरी, सेहत को होंगे ढेरों फायदे

**सर्दियों** के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए भारतीय घरों में पंजीरी बनाई जाती है। पंजीरी खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ही सेहत के लिए लाजवाब होती है। इसे खाने से शरीर को कई छोटी-बड़ी समस्याओं से बचाया जा सकता है। आजतक अपने आटे से बनी पंजीरी, तो कई बार खाई होगी। आज हम आपको हल्दी से बनी पंजीरी खाने से होने वाले फायदों के बारे में बातएंगे। हल्दी सर्दियों में सुपरफूड की तरह काम करती है। इसमें ढेरों पोषक-तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि हल्दी से पंजीरी किस तरह बनाई जा सकती है और इससे शरीर को क्या फायदे होते हैं।



**हल्दी पंजीरी कैसे बनाएं?:** हल्दी पंजीरी बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक पैन में घी डालना है। अब इस घी में कच्ची हल्दी को अच्छी तरह से भून लें। घी गुड़ फैट होता है, जिसमें हल्दी को भुनने से इसकी बायोअवेलेबिलिटी बढ़ जाती है। इसके बाद गेहूं के आटे को ब्राउन होने तक भून लें। अब हल्दी और भुने हुए आटे को मिला लें। इसके बाद अपने पसंदीदा ड्राई फ्रूट्स को मिलाएं। आखिर में आप मिठास के लिए गुड़ डालें। इससे आपकी पंजीरी कई गुना हेल्दी बन जाएगी। आपकी कच्ची हल्दी से बनी पंजीरी तैयार है।

**हल्दी पंजीरी खाने के फायदे:** हल्दी पंजीरी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह पंजीरी सर्दियों में होने वाली सूजन की समस्या से इंसान को बचाने का काम करती है। इससे शरीर में होने वाली सूजन और दर्द को कम किया जा सकता है। हल्दी पंजीरी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं। इससे शरीर को कई तरह के संक्रमण और चोटों से बचाया जा सकता है। जैसा हम सभी जानते हैं कि हल्दी की तासीर गर्म होती है। ऐसे में हल्दी से बनी पंजीरी खाने से शरीर में गर्माहट आती है। इससे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत किया जा सकता है। हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है, जो लिवर की समस्याओं से बचाता है। इससे लिवर को आसानी से डिटॉक्स किया जा सकता है। हल्दी पंजीरी में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। इससे शरीर को बहुत फायदे हो सकते हैं। इससे शरीर में ताकत आती है। हल्दी पंजीरी में मौजूद घी गुणों की खान होता है। इसमें विटामिन-बी और ई की अच्छी मात्रा पाई जाती है। इससे पेट की समस्याओं से राहत मिलती है। इससे कब्ज जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। इसके अलावा, हल्दी पंजीरी में मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखता है। साथ ही, इसमें कार्बोहाइड्रेट और गुड फैट पाए जाते हैं, जो हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। हल्दी पंजीरी को बनाने में ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे भूख जल्दी नहीं लगती है और आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं। इससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# वैश्विक स्तर पर मान–सम्मान दिलाती है हिन्दी



योगेश कुमार गोयल

**हिन्दी राजभाषा है, जिसका सम्मान और प्रचार–प्रसार करना उनका कर्त्तव्य है और जब तक सभी लोग इसका उपयोग नहीं करेंगे। उन्हें यह अहसास कराए जाने का भी प्रयास किया जाना चाहिए कि भले ही दुनिया में अंग्रेजी भाषा का सिक्का चलता हो लेकिन हिन्दी अब अंग्रेजी भाषा से ज्यादा पीछे नहीं है।**

**हिन्दी का करीब 1.2 लाख शब्दों का समृद्ध भाषा कोष होने के बावजूद अधिकांश लोग हिन्दी लिखते और बोलते समय अंग्रेजी भाषा के शब्दों का दिल खोलकर इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर लोगों को हिन्दी भाषा के विकास, हिन्दी के उपयोग के लाभ तथा उपयोग न करने पर हानि के बारे में समझाया जाना बेहद जरूरी है। लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए।**

**आधुनिकता** की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय ही आज भले ही अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किन्तु सच यही है कि हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिन्दी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी की बढ़ती ताकत का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं और दुनियाभर के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। दुनियाभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात् भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था 'एथ्नोलॉग' के द्वारा जब हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में पचहतर करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर चौदह करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तकनीकी रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी 'एप' लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी। भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा। इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को 'जनमानस की भाषा' बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैंकड़ों देशों में हिन्दी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगर भारतीय परिवेश में हिन्दी के प्रचलन को लेकर बात की जाए तो यह चिंता की बात है कि भारतीय समाज में बहुत से लोगों की मानसिकता ऐसी हो गई है कि हिन्दी बोलने वालों को वे पिछड़ा और अंग्रेजी में अपनी बात कहने वालों को आधुनिक का दर्जा देते हैं।

# बेवा ने एक पुत्री की शादी दूसरी शादी की तैयारी मे जुटी बेवा के घर से नकदी जेवर चोरों ने किया पार





**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** बीते माह एक पुत्री की शादी हुई थी और दूसरी पुत्री की शादी नवंबर माह में होने की तैयारी की गांठ जोड़ में लगी पीड़िता अपनी रिश्तेदारी में गई हुई थी यहां ऐसी घटना घटी की पीड़िता की खुशियों में घुल गया ज़हर बताते चले कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी के मोहल्ला शास्त्री नगर घोसियाना की रहने वाली बेवा कमरुन्न निशा ने बताया उसके पति की 8 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी पीड़िता की तीन पुत्री व एक पुत्र हैं पीड़िता के आय का कोई भी सोत्र नहीं है पीड़िता इधर उधर काम करके परिवार का पालन-पोषण कर रही है 23.दिसबर 2024 को उधार क़र्ज़ लेकर एक पुत्री शादी की थी तथा दूसरी पुत्री की भी नवम्बर में शादी है पीड़िता ने उसी शादी के लिए धीरे-धीरे जेवर का सामान एकत्र किया था तथा जिस पुत्री की शादी हो चुकी थी उसका भी जेवर घर पर ही बख्शें में रखा था 6. जनवरी को अपने घर में ताला लगाकर रिश्तेदारी में परिवार सहित गई थी। पांच दिन बाद पीड़िता 10.जनवरी सुबह 9 बजे वापस लौटकर घर आई तो बाहर से ताला पड़ा हुआ था ताला खोलने के बाद दरवाजा नहीं खुला पीड़िता को शंका हुई काफी जोर अजमाइश के बाद पीड़िता जब घर में प्रवेश हुई।तो देखा बरामदे का ताला टूटा तथा कमरे के दोनों लाकर टूटे मिले और घर में सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। तथा पीड़िता के बख्शे में रखे जेवर 6 हजार नगद तथा दो जोड़ी टफ्स सोने के दो नथुनी सोने की दो नथ दो मंगलसूत्र सोने के 8 जोड़ी बिछिया चांदी की एक जोड़ी झुमकी सोने की दो जोड़ी पायल वजन 4 हल्की पायल दो सिक्के चांदी के एक नोट चांदी एक नाक फूल सोने का एक निकाह की अंगूठी चांदी की आदि सामान चोरी हो गया।उधार क़र्ज़ लेकर एक शादी निपटाने के बाद दूसरी शादी की तैयारी कर रही बेवा के साथ इतनी बड़ी घटना हुई है एक तरफ सामान चोरी दूसरी तरफ कर्जदारों का कर्ज में दबी बेवा के सामने शिवाय मौत के कोई रास्ता नही है।जिसकी सूचना पीड़िता ने 112 व स्थानीय चौकी में पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस आई समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर दे

# किसान समिति का अधिवेशन, हो गया किसानों के बिना

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



ब्लॉक फूलबेहड़ के मोजमाबाद किसान सेवा सहकारी समिति सुंदरवल में बीते वर्ष का अधिवेशन इस वर्ष 10 जनवरी 2025 को आयोजित किया गया लेकिन इस अधिवेशन में किसी भी किसान को उसकी सूचना नहीं दी गई कुछ संचालकों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया है कि अधिवेशन का पैसा सचिव ने हड़पने के लिए महज खाना पूर्ति करके संपन्न कर दिया। इस अधिवेशन की गुणवत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अधिवेशन को संपन्न करने के लिए 10 बाय 5 का टेंट लगवा कर अधिवेशन का समापन करवा दिया गया। समिति के अध्यक्ष रमाकांत शुक्ला उपाध्यक्ष संचालक सुबोध नारायण मिश्रा तथा पूर्व संचालक राज किशोर मिश्रा भी उपस्थित रहे परंतु जिसके सहारे समिति चलती है उन किसानों को ही अधिवेशन का न्योता नहीं दिया गया समिति के महानुभाव रमाकांत शुक्ला एवं परमानंद तिवारी एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे जो 10 20 कुर्सियां किसानों के लिए पड़ी थी उन पर एकाध राह चलते किसान ही बैठकर चले गए आधे से अधिक कुर्सियां खाली पड़ी रही। लोग बताते हैं कि अधिवेशन करने का जो पैसा सरकार देती है उस पैसे को भी सचिव परमानंद तिवारी पी गए जन चर्चा के अनुसार सुंदरवल के कुछ लोगों ने बताया है कि इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों को नहीं बुलाया गया अगर किसानों को बुलाते तो उनके भ्रष्टाचार की पोल खुल जाती। बताते हैं कि सहकारी समिति का कोई विभागीय अधिकारी भी मौजूद नहीं था इस घोटाले बाज सचिव परमानंद तिवारी घोटाले का पैसा अकेले तो पचा नहीं पाएगा इसमें का कुछ अपने भ्रष्ट जिम्मेदारों को भी देगा क्षेत्र के किसानों में इस कार्यक्रम में ना बुलाने के कारण गहरा रोष व्याप्त है समिति के प्रबंध निदेशक परमानंद तिवारी सभी के पीछे अपने संचालकों को भी निंदा करता है इस समय के अध्यक्ष रमाकांत शुक्ला के ऊपर एक संचालक की दुकान पर जमकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और गालियों से नवाजा था। इसके कारनामों से सहकारिता विभाग के अफसर भी जानते हैं परंतु अपना कमीशन ले करके चुपचाप शांत बैठ जाते हैं जबकि यह सचिव दो बार विभाग के जिला स्तर के अधिकारी ने इसके भ्रष्ट रवैया के कारण दो बार निलंबित भी किया था लेकिन रिश्वत अली के दम पर यह सचिव बहाल होकर अपना काम कर रहा है जबकि अधिकांशत। किसान अपने हालात पर आंसू बहातें नजर आ रहे हैं उनकी समस्याएं कोई सुनने वाला नहीं।

# अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

मैलानी थाना क्षेत्र के निकट वर्ती गांव खुटार रोड पर पडने वाले गाव तौले पुर (गाडी घाट के निकट) रहने वाले जोगेन्द्र पुत्र अर्जुन लाल उम्र लगभग 40वर्ष ने अग्यात कारणों के चलते अपने घर मे खडे आम के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना के समय मृतक की पत्नी बसंती जानवरों के लिए चारा लेने गयी थी तथा पुत्री करिश्मा कोचिंग पढने गयी थी मृतक के दो पुत्र रोहित व दीपक बाहर रह कर मजदूरी करके गुजर बसर करते हैं मृतक की पत्नी बसंती ने बताया कि उसका पति जोगेन्द्र शराब का आदी था तथा मेहनत मजदूरी करता था घटना की सूचना मैलानी थाने के उप निरीक्षक प्रेम चन्द्र हमराह पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुच कर शव पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजने की तैयारी जांच पड़ताल मे जुटे हुए थे घटना की सूचना पाकर आस पास के लोग भी घटना पर पहुच गये घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

# विधायिका पल्लवी पटेल ने पीड़ित परिवार से मिलकर बधाया ढांडास

- विधायिका पल्लवी पटेल ने परिवार से मिलकर दी सांत्वना दोषी पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग की

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस गिरफ्त में हुई रामचंद्र मौर्य (36) की मौत के मामले में अपना दल की विधायिका डॉ.पल्लवी पटेल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की मझगईं व निघासन थाना क्षेत्र के हुलासी पुरवा गांव में पहुंचकर उन्होंने परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली और एसपी से फोन पर बात कर दोषी पुलिस कर्मियों के निलंबन की मांग की घटना छ जनवरी की है जब रामचंद्र जलौनी की लकड़ी बीनने जंगल गए थे तभी निघासन कोतवाली और मझगई थाने की पुलिस ने उन्हें अवैध शराब बनाने के आरोप में पकड़कर पिटाई कर दी तबीयत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जैसा कि परिजनों के विरोध के बावजूद भी पुलिस शव को जबरन पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय ले गई आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगाया जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया मंगलवार को जब शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया धौरहरा के सीओ पीपी सिंह द्वारा परिजनों को धमकी दिए जाने का भी आरोप है विधायिका पल्लवी पटेल ने चेतावनी दी कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे कलेक्ट्रेट में धरना देंगी सीओ का वीडियो वायरल होने के बाद वीडियो को एक्स पर पोस्ट कर प्रियंका गांधी और चन्द्रशेखर आजाद ने यूपी पुलिस की कार्यशैली और भाजपा सरकार पर साधा था निशाना जबकि अपना दल की विधायिका डॉ.पल्लवी पटेल ने मझगई थाना क्षेत्र के हुलासी पुरवा गांव में पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात भी की और कहा की दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी उन्होंने परिवार से पूरे घटना क्रम की जानकारी ली और मुलाकात के बाद सीओ पीपी सिंह और इंस्पेक्टर दया शंकर द्विवेदी के वायरल वीडियो को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसे बदतमीज अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए उन्होंने इस मामले में पुलिस द्वारा सिर्फ लीपा पोती की कार्रवाई हुई है मुख्यमंत्री गृहमंत्री से निवेदन करती हूं कि जो निरंकुश अधिकारी हैं जो मानवीय संवेदनाओं को धता बताया है ऐसे अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए साथ ही साथ यह भी समझाया जाए कि आप सरकारी नौकर हैं सरकार नही।

# कन्याओं में संगीत प्रतिभा जाग रहा गायत्री परिवार

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा इस वर्ष अक्टूबर माह में नारी उत्कर्ष समारोह आयोजित होना है जिसके लिए कन्याओं के उत्कर्ष के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे। इस क्रम में पहला कार्यक्रम कन्याओं और महिलाओं में संगीत कौशल विकासने के उद्देश्य से संगीत से संस्कार अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत विद्यालयों में निःशुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर की श्रृंखला शुरू की गई है। इस क्रम में नगर के भगवान दीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को पहला निःशुल्क ढपली वादन प्रशिक्षण शुक्रवार को पूरा किया गया। शिविर आयोजन मंडल की रचना अग्रवाल ने बताया ढपली प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत छात्राओं में से 14 छात्राओं ने शत प्रतिशत उपस्थिति देकर प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण में कहरवा ताल और तिहाई के साथ ही प्रेरणादायक प्रज्ञागीतों का ढपली के साथ अभ्यास भी कराया गया। विद्यालय में ढपली वादन सीखने की अभिरुचि इस प्रकार दिखी कि कई शिक्षिकाओं सहित प्रधानाचार्या ने भी नियमित रूप से ढपली सीखी। शिविर समापन पर विद्यालय परिवार द्वारा युवा प्रकोष्ठ की रचना अग्रवाल व ढपली प्रशिक्षक अनुराग मौर्य का अंगवस्त्र द्वारा सम्मान किया गया। शिविर संचालक अनुराग मौर्य ने बताया ढपली का निःशुल्क प्रशिक्षण गायत्री शक्तिपीठ पर जारी रहेगा। शहर के अन्य विद्यालयों में निःशुल्क ढपली प्रशिक्षण के लिए युवा प्रकोष्ठ के व्हाट्सएप नंबर 9918377428 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण के लिए ढपलियों की व्यवस्था भी गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ द्वारा निःशुल्क की जाएगी। ढपली वादन प्रशिक्षण शिविर में शिक्षिकाओं वंदना उत्तम, सुषमा गौतम, अर्चना वर्मा, रुचि श्रीवास्तव सहित जैनब, मोहिनी कश्यप, राधा गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, आरजू देवी, तूबा, अनन्या तिवारी, गुड़िया कश्यप, दीपशिखा शुक्ला, आरती मौर्य, प्रिया बरनवाल, पूजा गुप्ता, खुशी कुशवाहा ने प्रशिक्षण पूरा किया।

# नवागत पुलिस अधीक्षक खीरी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण कार्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं/ कार्यालयों जिनमें वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा,प्रधान लिपिक शाखा, रिट सेल, एलआईयू, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ, मॉनिटरिंग सेल, चुनाव सेल आदि का निरीक्षण किया गया तथा जरूरी व्यवस्थाओं एवं कार्यों का देख देख किया कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान सभी रजिस्टर्स अभिलेखों का देखरेख कर उनके कायदे से रख-रखाव निर्देशित किया गया तथा कार्यालयों में किये जा रहे कार्य के संबंध में पुलिसकर्मियों से पूछताछ कर जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया दो नयी पुलिस चौकी का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयासरत है। ज्यादा चौकियों की स्थापना कर जनता को नजदीक और त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। जनता को सही जानकारी उपलब्ध करवाना पीड़ित के साथ ग्रामीणों का भी दायित्व है। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने सदरपुर की गोडैचा व रामपुर मथुरा की भगौतीपुर पुलिस चौकी का लोकार्पण करते हुए मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर यातायात के नियमों का अक्षरशः पालन करें तथा शराब न पिएं जिससे आपका व आपके साथ सफर करने वाले साथी का जीवन सुरक्षित रहे। वाहनों की चेकिंग व चालान का उद्देश्य नाबालिगों को, बिना हेलमेट के दोपहिया वाहनों के चलाने से रोकने के साथ आपको सुरक्षित रखना है। सभी को साइबर अपराधों से सावधान रहना है, फाड काल से डरकर यूपीआई पेमेंट करने तथा ओटीपी बताने से हर हाल में बचें। इससे पूर्व एसपी ने फीता काटकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुलिस चौकी गोडैचा व रामपुर मथुरा की पुलिस चौकी भगौतीपुर का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक सदरपुर मुकुल प्रकाश वर्मा, महमूदाबाद अनिल सिंह, रामपुर मथुरा कृष्ण नारायण तिवारी, थानगांव उमेश चौरसिया, शिक्षक उमेश वर्मा, ज्ञानेश मिश्र, राम प्रवेश प्रजापति, ओम प्रकाश वर्मा, आनंद सिंह, दिलीप सिंह, जितेंद्र वर्मा, शहरयार, नईमुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की महमूदाबाद ईकाई के लिए चुनाव प्रक्रिया हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** महमूदाबाद। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की महमूदाबाद ईकाई के लिए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। अध्यक्ष पद पर रमाकांत रावत, मंत्री पद पर पूर्णेन्द्र प्रकाश ने जीत दर्ज कर की। परिणाम की घोषणा होते ही विजेताओं को माल्यार्पण कर जीत की शुभकामनाएं दी गई। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की महमूदाबाद ईकाई की नई कार्यकारिणी गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक मुरारी शरण और चुनाव अधिकारी बलराम यादव की देखरेख में हुई। 73 मतदाताओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर रमाकांत रावत को 58, सुशील गौड़ को 15 मत प्राप्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनय प्रताप को 36, प्रदीप शाह को 35 मत मिले। 2 मत अवैध घोषित किए गए। मंत्री पद पर पूर्णेन्द्र प्रकाश, उपमंत्री पद पर अश्विनी ने जीत दर्ज की। कनिष्ठ उपाध्यक्ष विकास वर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, लेखा परीक्षक विनय कुमार निर्विरोध निर्वाचित किए गए। सभी विजेताओं को लेखपालों ने माल्यार्पण कर बधाई दी।



### विधायक ने जन संवाद चौपाल लगाकर सपा कार्यकाल में कराएं गए कार्यों की दी जानकरी

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** सपा विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जन संवाद चौपाल का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र लहरपुर के मेवा रामनगर,रजुआपुर, सरांवा, अंगेठा,आदि गांवों में जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया गया। सपा विधायक अनिल वर्मा ने समाजवादी पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी, समाजवादी पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी जनता को बताया। उन्होंने भाजपा की नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि, आम आदमी परेशान है। भाजपा सरकार में किसानों की अपनी लागत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, किसान भुखमरी के कगार पर हैं, आम जनता परेशान है महंगाई चरम पर है।भाजपा की सरकार में लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है। सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है अधिकारी बेलगाम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सदस्य जिला पंचायत इंद्रपाल चौधरी, प्रहलाद कुमार कन्नौजिया एडवोकेट,विश्राम लाल गौतम, प्रधान समीम, कल्लन, दिनेश यादव, मदन अर्कवंशी, बबलू सिंह, सरदार सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, डॉ0विनोद गौतम,रामसागर गौतम, जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद सिंह,नवनीत वर्मा, भागीरथ मौर्य, कलामुद्दीन अनन्तराम भार्गव,सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### नववर्ष पर 13 कलेक्ट्रेट कार्मिकों की मिली पदोन्नति की सौगात

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** कलेक्ट्रेट बहराइच के लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु गठित चयन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा अनुमोदन प्रदान करने से 08 कार्मिकों को वेतन बैण्ड 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200 प्रधान सहायक तथा 05 कार्मिकों को वेतन बैण्ड 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800 वरिष्ठ सहायक संवर्ग में पदोन्नति मिली है। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्ट्रेट के वित्त राजस्व लिपिक संजीव कुमार, एसीआरए शिवेन्द्र कुमार मिश्र व नमन गुप्ता, तहसील सदर के सहायक वासिल वाकी नवीस रिज़वान मोईद, महसी की श्रीमती अनुभा, कैसरगंज के लाल जी, तहसीलदार नानपारा के पेशकार सुरेन्द्र पाण्डेय व तहसीलदार कैसरगंज के पेशकार अखिलेश राव को वेतन बैण्ड 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200 प्रधान सहायक संवर्ग में पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट के विविध लिपिक विकास निगम, उप जिलाधिकरी बहराइच के सहायक वासिल वाकी नवीस सैयद माबूद आलम, राजस्व अभिलेखागार बहराइच प्रतिलिपिक इकबाल अहमद खां को तत्काल प्रभाव से स्थायी करते हुए वेतन बैण्ड 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800 वरिष्ठ सहायक संवर्ग में तथा कलेक्ट्रेट बहराइच के एआरए अर्जित कुमार पाठक व एईआरके सुश्री अनुपमा को वेतन बैण्ड 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800 वरिष्ठ सहायक संवर्ग में पदोन्नति प्रदान की गई है।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह के सहपाठी थे शिव वर्मा

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

सेनानी भवन के सभागार में शुक्रवार को क्रांतिकारी शिव वर्मा की 27वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सेनानी उत्तराधिकारियों ने क्रांतिकारियों की सूची में सबसे प्रमुख शिव वर्मा के देश की आजादी में योगदान की चर्चा कर उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति की सराहना की। कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि शिव वर्मा का जन्म 9 फरवरी 1904 को उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के खटेली गांव में हुआ था अपने अल्पायु में ही उन्होंने असहयोग आन्दोलन में भाग लिया वह कानपुर के प्रसिद्ध डी ए वी कालेज के छात्र थे। शिव वर्मा भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक महान क्रांतिकारी और हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे, इनके पिताजी कट्टर आर्य समाजी थे। संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह के सहपाठी शिव वर्मा ताउम्र मजदूर वर्ग से जुड़े रहे और लगातार उनके उन्नति के लिए काम करते रहे। लाहौर षड्यंत्र केस -2 में उन्हें काला पानी की सजा सुनाई गई। उन्होंने महात्मा गांधी के आवाहन पर 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। कुल मिलाकर शिव वर्मा स्वतंत्रता आन्दोलन में एक वर्ष चार माह अट्ठारह दिन तक जेल में रहे। समाज सेवी प्रदीप गौतम ने कहा कि भगत सिंह द्वारा शिव वर्मा के नाम दिए गए संदेश में भगतसिंह ने कहा कि ÷हम लोग तो आजादी के इस संघर्ष में अपनी लड़ाई लड़ते हुए प्राण त्याग देंगे, पर तुम जैसे मेरे साथियों का काम बहुत ही जटिल होने वाला है वह काम है आजाद भारत में भी जुल्मों और गलत बातों के खिलाफ लड़ते रहना। सेनानी उत्तराधिकारियों ने कहा कि क्रांतिकारी शिव वर्मा का मानना था कि स्वतंत्रता प्राप्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण स्वतंत्रता की रक्षा करना और उसे अक्षुण्ण बनाए रखना है। अन्त में उपस्थित सभी देश प्रेमी बन्धुओं ने उनके संघर्ष मय जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम समाप्त किया। कार्यक्रम में बाबूलाल वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, विनय तिवारी, अवनीन्द्र पाण्डेय सहित तमाम देश भक्त मौजूद रहे।

# योजनाओं की प्रगति में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों का वेतन बाधित प्रतिकूल प्रविष्टि की तैयारी

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पोषण/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता के जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन के अधूरे निर्माण के जिम्मेदार ग्राम विकास अधिकारियों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों का वेतन रोकने और प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इस निर्देश पर वेतन रोक दिया गया। प्रतिकूल प्रविष्टि की तैयारी है। डीएम ने डीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रो पर हॉटकुक्ड मील वितरण हेतु प्रेषित धनराशि का शत प्रतिशत वितरण एवं उपभोग प्रमाण पत्र समस्त सीडीपीओ से प्राप्त करने उपरान्त नया प्रस्ताव प्रस्तुत करें तथा सभी रसोईयो के खाते मे मानदेय शीघ्र भेजा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के पूर्ण हो गये 45 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के हस्तान्तरण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराकर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण की कार्यवाही पूर्ण कर आईडी जनरेट करायी जाय। उपायुक्त मनरेगा को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 30 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के अवशेष निर्माण को पूर्ण करायें। सक्षम आंगनाबाड़ी केन्द्र के अन्तर्गत विकसित केन्द्रो पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रंगाई पुताई एंव वाल पेन्टिंग के लिये उपलब्ध कराई गई धनराशि के सापेक्ष कुछ ग्रामों में कार्य पूर्ण न होने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए कार्य पूर्ण न होने तक सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारियों का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। डीएम ने सक्षम आंगनाबाड़ी केन्द्रों पर विकसित पोषण वाटिका के उत्पादों का उपयोग बच्चों के भोजन में करने हेतु बीएसए को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा कि आरओ प्लान्ट से आच्छादित केन्द्रों पर उपकरणों का रख-रखाव बेहतर ढंग से किया जाय। स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चो को सर्दी से बचाव हेतु सीएमओ व बीएसए को कम्बल व स्वेटर का वितरण कराये जाने के निर्देश दिये। अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड कैसरगंज और नानपारा को निर्देश दिया गया कि आर.ओ. यूनिट से आच्छादित है वहां पर शत-प्रतिशत विद्युतीकरण कराया जाय। इसी सन्दर्भ में अधि.अभि. जल निगम को निर्देशित किया गया कि ऐसे केन्द्रों को चिन्हित कर आगामी बैठक तक पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी जाय। डीएम ने कहा कि सम्बन्धित कार्य निर्धारित अवधि पर पूर्ण न होने तक सम्बन्धित अधिकारी का माह जनवरी 2025 का वेतन बाधित रहने तथा अन्यथा की स्थिति में प्रतिकूल प्रविष्टि से से दण्डित करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। डीएम ने उपायुक्त एनआरएलएम को निर्देश दिया कि प्रत्येक विकास खण्ड पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत पोषाहार बनाने हेतु छोटी मशीन लगाये जाने के साथ-साथ यूनिट इकाई के सैम्पल पैकिंग, रख-रखाव व सही ढंग से मानीटरिंग की व्यवस्था की जाय। डीएम ने डीपीओ व सीडीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रो पर ईसीसीई सामग्री किट के वितरण का समस्त परियोजना कार्यालयो पर अंकन कराया जाय तथा समस्त आपूर्तित समान को रक्षित करने हेतु आवश्यक प्रबन्ध किये जाय तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। डीएम ने डीपीओ को निर्देश दिया कि समस्त बाल विकास परियोजना कार्यालयो के गोदामों की आवश्यकतानुसार मेन्टीनेन्स तथा प्रतिमाह 05 आंगनबाड़ी केन्द्रो के निरीक्षण कर माह के अन्त मे निरीक्षण आख्या जियो टैग फोटोग्राफ सहित प्रेषित करें । इसी के साथ आधार बनाने के लिए खराब मशीनों को तत्काल सही कराने तथा आधार बनवाने हेतु निदेशालय व यूआईडीआई लखनऊ को सूचना भेजने के निर्देश दिये गये। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सर्वे एरिया में छूट गये बच्चों को केन्द्रो पर पंजीकृत किया जाय। बैठक का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डॉ. संजय कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त सीडीपीओ एवं आईसीडीएस/स्वास्थ्य पीरामल, यूपीटीएसयू, राकेट लर्निंग संस्था, सहयोगी पार्टनर्स सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को नहीं मिलेगा किसान सम्मान निधि योजना का लाभ

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर जनपद के समस्त राजस्व निरीक्षकों, कृषि विभाग के कार्मिकों तथा सीएससी संचालकों एवं उनके जिला प्रबन्धक तथा राजस्व विभाग के तहसील स्तरीय अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के अन्दर अधिकतम लक्ष्य की पूर्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान तहसील पयागपुर की प्रगति कम पाये जाने के कारण तहसील पयागपुर की क्लास लगायी तथा कड़ी चेतावनी देते हुए प्रगति में आपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिये। तहसील मिहींपुरवा द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने पर अच्छा कार्य करने की प्रशंसा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने योजना से जुड़े सभी अधिकारियों को अधिकतम लक्ष्य की प्राप्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के किसान भाईयों तथा ग्राम प्रधान को पत्र भेजकर अधिक से अधिक किसानों को अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्रों पर उपस्थित कराने की अपील की। जिससे भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्त के लाभ से कोई किसान भाई वंचित न होने पाये। डीएम ने इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने को कहा। डीएम ने जिले के सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को सीएससी आवंटित कर दी जाय तथा प्रतिदिन उसकी समीक्षा कर कम प्रगति वाले कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय। यदि फिर भी सुधार नही आता है तो मुझे बतायी जाय। उप निदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद की रैकिंग प्रदेश में 23वें नम्बर पर है कतिपय कार्मिकों को छोड़कर अन्य सभी कर्मचारी अधिकारी अच्छा कार्य रहे है। शीघ्र ही दिये गये लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायी जायेगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिया कि समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराया जाय। शिथिल कार्मिकों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर सीडीओ मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेन्द्र पाल, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा कृषि विभाग के उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, सदर के उदय शंकर सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए सहित जनपद के समस्त राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में इनकम टैक्स की रेड तीसरे दिन भी रही जारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर रेड लगातार 24 घंटे से जारी है। यह रेड अभी 48 से 72 घंटों तक लगातार होने की संभावना है। क्योंकि, गुरुवार को छापामारी के दौरान टीम को काफी अधिक मात्रा में ज्वैलरी, कुछ कैश और महत्वपूर्ण डाक्यूमेंट्स हाथ लगे हैं।टीम ने इन उद्यमियों के लेनदेन के सभी दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है। अब इनकम टैक्स की टीम इन सभी का मिलान कर रही है। इसके बाद टीम आगे की कार्रवाई करेगी।गुरुवार देर रात तक इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम सिविल लाइन स्थित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के मालिक आलोक अग्रवाल घर, आर्बिट ग्रुप निदेशक अभिषेक अग्रवाल के घर और उनके पार्टनर आनंद मिश्रा के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित आर्बिट अपार्टमेंट स्थित दफ्तर पर छापामारी करती रही। इनकम टैक्स सूत्रों ने बताया कि अगर सर्वे होता तो शाम होने के बाद सर्वे बंद कर दिया जाता है और अगले दिन सुबह फिर से शुरू किया जाता है। लेकिन, छापामारी के दौरान उसे पूरा होने तक किसी भी हाल में रोका नहीं जा सकता। चाहे उसमें जितना भी वक्त लगे। ऐसे में इनकम टैक्स की टीम रात में भी उद्यमियों के घरों और ठिकानों पर जांच पूरी होने तक रूकी रहेगी।






ज्वेलरी डॉक्यूमेंट और लेनदेन का मिलान कर रही टीम

### गुरुवार सुबह से शुरू हुई रेड

दरअसल, गुरुवार सुबह से ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट दिल्ली और लखनऊ की टीम एक साथ आर्बिट ग्रुप और इनसे जुड़े अन्य बड़े व्यापारियों के ठिकानों पर छापामारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की सुबह 8 बजे टीम एक साथ सिविल लाइन हरिओम नगर स्थित अर्बिट ग्रुप के निदेशक अभिषेक अग्रवाल और उनके पार्टनर आनंद मिश्रा के घर पहुंची। इसके अलावा अन्य टीमें समूह के पार्टनर आनंद मिश्रा के घर के अलावा, अभिषेक अग्रवाल के साले फ्लोर मिल संचालक और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के मालिक आलोक अग्रवाल के घर, आलोक अग्रवाल के पार्टनर रहे होटल रॉयल रेजिडेंसी और फॉरेस्ट क्लब के निदेशक रक्श ढिंगरा और अक्षय आनंद के भी घर पहुंची।

### अन्य जिलों में भी चल रही रेड

टीम अभी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के मालिक आलोक अग्रवाल समेत उनके बहनोई आर्बिट ग्रुप के डायरेक्टर अभिषेक अग्रवाल और पार्टनर आनंद मिश्रा सहित अलोक अग्रवाल के पार्टनर अक्षय आनंद, होटल रॉयल रेजीडेंसी के निदेशक रक्ष ढींगरा के घर, प्रतिष्ठानों और अन्य ठिकानों पर जांच-पड़ताल कर रही है। फ्लोर मिल संचालक को गोरखपुर आवास, संत कबीर नगर के फ्लोर मिल पर आयकर की टीम छापा मार रही है।

### फॉरेट क्लब सहित कई जगहों पर लगा है आलोक अग्रवाल का पैसा

इनकम टैक्स के सूत्रों ने बताया कि ये छापा एक के साथ अन्य प्रतिष्ठानों का जुड़ाव मिलने पर पड़ा है। फ्लोर मिल एजेंसी के बड़े उद्यमी आलोक के यहां छापा सबसे पहले पड़ा। इसके साथ ही आर्बिट ग्रुप के रियल इस्टेट और आटोमोबाइल एजेंसी पर भी टीम पहुंची। इनके सहयोगी फॉरेस्ट क्लब और रॉयल रेजिडेंसी होटल व्यापारी रक्श ढिंगरा के प्रतिष्ठानों पर भी टीम पहुंच गई। सूत्रों ने बताया कि फ्लोर मिल संचालक आलोक अग्रवाल की तरफ से काफी रकम क्लब में लगाया गया था। इसी को देखते हुए इस परिसर में भी छापा पड़ा।

### जल्द बड़ी कार्रवाई कर सकती है आई टी

इसके बाद अलग-अलग टीमों ने इन सभी से जुड़े प्रतिष्ठानों पर छापामारी की और वहां से महत्वपूर्ण दस्तावेजों, कम्प्यूटर, हार्डडिस्क समेत अन्य अभिलेखों को अपने कब्जे में ले ली। साथ ही यहां के कर्मचारियों से भी पूछताछ की। इस दौरान टीम को टैक्स चोरी के कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और ज्वैलरी मिले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अभी यह रेड दो-तीन दिनों तक जारी रहेगी। इसके बाद इनकम टैक्स की टीम इस मामले में बड़ी कार्रवाई कर सकती है।

### अचानक शहर में चमक गया आर्बिट ग्रुप

हालांकि, दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि आर्बिट ग्रुप का काम ऑटोमोबाइल के साथ रियल एस्टेट में पिछले कुछ सालों में काफी तेजी से बढ़ा है। शहर भर में लगातार दो दर्जन से अधिक कॉमर्शियल बिल्डिंग और कंप्लैक्स बनाकर इस समूह ने तेजी से न ही सिर्फ अपना प्रसार किया है, बल्कि शहर भर में अचानक यह समूह चर्चा में भी आ गया। शहर में दो दर्जन से अधिक कॉमर्शियल भवन और कंप्लेक्स इस समूह ने बनवाए हैं। इनके पास ऑर्बिट के नाम से ही मारुति और नेक्सा की गाड़ियों का शोरूम भी है। उद्यमियों और परिवार का मोबाइल टीम ने किया जब्त छापामारी शुरू होते ही टीम ने सभी व्यापारियों और उनके परिवार के सदस्यों के मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल सभी के मोबाइल फोन बंद हैं। सूत्रों के मुताबिक, डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में एक टीम शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आर्बिट आटोमोबाइल भी पहुंची। यहां से भी टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों, कम्प्यूटर, हार्डडिस्क समेत अन्य अभिलेखों को अपने कब्जे में लिया है। इसके अलावा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की एक टीम मेडिकल कॉलेज रोड स्थित आर्बिट अपार्टमेंट और शॉपिंग कॉम्पलेक्स स्थित आनंद मिश्रा के दफ्तर पर भी लगातार 24 घंटे से जांच कर रही है।

# गोरखपुर में होगा अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद एवं योग संगोष्ठी का आयोजन

## संगोष्ठी के दूसरे दिन होगा सीएम योगी आदित्यनाथ का विशेष व्याख्यान

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयोजित हो रही इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 12 जनवरी को और समापन 14 जनवरी को होगा। खास बात यह भी कि कई देशों के डेलीगेट्स की सहभागिता वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन मुख्यमंत्री एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ का विशेष व्याख्यान होगा।

गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने बताया कि 'आयुर्वेद-योग-नाथपंथ' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 12 जनवरी को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का पंचकर्म ऑडिटोरियम में पूर्वाह्न 11:30 बजे से होगा। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में इजराइल के आयुर्वेद औषधि विशेषज्ञ, गई लेविन और विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह, श्रीलंका के मशहूर आयुर्वेद चिकित्सक प्रो. पिरयानी पेरिस और श्रीलंका के ही डॉ. मायाराम उनियाल उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी का समापन समारोह 14 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह की अध्यक्षता में होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीलंका के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विरार्थना और विशिष्ट अतिथि इजराइल की आयुर्वेद विशेषज्ञ आंट लेविन, इंग्लैंड आयुर्वेद एसोसिएशन के डॉ. वीएन जोशी व गोस्वाल फाउंडेशन उडुपी के डॉ. तन्मय गोस्वामी होंगे।



### 13 जनवरी को सीएम योगी का होगा विशेष व्याख्यान

डॉक्टर. गिरिधर वेदांतम ने बताया कि दिन तीन की इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश और दुनिया से आए डेलीगेट्स, आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थियों को दूसरे दिन 13 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सीएम योगी नाथपंथ की दुनिया की सर्वोच्च पीठ, गोरक्षपीठ के महंत होने के साथ योग के मर्मज्ञ भी हैं और आयुर्वेद के प्रति रुझान उन्हें नाथपंथ की विरासत में मिला है। संगोष्ठी में 'आयुर्वेद, योग और नाथपंथ का मानवता के प्रति योगदान' विषय पर विशेष व्याख्यान देंगे। संगोष्ठी में कुल पांच वैज्ञानिक सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में देश और दुनिया के विद्वान आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक संबंधों पर चर्चा करते हुए आरोग्यता के विविध आयामों पर विशद मंथन करेंगे। अलग-अलग वैज्ञानिक सत्रों में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों के अलावा बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के निदेशक एवं प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ संजय माहेश्वरी, इंटरनेशनल राइस रिसर्च सेंटर (ईरी) के साउथ एशिया निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह, एम्स भोपाल के निदेशक और एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ. अजय सिंह, यूएसए में 'आपना' संस्था के अध्यक्ष डॉ. शेखर ए., विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष डॉ. जीएस तोमर, बीएचयू वाराणसी के प्रो. बीएम सिंह, एम्स गोरखपुर के डॉ. चेतन साहनी, आईआईटी दिल्ली के प्रो. केके दीपक, बीएचयू के डॉ. अमित कुमार नायक, आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मैंगलोर के डॉ. प्रह्लाद डीएस, बीएचयू वाराणसी के प्रो. केके पांडेय, ऐमिल के निदेशक डॉ. संचित शर्मा, बीएचयू वाराणसी की प्रो. नम्रता जोशी, मंदसौर विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश के एमए नायडू और इसी विश्वविद्यालय के प्रो. सुनील कुमार पांडेय, गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक डॉ. हिमांशु दीक्षित, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रामकुमार जायसवाल, गुरु गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल डॉ. अरविंद सिंह कुशवाहा आदि की विशेष सहभागिता रहेगी।

# महाकुम्भ मेला के दौरान भटनी-झूंसी-भटनी खंड पर 02 जोड़ी अनारक्षित विशेष गाड़ियों का संचलन

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जन संपर्क अधिकारी बनारस रेल मंडल अशोक कुमार ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 05159/05160 भटनी-झूंसी-भटनी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी तथा 05161/05162 भटनी-झूंसी-भटनी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

05159 भटनी-झूंसी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 12, 13, 14, 15, 26, 27, 28 एवं 29 जनवरी तथा 02, 11 एवं 25 फरवरी, 2025 को 11 फेरे के लिये भटनी से 21.00 बजे प्रस्थान कर पिवकोल से 21.10 बजे, सलेमपुर से 21.22 बजे, लार रोड से 21.37 बजे, तुरती पार से 21.47 बजे, बेलथरा रोड से 21.58 बजे, गोविन्दपुर दुगौली से 22.09 बजे, कीड़िहरापुर से 22.19 बजे, चकरा रोड से 22.30 बजे, इन्दारा से 22.38 बजे, मऊ से 22.56 बजे, दुल्लहपुर से 23.20 बजे, जखनियाँ से 23.32 बजे, सादात से 23.45 बजे, दूसरे दिन औंड़िहार से 00.04 बजे, वाराणसी सिटी से 00.36 बजे, वाराणसी जं. से 00.54 बजे, बनारस से 01.10 बजे, माधो सिंह से 01.46 बजे, ज्ञानपुर रोड से 02.02 बजे तथा हंडिया खास से 02.27 बजे छूटकर झूंसी 03.30 बजे पहुँचेगी।

05160 झूंसी-भटनी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 13, 14, 15, 16, 27, 28, 29 एवं 30 जनवरी, 2025 को 08 फेरे के लिये झूंसी से 23.25 बजे प्रस्थान कर हंडिया खास से 23.50 बजे, दूसरे दिन ज्ञानपुर रोड से 00.18 बजे, माधो सिंह से 00.35 बजे, बनारस से 02.20 बजे, वाराणसी जं. से 02.40 बजे, वाराणसी सिटी से 03.00 बजे, औंड़िहार से 03.45 बजे, सादात से 04.10 बजे, जखनियाँ से 04.25 बजे, दुल्लहपुर से 04.40 बजे, मऊ से 05.25 बजे, इन्दारा से 05.38 बजे, चकरा रोड से 05.48 बजे, कीड़िहरापुर से 05.59 बजे, गोविन्दपुर दुगौली से 06.09 बजे, बेलथरा रोड से 06.20 बजे, तुरती पार से 06.31 बजे, लार रोड से 06.41 बजे, सलेमपुर से 06.53 बजे तथा पिवकोल से 07.03 बजे छूटकर भटनी 07.45 बजे पहुँचेगी।

05161 भटनी-झूंसी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी, 2025 को 05 फेरे के लिये भटनी से 09.55 बजे प्रस्थान कर पिवकोल से 10.06 बजे, सलेमपुर से 10.16 बजे, लार रोड से 10.28 बजे, तुरती पार से 10.38 बजे, बेलथरा रोड से 10.49 बजे, गोविन्दपुर दुगौली से 11.00 बजे, कीड़िहरापुर से 11.10 बजे, चकरा रोड से 11.21 बजे, इन्दारा से 11.31 बजे, मऊ से 11.47 बजे, दुल्लहपुर से 12.10 बजे, जखनियाँ से 12.22 बजे, सादात से 12.35 बजे, औंड़िहार से 12.54 बजे, वाराणसी सिटी से 13.26 बजे, वाराणसी जं. से 13.42 बजे, बनारस से 13.58 बजे, माधो सिंह से 14.34 बजे, ज्ञानपुर रोड से 14.50 बजे तथा हंडिया खास से 15.15 बजे छूटकर झूंसी 16.10 बजे पहुँचेगी।

05162 झूंसी-भटनी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 03, 12 एवं 26 फरवरी, 2025 को 08 फेरे के लिये झूंसी से 18.30 बजे प्रस्थान कर हंडिया खास से 18.53 बजे, ज्ञानपुर रोड से 19.18 बजे, माधो सिंह से 19.34 बजे, बनारस से 20.35 बजे, वाराणसी जं. से 20.55 बजे, वाराणसी सिटी से 21.20 बजे, औंड़िहार से 21.50 बजे, सादात से 22.11 बजे, जखनियाँ से 22.24 बजे, दुल्लहपुर से 22.36 बजे, मऊ से 23.10 बजे, इन्दारा से 23.21 बजे, चकरा रोड से 23.31 बजे, कीड़िहरापुर से 23.43 बजे, गोविन्दपुर दुगौली से 23.53 बजे, दूसरे दिन बेलथरा रोड से 00.04 बजे, तुरती पार से 00.15 बजे, लार रोड से 00.25 बजे, सलेमपुर से 00.37 बजे तथा पिवकोल से 00.47 बजे छूटकर भटनी 01.10 बजे पहुँचेगी।

इन गाड़ियों में सामान्य द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 12 तथा एस.एल.आर.डी के 02 कोचों सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे।

## नए सत्र में मिलेगा लर्निंग स्वीमिंग पूल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**


जिला स्टेडियम में बन रहे बाल तरण ताल का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। भवन और तरण समेत अन्य निर्माण कार्य करीब-करीब पूरा करा लिया गया है। आगामी एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए सत्र में लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें दो वर्ष के बच्चे भी स्वीमिंग का प्रशिक्षण ले सकेंगे। जिला स्टेडियम में 50/25 मीटर लंबा बड़ा पुल काफी पहले से बना है। यहां एक अप्रैल से 30 सितंबर तक जिले के युवा स्वीमिंग का प्रशिक्षण लेते हैं। इस बड़े स्वीमिंग पुल की न्यूनतम गहराई चार फुट और अधिकतम गहराई 12 फुट होती है। इसके चलते छोटे बच्चों को स्वीमिंग का प्रशिक्षण लेने में दिक्कत होती थी। इस समस्या को देखते हुए बड़े स्वीमिंग पूल के पास 5.53 करोड़ की लागत से बाल तरण ताल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

# गोरखपुर एम्स मेस में खाने के बाद 15 छात्रों की तबीयत बिगड़ी, पेट दर्द-उल्टी होने लगी, एक छात्रा भर्ती

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

एम्स के मेस में मंगलवार को करीब 15 एमबीबीएस छात्र, नर्सिंग और रेजिडेंट भोजन करने गए। भोजन के कुछ देर बाद छात्रों को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत होने लगी। इसके बाद हॉस्टल में अफरा-तफरी मच गई। सभी छात्र तत्काल एम्स की इमरजेंसी में गए, जहां पर उनका इलाज शुरू किया गया।

एम्स के मेस में मंगलवार रात खाना खाने से 15 छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में एम्स की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। जहां 14 छात्र प्राथमिक उपचार के बाद छात्रावास चले गए। जबकि एक छात्रा की हालत गंभीर होने पर इमरजेंसी में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। एम्स के डॉक्टरों के मुताबिक सभी छात्रों को माइल्ड फूड प्वाइजनिंग की शिकायत थी। एम्स प्रशासन ने मामले की जांच शुरू करा दी है।



एम्स के मेस में मंगलवार को करीब 15 एमबीबीएस छात्र, नर्सिंग और रेजिडेंट भोजन करने गए। भोजन के कुछ देर बाद छात्रों को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत होने लगी। इसके बाद हॉस्टल में अफरा-तफरी मच गई। सभी छात्र तत्काल एम्स की इमरजेंसी में गए, जहां पर उनका इलाज शुरू किया गया। इन सबके बीच पहले खाना खाने वाले छात्र, नर्सिंग और रेजिडेंटों में भी डर बैठ गया। उन्होंने एहतियात के तौर पर दवा का सेवन कर लिया। हालांकि किसी को कोई और दिक्कत नहीं हुई। एक छात्रा को इमरजेंसी में रखा गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। परीक्षाओं के कारण छात्र इस मुद्दे पर शांत रहे। छात्रों का कहना है कि इससे पहले भी मेस के खाने की शिकायतें आ चुकी है। कुछ दिन पूर्व छात्रों के खाने में कीड़ा निकला था। इसके अलावा एम्स की कैंटीन में भी एक्सपायरी सामान बेचने की शिकायतें सामने आई थीं। इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

मेस में खाने के बाद छात्रों को दिक्कतें आई थीं। उनका इमरजेंसी में तत्काल इलाज कराया गया। जांच में माइल्ड फूड प्वाइजनिंग की बात सामने आई है। मेस संचालक को चेतावनी देते हुए खाने के नमूने ले लिए गए हैं। मामले की जांच कराई जा रही है। **-डॉ. अरुप मोहंती, मीडिया प्रभारी, एम्स**


**कार्यालय ग्राम पंचायत-कजरी नंदापुर, विकास खंड-अकबरपुर, जनपद-अम्बेडकर नगर**

पत्रांक : मेमो/पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक : 10.01.2025

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

**ग्राम पंचायत कजरी नंदापुर, विकास खंड अकबरपुर में** राज्य वित्त/चौदहवां वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष अनुमोदित कार्ययोजना वर्ष 24-25 के निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म के लेटर पैड पर मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें **दिनांक 13-01-2025 से 17-01-2025 तक प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। तदोपरान्त प्राप्त निविदायें दिनांक **17-01-2025 को सायं 4 बजे** उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा के नियम व शर्तें पत्र में अंकित हैं :-

| क्र. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का ब्यौरा |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में सामुदायिक पंचायत भवन निर्माण कार्य। | 17 लाख 60 हजार | मिट्टी, गिट्टी, सीमेण्ट, मौरंग, ईंट सरिया व अन्य सामग्री |

**नियम व शर्तों का विवरण :-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु सूचित किया जायेगा।
2- आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं करने पर आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए ग्राम पंचायत स्वतंत्र होगी।
3- फर्म जी0 एस0 टी0 पंजीकृत हो व आयकर दाखिल करने की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
4- जो दरें प्रस्तुत की जायें, वह दरें जी0एस0टी0 तथा ढुलाई, लदाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
5- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेंगी।
6- प्रस्तुत दरें PWD द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए।
7- स्वीकृत आपूर्ति कर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मांग के उपरान्त ही किया जायेगा। गुणवता खराब होने पर आपूर्ति कर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।
8- बिना कोई कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।

**राम तीरथ**
ग्राम प्रधान

**आदित्य सिंह**
ग्राम पंचायत सचिव


# सभी वर्गों के कल्याणार्थ है भाजपा सरकार की योजनाएं- पूर्व सांसद

**जन एक्सप्रेस । लार देवरिया**

ब्लाक कार्यालय परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की तरफ से आयोजित शिविर में दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का वितरण एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है। दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल दी जा रही है जिससे उनके जीवन में सुगमता आएगी। दिव्यांग जन की राह को सुगम बनाती है ट्राईसाईकिल - अमित सिंह बबलू ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने कहा कि ट्राई साइकिल की सहायता से दिव्यांगों को आने-जाने में सुविधा होगी। दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए इस तरह के विशेष कार्यक्रम नियमित तौर पर आयोजित करने की आवश्यकता है, जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को ट्राइसाइकिल मिल सके। जिला दिव्यांग अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि इन दिव्यांगों को पूर्व में चयनित किया गया था, जिन्हें आज ट्राई साइकिल दी गई है। खण्ड विकास अधिकारी रमेश दत्त मिश्र,टी.के. सिंह,अजय दूबे वत्स,आसनारायण सिंह,बृजेश धर दूबे,एडीओ बैजनाथ प्रजापति,रजनीश श्रीवास्तव, शिवप्रसाद साहनी,दरोगा सिंह,अशोक कुशवाहा,रूपेश सिंह,लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।




**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-36-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-34-25-2 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-LKO-Gen-35-25-1 (ATM-General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.01.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

102/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पशु क्रूरता अधिनियम के तहत तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर पुलिस द्वारा गोवंशीय पशु का वध करने का प्रयत्न करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गोवध के उपकरण बरामद बरामद किया है ।

जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को उप निरीक्षक शिवम सिंह व उसके सहयोगियों ने थाना को क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना दी गई कि ग्राम भीखमपुर के पूरब मुगहरिया नाला के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा गोवंशी पशु को वध करने हेतु पशु के पैर बांधकर रखा गया है । सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर देखा कि एक गोवंशी पशु (सांड) के चारों पैर तथा गर्दन को बांधकर जमीन पर गिराया गया था । पिछले पैर को 02 व्यक्ति दबाये हुए थे तथा 01 व्यक्ति हाथ में बड़ी छूरी लेकर गर्दन के पास झुका हुआ था, जिनको घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया तथा मौके से बरामद एक गोवंशीय पशु(सांड) को श्री रामसेवक पुत्र ननकू निवासी ग्राम भीखमपुर थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर को समक्ष गवाहान सुपुर्द किया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर बलरामपुर पर दिनांक 09 जनवरी 2025 को गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिह थाना कोतवाली नगर के कुशल नेतृत्व में 09 जनवरी को थाना कोतवाली नगर जनपद बलरामपुर से सम्बन्धित मुकदमा गोवध निवारण अधिनियम के अभियुक्त मो0 जिब्राइल पुत्र स्व0 मासूम रजा नि0 ग्राम भीखमपुर थाना को0नगर जनपद बलरामपुर, मो0 मूसा पुत्र मो0 मुस्तफा नि0 ग्राम भीखमपुर थाना को0नगर जनपद बलरामपुर तथा अब्दुर्रहमान पुत्र उबैदुर्रहमान उर्फ डफाली नि0 ग्राम भीखमपुर थाना को0नगर जनपद बलरामपुर को वहद ग्राम भीखमपुर के पूरब बन्धा के किनारे मुगहरिया नाला के पास से गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से एक अदद लकड़ी के ठीहा, 02 अदद रस्सी, 02 अदद बोगदा व 03 छूरी बरामद कर मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है । अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि आवारा पशुओं को चोरी से सूनसान स्थान जंगल ले जाकर उनका वध कर धन अर्जित करना हम लोगों का व्यवसाय है । आज हम लोग गोवंशीय पशु (सांड) को वध काटने के लिये ले गये थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 शिवम सिंह थाना को0 नगर बलरामपुर, उ0नि0 वसी अहमद थाना को0 नगर बलरामपुर, उ0नि0 अर्जुन सिह थाना को0 नगर बलरामपुर, हे0का0 जयमंगल यादव थाना को0 नगर बलरामपुर, हे0का0 सिद्धनाथ यादव थाना को0 नगर बलरामपुर, का0 रवि दुबे थाना को0 नगर बलरामपुर तथा का0 शशिकान्त यादव थाना को0 नगर बलरामपुर शामिल थे।

# चीनी मिल ने किया पिछले पेराई सत्र के गन्ना मूल्य का संपूर्ण भुगतान

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के उतरौला तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थापित बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल लिमिटेड यूनिट इटई मैदा उतरौला ने गन्ना किसानों का बकाया राशि का संपूर्ण भुगतान शुक्रवार को जारी कर दिया है।

चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना आर पी शाही ने 10 जनवरी को जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष तेरा ह सत्र 2023 - 24 के गन्ना मूल्य का संपूर्ण भुगतान कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि चालू गन्ना खरीद का भुगतान त्वरित गति से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष का कोई भी बकाया अवशेष नहीं है। उन्होंने गन्ना किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान अपने आवंटित क्षेत्र को ही गन्ना आपूर्ति करें, ताकि उन्हें भविष्य में गन्ना बेचने में कोई समस्या ना हो और सप्लाई कोटा भी बचा रहेगा ।

## पार्टी कार्यालय पहुंचकर किया हंगामा

# भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनाव में कार्यकर्ताओं ने धांधली का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर



जनपद में गुरुवार देर शाम भाजपा ने जिले में मंडल अध्यक्षों की नई सूची जारी की, लेकिन इसके बाद संगठन में हंगामे का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्षों के चयन प्रक्रिया में धांधली और मनमानी का आरोप लगाया। कटेहरी मंडल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय बाद क्षेत्र में भाजपा का मजबूत आधार बना था, लेकिन इस बार मंडल अध्यक्ष के चयन में साजिश की गई, जिससे पार्टी की स्थिति कमजोर हो सकती है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जिला चुनाव अधिकारी देवेंद्र सिंह ने अपने रिश्तेदारों और नजदीकी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों को ताक पर रखकर फैसले लिए। सूत्रों के अनुसार, जिला चुनाव अधिकारी पर पार्टी मानकों को दरकिनार कर व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि तीन मंडल अध्यक्ष पार्टी के तय मापदंडों पर खरे नहीं उतरते। यहां तक कि कई सक्रिय और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर नए और बाहरी लोगों को प्रमुख पद दिए गए। इस मामले में पार्टी के एक पूर्व जिलाध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने जिला चुनाव अधिकारी पर पदों के लिए धन लेने और पक्षपात करने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि कैसे मंडल चुनाव अधिकारियों और जिला पदाधिकारियों की सिफारिशों को नजरअंदाज किया गया।

इस विवाद से भाजपा की संगठनात्मक छवि को नुकसान पहुंचा है। कार्यकर्ता अब जिला नेतृत्व से मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# सेवा के लिए तैयार है हरिगढ़ साधना शिविर

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



संतों के समागम का अति महत्वपूर्ण एवं पुनीत पर्व महाकुम्भ का आरंभ अखाड़ों की पेशवाई के साथ हो चुका है,देश भर की अनेकों संस्थाओ ने काल्पवास हेतु अपनी कुटियाँ निर्मित कर डेरा बना लिया है। इसी क्रम में अलीगढ मंडल से स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में पहली बार लग रहे हरिगढ़ साधना शिविर की तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो चुकी है। विश्वकल्याण सेवा संस्थान एवं वैदिक ज्योतिष संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लगने वाले अलीगढ के शिविर के उद्घाटन होने में महज कुछ दिन शेष हैं। महाकुम्भ शिविर से जुडी जानकारी को साझा करने के लिए संस्था के सदस्यों ने स्वर्ण जयंती नगर सीजन्स अपार्टमेंट स्थित कार्यालय पर वार्ता की गयी। वार्ता में संस्थान के सदस्य एवं कथा व्यास शिवम शास्त्री तथा ठाकुर राहुल सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रयागराज में नव निर्मित हरिगढ़ साधना शिविर से जुडी जानकारी देते हुए कहा कि सनातन प्रेमियों की आस्थाओं से जुड़े महाकुम्भ मेले में इस बार अलीगढ जनपद ही नहीं बल्कि मंडल के पहले शिविर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। जिसका संचालन 13 जनवरी से प्रारंभ होगा।उन्होंने बताया कि हरिगढ़ साधना शिविर जनपद से आने वाले समस्त भक्तवृंद एवं संतों कि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। संत निवास एवं ग्रहस्त निवास सहित कई श्रेणियों में कुटिया को विभाजित किया गया है। विभिन्न प्रांतो से आने वाले लोगों की सुविधाओं सहित शिविर में विशेष सहयोग देने वाले व्यक्तियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही शिविर में योगदान देने वाले लोगों को वरीयता भी दी जाएगी। इस शिविर की खास बात यह है कि यहाँ सप्तर्षि और द्वादश ज्योतिर्लिंग के नाम पर रखा गया हैं।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



गणतन्त्र दिवस को परम्परागत , हर्षोल्लास एवं भव्यपूर्वक मनाये जाने को लेंकर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस को परंपरागत, हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए विस्तृत चर्चा की गई।

गणतंत्र दिवस पर जनपद के सभी सरकारी कार्यालय /अर्द्ध सरकारी कार्यालय/ शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा एवं राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाएगा एवं गोष्ठी में अमर क्रांतिकारी एवं शहीदों के बलिदान को याद किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस लाइन में परेड तथा स्टेडियम से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास भवन से सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की झांकी निकाल योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद स्मारक एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर विशेष रूप से आकर्षक लाइटिंग के साथ सजाया जाएगा इसके साथ ही साथ सभी सरकारी कार्यालय पर भी लाइटिंग की जाएगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नगर निकायों एवं ग्राम पंचायत में साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

संयुक्त जिला चिकित्सालय साहित अन्य जिला चिकित्सालयों में मरीज को फल वितरण किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी सभी कार्यक्रमों को अच्छी तरह से संपन्न कराएंगे।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव , समस्त एसडीएम , परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं समाजसेवी उपस्थित रहें।

# छात्र पुलिस अनुभवात्मक कार्यक्रम के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों को दी गई विधिक जानकारी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शुक्रवार को छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के तहत कोतवाली नगर का भ्रमण कराया गया । भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को पुलिस कर्मियों द्वारा विधिक जानकारी प्रदान की गई । जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को नगर कोतवाली परिसर में छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम स्पेल के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। एन एस एस के स्वयंसेवकों को कानूनी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कोतवाली बलरामपुर नगर की नोडल अधिकारी पुलिस ज्योति श्री एवं एन एस एस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल ने किया। इस दौरान नोडल अधिकारी पुलिस ज्योति श्री ने अवगत कराया कि यह कार्यक्रम 120 घंटे का है।

इस कार्यक्रम के तहत पुलिस की कार्यप्रणाली एफआईआर दर्ज करने और भीड़ के दौरान उठाये जाने वाले कदम के बारे में बताया। उन्होंने पुलिस आचार संहिता की मूलभूत जानकारी के साथ ही साथ साइबर अपराध, महिला एवं बाल अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया। एन एस एस नोडल अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल ने कहा कि यह प्रशिक्षण 30 दिन का है और इसके पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को न केवल कानून के प्रति जागरूक करना है बल्कि उन्हें समाज मे एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस प्रशिक्षण काल के दौरान छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए उन्हें अनाथालय, वृद्धाश्रम और अन्य सामाजिक संस्थानों का भी दौरा कराया जायेगा। इस अवसर पर नगर कोतवाली के समन्वयक सब इंस्पेक्टर वसी अहमद के अतिरिक्त स्वयंसेवक हर्षित धर द्विवेदी व श्रीओम कसौधन सहित कई लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा नोटिस का प्रथम संशोधन**

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांक : 27.12.2024 में निम्नलिखित संशोधन किए गए है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 |
| कार्य का नाम | लखनऊ डिवीजन के मिशन रफ्तार के संबंध में अमौसी–मानक नगर सेक्शन में गति को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए ओ0एच0ई0 संशोधन कार्य का डिजाइन आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य एवं अमौसी–कानपुर सेक्शन पर 160/200 किलोमीटर प्रति घंटा गति बढ़ाने के लिए 2x25 के0 वी0 सिस्टम के लिए ओएचई संशोधन कार्य (शेष)" |
| अनुमानित लागत | रु.12,94,87,087.13 |
| बयाना राशि | रु.7,97,400.00/– |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 29.01.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह |

निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए: जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक): "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. –टीआरडी–21–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांक: 27.12.2024

111/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी होंगे होनौरिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एमपी तिवारी शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 12 जनवरी, 2025 को होनौरिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा ।

जानकारी के अनुसार शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी को 12 जनवरी, 2025 को कोर्टवार्ड बाय मैरियट पट्टाया थाईलैंड में आयोजित होने जा रहे प्रतिष्ठित होनौरिंग एक्सीलेंस इन एजुकेशन आवार्ड के लिए नामित किया गया है। होनौरिंग एक्सीलेंस इन एजुकेशन आवार्ड एक प्रतिष्ठित सम्मान है जो शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को मान्यता देता है। इस अवार्ड समारोह में दुनिया भर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग, विशषज्ञों की उपस्थिति होगी। डॉ0 एम0पी0 तिवारी की उपलब्धि पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज, बलरामपुर के लिए गर्व का क्षण है और शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण ने अनगिनत छात्रों, शिक्षकों को प्रेरित किया है, और उनकी विरासत शिक्षा के भविष्य को आकार देना जारी रखेगी। इस उपलब्धि का श्रेय डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने अपने संघर्शील शिक्षकों, आफिस के समस्त कर्मचारियों, विद्यालय परिवार के सदस्यों, विद्यालय के प्रबन्धक इं0 आकाश तिवारी, कोषाध्यक्षा श्रीमती मीता तिवारी, अध्यक्ष डॉ0 राजीव रंजन एवं एक परिवार की तरह सदैव विद्यालय परिवार से जुडे हुए अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि यह अवार्ड अब हमारी जिम्मेदारियों और प्रयासों को बढाने का काम करेगा।

# अग्रवाल भवन में श्री श्याम सुमिरन भजन संध्या आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के भगवतीगंज नगर स्थित अग्रवाल भवन के प्रांगण में श्री श्याम युवक संघ भगवतीगंज की ओर से चतुर्थ श्री श्याम सुमिरन भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम को शुभारंभ मुख्य अतिथि सौम्य अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल भवन बलरामपुर, विशिष्ट अतिथि बी एन ठाकुर महा प्रबंधक वित्त बलरामपुर चीनी मिल व मनीष तुलस्यान, देवीकान्त अग्रवाल, सौरभ तुलस्यान, विवेक भाव, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी व अशोक अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ कराया । भजन संध्या में भजन गायिका रेशमी शर्मा समस्तीपुर व भजन गायक रोहित शर्मा गोंडा द्वारा बहुत ही अच्छे-अच्छे भजन को सुनाया । भजन सुनकर श्रोता झूमते हुए नजर आए । कार्यक्रम स्थल पर बाबा के भजनों पूरा पंडाल गूंज उठा । श्याम बाबा का फूलों से दरबार सजाया गया । बड़ी संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद भी पाए । कार्यक्रम में 56 प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया । अंत में प्रसाद वितरण किया गया । अक्षत अग्रवाल, अमन बंसल अंकित अग्रवाल अन्नु, आयुष अग्रवाल, देवेंद्र मदान, अंकित अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल मनु गुप्ता,मृदुल अग्रवाल,निकुंज अग्रवाल, पियूष महेश्वरी, प्रतीक सिंगल, रजत अग्रवाल, शुभम मखारिया, रजत अग्रवाल, सौरभ तुलस्यान, उमंग बंसल, रजत गुप्ता,विवेक अग्रवाल, यश तिवारी, मनोज अग्रवाल, जगत अग्रवाल, अनूप सिंगल, विजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रमोद चौधरी, ताराचंद अग्रवाल, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक, अनूप सिंघल,मनोज चौरसिया व महिलाओं में रितु अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उज्जवल अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, गुड़िया गुप्ता कमलापुरी सविता सिंह, सिंपल शर्मा,मीरा सिंह संगीता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, नम्रता अग्रवाल, किरन केसरवानी रेनू अग्रवाल, अर्चना सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोग विशाल भंडारा का प्रसाद ग्रहण किए।

## पहले दिन हुई शास्त्रीय, सुगम और हिंदी फिल्म संगीत गायन प्रतियोगिता, आज होगा वादन प्रतियोगिता का आयोजन

# शुभारम्भ : तीन दिवसीय संगीतोत्सव की हुई शुरुआत

जन एक्सप्रेस । आगरा




जानकी संगीत संस्थान व परधर हैल्प फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय अखिल भारतीय गायन, वादन व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बोदला रोड स्थित मंगलम बैंकेट हॉल में आयोजित हुआ। शुभारम्भ मुख्य अतिथि अरुण डंग, विशिष्ट अतिथि रवि नारंग, हरीश भदौरिया, सुशील सरित और पूजा सक्सेना ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रवज्जलित कर किया।

समन्वयक प्रो. डॉ. आन्शवना सक्सेना ने बताया कि आगरा कल्चरल एसोसिएशन के सहयोग से चार वर्गों में पहले दिन शास्त्रीय गायन, सुगम गायन और हिंदी फिल्म संगीत गायन प्रतियोगिता हुई। जिसमे शास्त्रीय संगीत में बाल वर्ग में प्रथम अथर्व गिरि, द्वितीय निहार यादव, तृतीय स्थान रौनक बोधवानी,सक्षम शिरोमणि व अनीश शर्मा रहे। किशोर वर्ग में प्रथम अथाईना दुआ, द्वितीय हर्षित व लक्षिता और तृतीय स्थान पर रेशु, मंदिरा रागिनी, जतिन रहे। युवा वर्ग में प्रथम स्थान हर्ष रखीरा, ज्येष्ठ वर्ग में मनीष सिंह रावत ने प्रथम स्थान एवं अनीता त्यागी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सह समन्वयक सुभाष सक्सेना ने बताया कि सुगम गायन में किशोर वर्ग प्रथम महक, द्वितीय लीना, तृतीय स्थान कोमल और सांत्वना आलोक ने प्राप्त किया। युवा वर्ग में प्रथम स्थान अक्षिता वर्मा ,द्वितीय स्थान सरिता यादव,तृतीय स्थान पर अंशुल सिंह और सांत्वना सुमेधा गौतम ने प्राप्त किया। ज्येष्ठ वर्ग में विभा ने प्रथम स्थान, शालिनी ने द्वितीय और दिशा तृतीय स्थान पर रहीं। गायन प्रतियोगिता में कुल तीन सौ बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में प्रो. अमिता त्रिपाठी, प्रो. निष्ठा शर्मा. डॉ मंजरी शुक्ला, प्रेरणा तळेगावकर और धन्वंतरि पराशर शामिल रहे। संचालन मोहित शर्मा व आर. पी. सक्सेना ने किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर शर्मा, हर्षित पाठक, शिवकुमार शर्मा, हरिओम माहौर, विनय सक्सेना, अर्जुन, पूनम, रजत आदि मौजूद रहे।

### संगीतोत्सव में आज

संगीतोत्सव में शहर के बच्चो द्वारा दूसरे दिन वादन प्रतियोगिता के अंतर्गत शास्त्रीय संगीत व हिंदी फिल्मी संगीत में तबला, ड्रम, हारमोनियम, सितार, बांसुरी, गिटार, कांगों, वायलिन, सिंथेसाइजर और पखावज की प्रस्तुति होगी। प्रतियोगिता के बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

# अचानक आग लगने से घर जलकर हुआ राख लाखों रुपये का हुआ नुकसान

- राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंचकर आगजनी की बनाई रिपोर्ट मुआवजा का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



**हजारा।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में आग लगने से एक ग्रामीण का घरेलू सामान सहित पूरा घर जलकर खाक हो गया है। आगजनी की इस घटना में लाखों रुपये का नुक़सान हो गया है। घटना की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार कर पीड़ित को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।
ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव अशोकनगर नई बस्ती में शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते तहरुन निशा के छप्पर पोश घर में दोपहर में अचानक आग लग गई देखते-ही-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों ने शोर मचाया तो तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे जब तक आग पर ग्रामीण काबू पाते तब तक घर में रखा पलंग, चारपाई, रजाई, बिस्तर, साइकिल, जेवरात, अनाज, बर्तन, दो गैस सिलेंडर सहित छः हजार रुपए की नगदी सहित लाखों रुपये का सामन जलकर राख हो गया है। पीड़िता के घर में जिस समय आग लगी थी उस समय वह मजदूरी करने के लिए खेतों में गई हुई थी
सूचना पर घर पहुंची तो सब कुछ जलकर राख में तब्दील देखकर रो रोकर बूरा हाल हो गया है। आगजनी की सूचना ग्राम प्रधान नीलम देवी के पति सूर्यभान मदेशिया ने पूरनपुर तहसील प्रशासन को दिया जिस पर राजस्व लेखपाल रामेश्वर चौहान व कानून गो गुरमेस चन्द्र मौके पर पहुंचकर आगजनी से हुए नुक़सान का आंकलन कर रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेजा है और पीड़िता को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

## अकियू के प्रदेश सचिव पर अभद्र पोस्ट कर छवि धूमिल करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

कासलटेसी संचालक ने अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर झूठी और अफवाह जनक पोस्ट कर अपमानित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।
मधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव भैरौं खुर्द निवासी परमवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह पूरनपुर में जस्ट राइट इमीग्रेशन नामक कासलटेशी चलाते हैं। आरोप है कि बीते पांच-छह माह से अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव बलजिंदर सिंह द्वारा उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर झूठी और अफवाहजनक श पोस्ट कर अपमानित किया जा रहा है। जिससे समाज में उनकी छवि धूमल हो रही है। अपमानित पोस्ट की जानकारी करने पर धमकी दी गई। पोस्ट न करने के एवज में 15 लाख रुपए की मांग की। आरोप है कि रुपयों की मांग पूरी न होने पर लगातार झूठी पोस्ट करने की धमकी दी जा रही है। आरोपित की धमकी से पीड़ित का परिवार परेशान है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यमंत्री ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



खुटहन बीरीसमशुद्दीनपुर गॉव में शुक्रवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे खेल राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव ने जरूरतमंदों में तीन सौ कम्बल वितरित किया। इस कड़ाके की ठंड में कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। सभा को सम्बोधित करते हुए खेल राज्यमंत्री ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीब, मजलूमों तथा जरूरतमंदो के प्रति समर्पित है। सरकार की हर योजना का लक्ष्य अन्त्योदय है। जो बिना भेदभाव के समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करती है। उन्होंने बारी बारी से शासन की योजनाओं को विस्तारपूर्वक बताकर जनसमूह को इन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विनय मिश्रा, सुभाष चन्द्र उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंह, श्रवण उपाध्याय, अजय सिंह, नरसिंह विश्वकर्मा, दीपक यादव, मदनलाल सोनी, प्रधान संतलाल सोनी, विंदलेश पासवान, डा राम सूरत विंद, आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर। शासन की मंशा के अनुरूप राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा प्रेषित पत्र के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों की समस्याओं/मांगों तथा कार्मिकों की व्यक्तिगत समस्याओं के निस्तारण हेतु बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी एवं जनपद के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के समक्ष अधीनस्थ कृषि सेवा संघ,ग्राम्य विकास एसो0, पंचायतीराज विभाग, आंगनवाड़ी एसो0, सिंचाई संघ नलकूप, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, उ0 प्र0 लेखपाल संघ, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ, जल निगम संघ,नगर पालिका संघ, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ, होम्योपैथिक संघ, कोषागार संघ, सेवानिवृत्त पेंशनर्स संघ,आईटीआई संघ,पी.डब्लू. डी. संघ, इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल संघ,होमगार्ड संघ, एआरटीओ संघ, बेसिक हेल्थ वर्कर्स संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ, लोक निर्माण श्रमिक संघ, आयुर्वेदिक एवं यूनानी संघ, मनरेगा तकनीकी सहायक संघ आदि विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के विभिन्न विभागीय समस्याओं मूलतः समय से वेतन, बोनस, वेतन वृद्धि, एरियर, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, स्थायीकरण, एसीपी, पदोन्नति, यात्राभत्ता, निलंबन, स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पावने (देय भुगतान) का समय से न मिलना आदि विभिन्न समस्याओं के सन्दर्भ को मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि विभागों से लम्बित समास्याओं को तत्काल निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने कार्यरत कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को सचेत किया कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी का अनावश्यक उत्पीड़न न होने पाये, पेंशनर्स की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना जाए तथा इसका निस्तारण भी समय से किया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सभी कार्मिक संगठनों से जनपद में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में अपना शत-प्रतिशत योगदान देते हुए जनपद को शीर्ष स्थान पर लाने की अपील भी की। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही अगली कर्मचारी समस्या समाधान दिवस 15 फरवरी को होने की घोषणा किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर आज हुई सकारात्मक बैठक पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) अरविन्द्र वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाकान्त, उपनिदेशक कृषि, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों में सी0बी0 सिंह, राकेश कुमार श्रीवास्तव, जयप्रकाश गुप्ता, डॉ0 फूलचन्द्र कनौजिया, रामकृष्ण पाल, सरिता सिंह, विजय कुमार सिंह, संजय कुमार, अभय सिंह, इं0 सुनील गुप्ता, इं0 विवेकानन्द, विनोद सिंह, कमरूद्दीन, इं0 राजकुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र सिंह, दयाराम गुप्ता, सूरज प्रजापति, शेषमणि यादव, विक्रम सिंह, प्रदीप सिंह, कल्लू कामरेड, सुनीता यादव, सतीश चन्द्र सिंह, पंजक कुमार, अमर बहादुर यादव, तेज बहादुर राना, गिरिजेश सिंह, अजय यादव, शशिकान्त सिंहानी, माया शंकर मिश्र, राजेश कुमार यादव, गौरव श्रीवास्तव, नीरज सिंह, विजय भान यादव, सुरेश गौतम, आदि विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन परिषद के जिला मंत्री देवेश कुमार यादव द्वारा किया गया है।

# श्री बाला जी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार का मनाया गया चतुर्थ वार्षिकउत्सव





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



श्री बाला जी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के चतुर्थ वार्षिकउत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को बाबा का दरबार सजाया गया। दरबार दोपहर दो बजे शुरू हुआ। सबसे पहले बाला जी महाराज और नींव करोली बाबा का पूजन किया गया। इसके बाद समस्त संतो का ध्यान कर दरबार का आगाज किया गया। सबसे पहले श्री गणेश वंदना की गई है। इसके बाद महत विशाल सेवक तेरे हाथों की कठपुतली, बाबा रे बाबा, बजरंग बली के सहारे मेरी नाव चली जैसे भजनों पर श्रद्धालुओं झूम उठे। कई श्रद्धालु ने डांस दिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, राहुल शर्मा, चेयरमैन संदीप कौर आदि लोगो ने पूजन किया। इस पर श्रद्धालुओं पर।पुष्प वर्षा कर महंत विशाल सेवक ने स्वागत किया। दरबार में हवन कर सर्व समाज के लिए दुआएं मांगी गई। श्रद्धालुओ ने आहुति देकर मनौती मांगी। इस दौरान लोगों ने बाबा नींव करोली के भी दर्शन किए।
दरबार के बीच में सुंदर सुंदर श्रीराम, हनुमान, की मनमोहक दृश्य दिखाया गया।
इस दौरान राम साउंड, मुकेश कुमार, रत्नाकर रवि, हर्ष तिवारी, अंशु, विशन, सोमनाथ, सनी, बंटी, चिराग, अर्जुन, लव, अनुज भारती, पुष्पा भारती, सोनाली, रेनू, कविता, नीलू आदि लोग मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों से सम्बन्धित समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह-2025(26 जनवरी 2025) की तैयारियों से सम्बन्धित बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों एवं भवनों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रीयगान एवं राष्ट्रीय संकल्प का पाठ, सम्पन्न किया जायेगा और साथ ही साथ सभी कार्यालयों में विचार गोष्ठी काव्य पाठ तथा राष्ट्रीय एकता, शान्ति एवं सद्भावना से युक्त विचार सभाओं का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 9:00 बजे धवजारोहण के उपरान्त जनपद के शहीदों के परिजनों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित किया जायेगा। समस्त उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में भी शहीदों के परिजनों को सम्मानित करेगें। प्रातः 10:00 बजे लोकतंत्र/गणतंत्र की मूल अवधारणाओं एवं राष्ट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द पर प्रकाश डालने हेतु विचार गोष्ठी, निबन्ध लेखन एवं वाद-विवाद, कला पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 10:30 बजे ओपिन बालिकाओं/बालकों की 800 मीटर दौड़ एवं फुटबाल/ बैडमिन्टन/ टी.टी./10 क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला क्रीडा अधिकारी के नेतृत्व में किया जायेगा। प्रातः 11:00 बजे जिला अस्पताल में फल वितरण, वृद्धाश्रम में व जिला कारागार में महिला एवं पुरूष बन्दियों को फल वितरण किया जायेगा। प्रातः 11:30 बजे चित्रकला (पेटिंग) प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज में किया जायेगा जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी अधिशासी अधिकारी को साफ सफाई व्यवस्था व चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये।
बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्टेट्र, उप जिलाधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, विभिन्न के प्रधानाचार्य सहित समाजसेवी, पत्रकार बन्धु सहित गणमान्य व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### टैम्पो की टक्कर से बाइक सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मलमल पुलिया के समीप सड़क दुघर्टना में टैम्पो व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमल पुलिया के समीप शुक्रवार को समीपवर्ती जनपद के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खंजहापुर गांव निवासी 18 वर्षीय प्रवेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र यादव व 18 वर्षीय नीतेश कुमार पुत्र रामू यादव अपने बाइक से शाहगंज सेंट थामस इंटर कालेज में परीक्षा देने आ रहें थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार टैम्पो ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसके चलते दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को घटना की सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अलाव में डाल रहे गीली लकड़ी, कई जगह जलते मिले नहीं अलाव, ठेकेदार को नोटिस

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

> **रैन बसेरे में मिली ठप व्यवस्था, सफाई नायक भी जवाब तलब**
> शहर में अलाव व्यवस्था ठप मिलने के साथ-साथ निराश्रित लोगों के लिए बनाया गया रैन बसेरे भी बदहाल देखने को मिले। यहां भी यहां भी प्रभारी ईओ के निरीक्षण के दौरान हकीकत का खुलासा हुआ। जहां लोगों के लिए सोने की व्यवस्था को रखे गए रजाई तकिया और गदहे बेहद गंदे मिले। इसके अलावा गंदगी के ढेर लगे मिले। इस पर सफाई नायक प्रभात बाबू का एक दिन का वेतन रोकने के आदेश दिए।

ठंड को देखते हुए नगर पालिका की ओर से शहर में अलाव लगवाने का टेंडर किया गया। लेकिन ठेकेदार ने ठंड में अलाव में गीली लकड़ी लगवाने के साथ पेड़ों की जड़ लगवा दी थी। जिसकी शिकायत प्रभारी ईओ तक पहुंची तो उन्होंने रात के मौके पर जाकर हकीकत को परखा। तो वहां गीली लकड़ी और अलाव जलते नहीं मिले। इस पर प्रभारी ईओ ने ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। साथ भुगतान पर रोक लगा दी है। शहर में नगर पालिका की ओर से 31 स्थानों पर अलाव लगवाने के लिए टेंडर निकला था। जो टेंडर अपने करीबी ठेकेदार शैलेश कुमार अग्रवाल को दिया गया था। वर्तमान रेट से अलाव का टेंडर किया गया था। नियम है कि एक अलाव पर करीब 25 से 30 किलो लकड़ी लगाने का है। मगर यह पर लकड़ी के नाम पर गीली लकड़ी डाली जा रही है। जिस वजह से वह जल नहीं रही है। इतना ही नहीं कई जगह अलाव भी नहीं लग रही है। शिकायत मिलने पर प्रभारी ईओ आशुतोष गुप्ता ने 9 जनवरी की रात्रि अलाव का निरीक्षण किया। तो मौके पर की गई शिकायत सच बैठी। मौके पर प्रभारी ईओ आशुतोष गुप्ता को नक्तदाना के पास साईं कॉलोनी में लकड़ी का स्टॉक स्थल चेक किया गया। जहां सिर्फ पेड़ की जड़ मिली। जोकि गीली थी। सूखी और जलौनी लकड़ी नहीं मिली। इसके बाद जिला अस्पताल को चेक किया गया। जहां पेड़ की मोटी लकड़ी जलती मिली। जिसकी गुणवत्ता खराब मिली। गौहानिया चौराहा पर रात आठ बजे अलाव जलता नहीं मिला। रेलवे जंक्शन पर भी रात नौ बजे अलाव जलता नहीं मिला।
इसके अलावा अन्य जगह पर भी अलाव जलता नहीं मिला। इस पर प्रभारी ईओ ने ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए नोटिस जारी किया।

## 10 वर्ष बाद फिर हुबहू वारदात

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ में 10 साल बाद सुहेल गार्डन में फिर से सामूहिक हत्याकांड हुआ है। गली भी वही है, घटनाक्रम भी वैसा ही हुआ, बस किरदार बदल गए। कातिलों ने बिल्कुल वारदात का दोहराव किया है।
पहले दंपती और फिर बच्चों की हत्या शातिर दिमाग से कातिल मोईन और उसके परिवार की हत्या करके आसानी से भाग गए। अंदेशा है कि कातिलों ने खाने में परिवार को नशीला पदार्थ खिलाया और फिर मौत की नींद सुला दिया। अंदेशा है कि बदमाशों ने पहले मोईन, फिर पत्नी और बच्चों को मार डाला।
खतौली निवासी नावेद की पत्नी रुखसाना अपने चार बच्चों के साथ सुहेल गार्डन में आकर रहने लगी थी। 25 जनवरी 2015 को बदमाशों ने महिला और उसके चारों बच्चों की नृशंस हत्या कर दी थी। रुखसाना के भांजे नईम उर्फ मीम और उसके दोस्त मोहसिन को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया। नरसंहार की वजह रुखसाना की बड़ी बेटी से दोस्त का एकतरफा प्यार था। खुलासा हुआ था कि रुखसाना और उसके बच्चों को आरोपियों ने रात में ही खाने की फरमाइश पूछी। आखिरी इच्छा पूरी की, खानी में नशीला पदार्थ खिलाया और फिर मौत की नींद सुलाया था।
ठीक 10 साल बाद फिर से सुहेल गार्डन में ऐसी ही खौफनाक वारदात ठीक 10 साल बाद फिर से सुहेल गार्डन में ऐसी ही खौफनाक वारदात को दोहराया गया। इसमें बदमाशों ने राजमिस्त्री मोईन और उसके परिवार को बेरहमी से मारा है। अंदेशा है कि राजमिस्त्री मोईन ने बुधवार शाम अपने मकान में लिंटर डालकर लड्डू बांटकर खुशी मनाई थी। इस खुशी में मोईन के साथ कौन-कौन था, कहीं कातिल ने पहले मोईन और उसके परिवार को खाने में कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर वारदात को अंजाम दिया है। इस सामूहिक हत्याकांड के कातिल पकड़े जाएंगे तो फिर से बड़ा ऐसा ही खुलासा होगा।
मासूम बेटियों का क्या कसूर?
सामूहिक हत्याकांड का कारण कुछ भी हो, लेकिन मोईन की मासूम बेटियां का कसूर है। इस बच्चियों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं था। आरोपियों ने पहले सिर पर प्रहार किया और फिर गला काटा। घर में खून ही खून था। पुलिस ने क्राइम सीन के दौरान मकान में सामान की जांच की। बताया गया कि पांच नशीली गोलियां भी मिली है, हालांकि अभी इसकी कोई पुष्टि नहीं है।

## चीनी मांझा बेचने वालों के विरुद्ध दर्ज हो गैर इरादतन हत्या का केस-विकास तिवारी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




जौनपुर में बिक रहें प्रतिबंधित चाइनीज मांझा पर पूर्ण रोक लगाने की मांग को लेकर दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता विकास तिवारी के कुशल नेतृत्व में युवाओं का एक जत्था जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक जौनपुर से मिलकर चीनी मांझा बेचने वालों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए गैर इरादतन हत्या का केस पंजीकृत कर कार्यवाही करने की मांग की।
श्री तिवारी का कहना है कि जनपद प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस की लापरवाही व शिथिलता के कारण हमारे जनपद में पूर्ण प्रतिबंध के बाद भी चीनी मांझा और प्रतिबंधित नायलॉन धागा व प्रतिबंधित सिंथेटिक से लेपित धागा तथा गैर बायोडिग्रेडेबल मांझे बेचे जा रहे हैं। जनपद का ऐसी कोई बाजार नहीं है जहां ये प्रतिबंधित धागा और मांझा धड़ल्ले से ना बिक रहा हों लेकिन प्रशासन मुकदर्शक बना पड़ा है। जिसके कारण आये दिन किसी ना किसी व्यक्ति का मांझे से गला कट जा रहा है। जनपद के प्रत्येक गांव व नगर की सड़कों पर यात्रा करने वाले लोग अत्यंत खौफजदा हैं उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कब उनका प्रतिबंधित धागे से उड़ने वाली पतंग के धागों से गला कट जायेगा इसका कोई भरोसा नहीं है। हमारे जनपद मे पिछले कुछ दिनों में उक्त प्रतिबंधित धागों से गला कटने की कई घटनाएं हुई हैं। यदि इन प्रतिबंधित धागे से गला कटने के कारण किसी की मृत्यु होती है तो उस मौत के जिम्मेदार प्रतिबंधित मांझा बेचने वाले ही होंगे। इस मौके पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अतुल सिंह ने बिन्दुवार व्याख्या करते हुए कहा कि हमारे जनपद में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा मूल आवेदन संख्या 384 वर्ष 2016 में पारित दिनांक 11 जुलाई, 2017 के निर्णय को अक्षरशः लागू करने में पूर्ण विफलता रही है। चीनी मांझा/नायलॉन मांझा के कारण मनुष्यों के अलावा पक्षी, बंदर भी बार-बार घायल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली ने एप्लिकेशन संख्या 384 वर्ष 2016 (खालिद अशरफ एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में दिनांक 11 जुलाई, 2017 के निर्णय द्वारा नायलॉन या किसी भी सिंथेटिक सामग्री से बने माझे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने के लिए छह बिंदु निर्देश जारी किए हैं।
1. पतंग उड़ाने के लिए नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने और/या सिंथेटिक पदार्थ से लेपित तथा गैर-बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।
2.राज्य सरकारों को पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सिंथेटिक मांझे/नायलॉन धागे और अन्य सभी समान सिंथेटिक धागों के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद और उपयोग पर रोक लगाने का निर्देश दिया जाता है।
3.राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मुख्य सचिवों/प्रशासकों को अपने राज्य/क्षेत्रों में पतंग उड़ाने के लिए सिंथेटिक मांझे/नायलॉन धागे के निर्माण और उपयोग पर प्रतिबंध लागू करने का निर्देश दिया जाता है।
4.प्रतिवादियों को देश के किसी भी हिस्से में सिंथेटिक मांझे/नायलॉन धागे या सिंथेटिक पदार्थों से लेपित अन्य समान धागे के आयात पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया जाता है।
5.सभी राज्यों/ संघ शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों/ प्रशासकों को यह भी निर्देश दिया जाता है कि वे इस आदेश की एक प्रति सभी जिला कलेक्टरों/जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों को भेजें ताकि इसका अक्षरशः अनुपालन हो और यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके क्षेत्र में कोई सिंथेटिक मांझा/नायलॉन धागा और सिंथेटिक सामग्री से लेपित मांझा न खरीदा जाए, न बेचा जाए, न संग्रहीत किया जाए और न ही पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाए।
6.राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों/मुख्य सचिवों/जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया जाता है कि इस निर्णय में दिए गए किसी भी निर्देश का उल्लंघन होने की स्थिति में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986; पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960; वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, भारतीय दंड संहिता या कानून के किसी अन्य प्रावधान के तहत दोषियों के खिलाफ उचित कदम उठाए जाएं।
ज्ञापन देने के दौरान विराज ठाकुर ने कहा कि उक्त आदेश के अनुपालन में अपने गांव व शहर में पतंग उड़ानें के लिए प्रयोग में लायें जा रहे प्रतिबंधित धागे के भंडारण,विक्रय व प्रयोग पर अविलंब पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग जिला प्रशासन से करते हैं।

### डीएम ने दिए पुराने लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान पुराने लंबित मुकदमों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 27 और धारा 52 के तहत लक्षित ग्रामों की प्रगति को सुनिश्चित करने और तय कार्य योजना के तहत तेज़ी से कार्रवाई करने पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि विभिन्न चकबंदी न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में से पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। इससे लंबित मामलों का बोझ कम होगा और न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिल्हौर नगर पालिका के खिलाफ धरने पर बैठे दो सभासद, 21 सभासदों ने समर्थन में नारेबाज़ी की






जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर नगर पालिका के दो सभासद धरने पर बैठ गए और नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए ।वार्ड एक से सभासद अतुल तिवारी और वार्ड छह के लल्ला राठौर का आरोप है कि जानबूझ कर नगर पालिका प्रशासन द्वारा हिन्दू बाहुल्य इलाकों मे विकास कार्य नहीं कराए गए जबकि मुस्लिम इलाकों मे ज्यादा विकास कार्य कराया गया है। दोपहर दोनो सभासद पोस्टर के साथ नगर पालिका के मुख्य गेट पर नारे बाजी के साथ क्रमिक अनशन पर बैठ गए लगभग दो घंटे तक सभासदो की संख्या नहीं बढ़ी तो प्रदर्शन खत्म कर चले गए। शाम चार बजे लगभग दो दर्जन सभासदों ने नगर पालिका के समर्थन मे नारेबाजी शुरू कर दी हालांकि मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष इखलाख खान भी मौजूद रहे ।सभासद अतुल तिवारी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि पालिका के द्वारा कराए गए विकास कार्य जैसे सड़क निर्माण, पार्क निर्माण, गौशाला संचालन आदि विकास कार्यों मे घोर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी से मामले की शिकायत भी की गई लेकिन उनकी ओर से भी कोई कार्यवाही नहीं की गई वहीं नगर पालिका के समर्थन मे उतरे सभासद अशोक तिवारी ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन को हिन्दू विरोधी बताकर दबाब बनाने का प्रयास कर रहे है जबकि पालिका द्वारा किसी प्रकार का कोई भेदभाव समाज मे विकास कार्यों के लिए नहीं किया गया है।

इस दौरान सभासद हितेश भदौरिया, दिनेश, महेश, रामा, कांति राठौर, अशोक चंद तिवारी, सत्येंद्र स्वरूप पांडे, जीशान अंसारी, मोहम्मद समीम, हितेश सिंह, बिलकिस बानो, शोएब खान, चांद बीबी, रूजमा आलिया, शाइस्ता, नुसरत खान, सरताज, अर्शी, देवेंद्र कुमार सविता, लालबाबू, फरहा नाज़मा आदि नारेबाजी प्रदर्शन में शामिल रहे उन्होंने कहा कि इस तरह से अफवाह फैलाना गलत है। कोई समस्या है तो मीटिंग में बैठकर मुद्दा उठाएं गेट पर बैनर टांगकर दो लोग बैठकर नगर पालिका की हंसाई कर रहे हैं।

# महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारी निभाती है



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

महिलाओं द्वारा ली गई सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षण से वह खुद आत्मनिर्भर बनाकर परिवार के पालन पोषण में अहम जिम्मेदारी निभायेगी। उक्त विचार मुख्य अतिथि विधायक धर्मराज यादव द्वारा विकास खण्ड बंकी के सभागार में शुक्रवार को एनआरएलएम के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका मिशन के क्रम में सिलाई मशीन का वितरण के दौरान कही।श्री यादव ने कहा कि महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारी निभाती है और सिलाई कढ़ाई के बदौलत मिलने वाली धनराशि परिवार में खुशहाली आयेगी। खण्ड विकास अधिकारी डॉ संस्कृता मिश्रा ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए अजीविका केन्द्र के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में कहा की आप सब महिलाओं के साथ घर की बालिकाओं को भी सिंचाई कढ़ाई का ज्ञान हो सकेगा। जिससे दो परिवारों को सिलाई कढ़ाई का आवश्यकता पूर्ण होगी तथा बताया कि यह कार्यक्रम कई चरणों में होगा ताकि सभी इच्छुक महिलाएं लाभ प्राप्त कर सशक्त हो कर खुद आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर एडीओ आईएसबी सूरज सिंह ने एन आर एल एम के अन्तर्गत आजीविका हेतु समूह की गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी दी द्य अंश स्वयं सहायता समूह जहांगीराबाद सुशीला,दीपाली स्वयं सहायता समूह जहांगीराबाद रीना, सोनी बुएटी पार्लर स्वयं सहायता समूह जहांगीराबाद मंजू,बाई पास स्वयं सहायता समूह दाउदपुर बृजरानी, मां लक्ष्मी स्वयं सहायता मानेर मोनी विश्वकर्मा, लक्ष्मी स्वयं सहायता सराय अकबराबाद अनीता, मां अम्बे स्वयं सहायता समूह सुल्तानपुर ऊषा देवी की दस समूहो को सिलाई मशीन वितरण किया गया।

# बीडीओ ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण, कार्यों की देखी गुणवत्ता



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। ब्लॉक क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के हो रहे सर्वे की जांच करने पहुंचे बीडीओ ने तीन गांवों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ग्रामों में तैनात सचिव को निर्देश दिये कि सर्वे प्रक्रिया में तेजी लाते हुए विकास कार्यों में गति प्रदान की जाये।

ज्ञात हो ब्लाक फतेहपुर क्षेत्र में समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास 2024-25 का सर्वे किया जा रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को सर्वे की प्रगति जानने के लिए बीडीओ सन्तोष कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत भगौली, शाहपुर व मदनपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पात्र व्यक्तियों से मिलकर सर्वे कराने के लिए लोगों को जागरूक किया। ग्राम मदनपुर में सर्वे का कार्य धीमी गति से पाये जाने पर उन्होने सचिव रंजीत कुमार को सख्त निर्देश देते हुए कहा, आवास पत्रों का सर्वे पूरी निष्पक्षता से किया जाए। ताकि कोई भी पात्र योजना से वंचित न रह सके। और जिन परिवारों को आवास की आवश्यकता है उन्हें जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने ग्राम सचिव और प्रधानो को स्पष्ट निर्देश दिए की सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसी बीच क्षेत्र की गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशो के रखरखाव व उनके चारा पानी की उचित व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योजनाओं से सम्बन्धित हर अधिकारी को संज्ञान रहे कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि लापरवाही पायी गयी तो उसे अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित है। वहीं उन्होने मनरेगा से तालाब की हो रही खुदाई का भी निरीक्षण किया। जहां पर तालाब को सौन्दर्यीकरण कराने का भी निर्देश दिया गया था। इस मौके पर सुपरवाइजर निशा, ग्राम पंचायत अधिकारी आर.के गुप्ता, ग्राम प्रधान तारावती, मुशीर अहमद सहित विभाग के अन्य लोग मौजूद रहे।

## महिला ग्राम प्रधान की इलाज के दौरान मृत्यु

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बिछिया ब्लॉक में की ग्राम प्रधान ओरहर उर्मिला देवी का एक्सीडेंट हुआ था जिसमें वह घायल हो गई थी शुक्रवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दही थाना क्षेत्र के ओरहर मजरे खंभार खेड़ा निवासी उर्मिला 50 पत्नी दिलीप यादव 14 नवम्बर को बेटे जतिन के साथ गांव से सदर कोतवाली क्षेत्र के पीडी नगर मकान शाम आठ बजे बाइक से जा रही थी। तभी दही पुरवा मार्ग के ओरहर रायपुर माइनर के निकट वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई जिसके बाद परिजन कानपुर के एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां आराम न मिलता देख परिजन मेडिकल कालेज लखनऊ लेकर चले गए जहा करीब डेढ़ माह इलाज चला जहा आराम मिलने पर डॉक्टर ने छुट्टी कर दी परिजन घर लेकर आ गए जिसके बाद एक सप्ताह पहले दिक्कत होने पर दही चौकी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह भोर पहर हालत बिगड़ने पर परिजन मेडिकल कालेज लेकर जा रहे थे। रास्ते में मौत हो गई मृतक महिला मौजूदा समय में ओरहर ग्राम पंचायत में प्रधान है। मृतक के दो बेटे है। एक बेटे की दो वर्ष पहले ही डेंगू से मौत हो चुकी है।16 नवंबर को बेटे का जतिन का तिलक भी था हादसे के चलते उसमें भी शामिल नहीं हो सकी। शुक्रवार को परिजन तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों पड़ा मिला अज्ञात महिला का शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। नवाबगंज। रेलवे क्रॉसिंग के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात महिला का शव पड़ा मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका की शिनाख्त कराने की कोशिश की। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों एक अज्ञात महिला का शव पड़ा होने की जानकारी गांव में फैलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से मृतका की शिनाख्त कराने के प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बताते है कि मृतका का शव कुसुंभी ग्रामसभा के एक खरिहान में पड़ा मिला है। जिसके पास पहचान करने लायक कोई दस्तावेज अथवा सामान नहीं मिला है। जिससे मृतका की शिनाख्त हो सके। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज जांच में जुटी है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि एक अज्ञात महिला का शव मिला है। जिसके हाथ पर बाबू रीना लिखा है। शव को मोर्चरी भेजकर मृतका की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नाबालिक किशोरी ने बच्चे को दिया जन्म

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फतेहपुर। नगर पंचायत फतेहपुर क्षेत्र के एक वार्ड में नाबालिग किशोरी ने अचानक शुरू हुए पेट दर्द के बाद बच्चे को जन्म दे दिया। इसे लेकर परिवार में हड़कम्प मच गया। पिता ने पूछताछ की तो किशोरी ने करीब नौ माह पूर्व वार्ड के एक युवक द्वारा जबरन दुराचार करने की बात बतायी। इसी के बाद पिता ने आरोपी युवक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। मामला नगर क्षेत्र स्थित एक वार्ड का है। जहां पर नाबालिक किशोरी के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया, कि उसकी पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। नौ माह पूर्व वह घर से शौच के लिए गयी थी। इस दौरान इसी वार्ड का अमनेश उसे जबरन दबोच कर झाड़ी में उठा ले गया था। जहां उसने पुत्री का मुंह बंद कर उसके साथ दुराचार किया। घटना के बाद आरोपी ने किसी को बताने पर परिवार वालों को जान से मरने की धमकी दी। जिससे सहमी पुत्री ने तब किसी को घटना की जानकारी नही दी।

## एसपी ने मालिकों को सौंपे खोए मोबाइल फोन, खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। जनपद में खोये हुए मोबाइल फोनो की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने विगत दिनों प्रभारी सर्विलांस सेल निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक मोबाइल रिकवरी टीम का गठन किया था। शुक्रवार को मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए 110 अदद एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। बरामद मोबाइल फोनों की कीमत करीब 15 लाख रुपये बतायी गयी है। पुलिस ने पिछले वर्ष में लगभग 365 खोये हुए मोबाइल फोनों को बरामद करके उनके मालिकों को सुपुर्द किया है।

# राजमार्ग पार कर रही युवती को अज्ञात वाहन ने रौंदा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बजेहरा गांव निवासी एक युवती को रात में हाइवे पार करने के दौरान किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बजेहरा गांव निवासी शिवानी शर्मा (25) बचपन से अपने मामा तेजनारायण शर्मा के पास रहती है। गुरुवार को वह किसी काम से गई थी रात में घर लौटने के दौरान लखनऊ कानपुर हाइवे पार कर रही थी। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। लेकिन परिजनों को सुबह जानकारी हुई तब तक कई वाहन चढ़ने से उसका शव क्षतविक्षत हो चुका था। मृतका सोहरामऊ कस्बे के होंडा एजंसी में काम करती थी। एसओ शरद कुमार ने बताया कि शव बहुत ही ज्यादा क्षतविक्षत हो गया था पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जिलाध्यक्ष पद के लिए 27 व प्रांतीय परिषद के लिए 25 लोगों ने किया नामांकन




जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गई। प्रदेश महामंत्री व चुनाव पर्यवेक्षक संजय राय एवं जिला चुनाव अधिकारी रमेश सिंह की मौजूदगी में नामांकन हुआ।जिला अध्यक्ष के लिए 27 कार्यकर्ताओं ने जबकि प्रांतीय परिषद सदस्य के लिए 25 लोगों ने नामांकन किया। चुनाव अधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि जिला अध्यक्ष के लिए नामांकन करने वालों में अरविंद कुमार मौर्य, कल्पना तिवारी, रामेश्वरी, अजीत प्रताप सिंह, संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, हरगोविंद सिंह, भुल्लन वर्मा, हर्षित वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, प्रमोद तिवारी, विजय आनंद बाजपेई, मनोज वर्मा, जंग बहादुर पटेल, रचना श्रीवास्तव, राकेश पटेल, सत्य प्रकाश वर्मा, राजेश वर्मा, अलका सिंह पटेल आदि शामिल हैं। जबकि प्रांतीय परिषद सदस्य हेतु परमेंद्र विक्रम सिंह बाबा, पंकज गुप्ता पंकी, विनीत रस्तोगी, हंस कुमार सिंह, उमाशंकर वर्मा, रण बहादुर सिंह राणा, नीता अवस्थी आदि शामिल हैं।

शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। चुनाव पर्यवेक्षक संजय राय ने बताया कि भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक दल है जो संगठन की संरचना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप तय करता है।यही कारण है कि भाजपा में बूथ कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी शीर्ष दायित्व पर पहुंच सकता है।उन्होंने कार्यालय पर मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि दायित्व परिवर्तन संगठनात्मक व्यवस्था है और इसके अनुरूप ही समय -समय पर प्रत्येक कार्यकर्ता के दायित्वों में परिवर्तन होता है।उन्होंने बताया कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के रूप के निर्वाचित होकर पार्टी के अभियानों, कार्यक्रमों व विचारधारा को गति प्रदान करेंगे। इस अवसर पर शील रत्न मिहिर, बृजेश रावत मौजूद रहे।

## गुलाब का फूल भेंट कर पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह ने गुलाब का फूल देकर नियमों का पालन करने की अपील की। शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा पटेल तिराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जंहा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन चलाने वाले चालको को गुलाब देकर जागरुक किया गया।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें !

## अनारक्षित कुम्भ मेला स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा पूर्वघोषित अनेक अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने की तिथि(यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|
| 05105 | बनारस | 12:30 | प्रयागराज रामबाग | 15:45 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05106 | प्रयागराज रामबाग | 16:30 | बनारस | 19:50 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05107 | बनारस | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 23:45 | 12.01, 13.01, 14.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 11.02, 12.02, 13.02, 25.02, 26.02 एवं 27.02.2025 |
| 05108 | प्रयागराज रामबाग | 07:00 | बनारस | 10:30 | 13.01, 14.01, 15.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 12.02, 13.02, 14.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05109 | बनारस | 08:00 | झूँसी | 10:45 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 1 5.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02, 10.02, 11.02, 12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05110 | झूँसी | 12:45 | बनारस | 15:40 | 11.01, 12.01, 13.01, 14.01, 15.01, 24.01, 25.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 09.02,10.02, 11.02,12.02, 13.02, 14.02, 23.02, 24.02, 25.02, 26.02, 27.02 एवं 28.02.2025 |
| 05113 | बनारस | 05:20 | झूँसी | 08:35 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05114 | झूँसी | 09:25 | बनारस | 12:45 | |
| 05111 | बनारस | 16:45 | झूँसी | 19:55 | 13.01, 14.01, 15.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 05.02, 11.02, 12.02, 25.02 एवं 26.02.2025 |
| 05112 | झूँसी | 21:00 | बनारस | 00:40 | 13.01, 14.01, 15.01, 26.01, 27.01, 28.01, 29.01, 30.01, 31.01, 01.02, 02.02, 03.02, 04.02, 11.02,12.02, 25.02 एवं 26.02.2025 |
| 05115 | बनारस | 20:00 | झूँसी | 23:10 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05116 | झूँसी | 23:45 | बनारस | 02:50 | |
| 05175 | गोरखपुर | 22:30 | प्रयागराज रामबाग | 07:30 | 27.01.2025, 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05176 | प्रयागराज रामबाग | 11:45 | गोरखपुर | 21:05 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05177 | गोरखपुर | 15:00 | झूँसी | 01:00 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05178 | झूँसी | 14:15 | गोरखपुर | 22:55 | 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 29.01.25, 03.02.25, 12.02.25 एवं 26.02.2025 |
| 05179 | गोरखपुर | 10:30 | झूँसी | 19:50 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 30.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05180 | झूँसी | 23:00 | गोरखपुर | 08:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 30.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05181 | गोमतीनगर | 03:30 | झूँसी | 21:15 | 27.01.2025 एवं 28.01.2025 |
| 05183 | गोरखपुर | 06:00 | झूँसी | 14:30 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05184 | झूँसी | 17:30 | गोरखपुर | 03:00 | |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 25.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर | 18:00 | 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 03.02.25, 12.02.25 एवं 26.02.2025 |
| 05187 | गोरखपुर | 18:00 | झूँसी | 02:45 | 27.01.2025, 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05188 | झूँसी | 06:30 | गोरखपुर | 16:00 | 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05193 | गोरखपुर | 23:30 | झूँसी | 08:30 | 28.01.2025 एवं 29.01.2025 |
| 05194 | झूँसी | 11:00 | गोरखपुर | 21:00 | |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी | 20:40 | 14.01.2025, 28.01.2025, 30.01.2025, एवं 03.02.2025 |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | 15.01.2025, 26.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025 एवं 04.02.2025 |
| 05127 | छपरा | 23:15 | झूँसी | 07:45 | 14.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05128 | झूँसी | 22:35 | छपरा | 07:30 | 27.01.2025 |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | 12.01.2025, 13.01.2025, 25.01.2025, 26.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05163 | थावे | 15:30 | झूँसी | 02:45 | 12.01.2025,13.01.2025, 02.02.2025, 03.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05164 | झूँसी | 10:00 | थावे | 20:30 | 13.01.2025, 14.01.2025, 03.02.2025 , 04.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | 12.01.2025, 13.01.2025,14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025 एवं 03.02.2025 |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | 12.01.2025,13.01.2025, 14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025 एवं 03.02.2025 |
| 05119 | मऊ | 10:30 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05120 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | मऊ | 03:45 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | 12.01.2025, 13.01.2025, 14.01.2025, 02.02.2025, 03.02.2025, 11.02.2025, 12.02.2025, 25.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी | 05:20 | 12.01.2025, 13.01.2025, 26.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 02.02.2025,11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05102 | झूँसी | 08:40 | आजमगढ़ | 16:20 | 13.01.2025, 14.01.2025, 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025,12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05159 | भटनी | 21:00 | झूँसी | 03:30 | 12.01.25, 13.01.25, 14.01.25, 15.01.25, 26.01.25, 27.01.25, 28.01.25, 29.01.25, 02.02.25, 11.02.25 एवं 25.02.2025 |
| 05160 | झूँसी | 23:25 | भटनी | 07:45 | 13.01.2025, 14.01.2025, 15.01.2025, 16.01.2025. 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025 एवं 30.01.2025 |
| 05161 | भटनी | 09:55 | झूँसी | 16:10 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025 एवं 31.01.2025 |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी | 01:10 | 27.01.2025, 28.01.2025, 29.01.2025, 30.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025, 12.02.2025 एवं 26.02.2025 |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी | 13:00 | 12.01.2025, 27.01.2025, 01.02.2025, 10.02.2025 एवं 24.02.2025 |
| 05311 | झूँसी | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | 13.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05314 | कासगंज | 19:50 | झूँसी | 17:45 | 12.01.2025, 27.01.2025, 01.02.2025, 10.02.2025 एवं 24.02.2025 |
| 05313 | झूँसी | 19:45 | कासगंज | 18:00 | 13.01.2025, 28.01.2025, 02.02.2025, 11.02.2025 एवं 25.02.2025 |
| 05011 | गोरखपुर | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | 12.01.2025 से 16.01.2025 |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर | 04:30 | |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

आपकी सुरक्षा – हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# 17 राज्यों में घना कोहरा, दिल्ली में 120 फ्लाइट लेट

## कानपुर में तापमान 4.4 डिग्री पहुंचा, हिमाचल में आज से बर्फबारी, एमपी में बारिश के आसार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में तेज सर्दी के साथ घना कोहरा भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह एमपी और यूपी समेत 17 राज्यों में घना कोहरा रहा। इस कारण कई राज्यों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। दिल्ली में धुंध के कारण 120 फ्लाइट लेट हुईं। 4 उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, कई ट्रेनें भी दिल्ली स्टेशन पर निर्धारित समय से लेट पहुंचीं। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया की अब तक 26 ट्रेनें लेट हैं। यूपी के सभी 75 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। नोएडा में विजिबिलिटी जीरो रिकॉर्ड की गई। आगरा में ताजमहल 20 मीटर की दूरी से दिखाई नहीं दे रहा था। यहां कानपुर सबसे ठंडा जिला रहा। न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में शनिवार और रविवार को बर्फबारी हो सकती है।



### अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम...

**3 राज्यों में शीतलहर का अलर्ट** (11 जनवरी)

हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में कोहरे का अलर्ट। राजस्थान के कुछ स्थानों पर तूफान का अलर्ट। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर का अलर्ट।

**तमिलनाडु में बारिश का अलर्ट** (12 जनवरी)

राजस्थान, एमपी, उत्तर प्रदेश और बिहार में घना कोहरा छाया रहेगा। तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश भी हो सकती है।

### यूपी में कोहरा, लखनऊ हाईवे पर 7 गाड़ियां भिड़ीं, नोएडा में विजिबिलिटी शून्य, ठंड से 2 की मौत

यूपी में ठंड और कोहरे का सितम जारी है। सुबह से प्रदेश के सभी 75 जिलों में कोहरे छाया हुआ है। नोएडा में विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच गई है। आगरा का ताजमहल 20 मीटर दूर से नहीं दिखा रहा है। हापुड़ में कोहरे के चलते 7 गाड़ियां टकराई गईं। पहले अज्ञात वाहन ने ईको कार को टक्कर मारी, फिर पीछे से 6 वाहन टकराते गए। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौसम विभाग के अनुसार कल 48 जिलों में बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के साथ ओले भी गिरने की आशंका है। गुरुवार की बात करें तो कानपुर सबसे ठंडा जिला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री दर्ज हुआ। 38 जिलों में कोल्ड-डे रहा। प्रयागराज में विजिबिलिटी शून्य पहुंच गई। बांदा में ठंड लगने से दो लोगों की मौत हो गई। मौसम विशेषज्ञ डॉ. स्ह सुनील पांडेय ने बताया- आज हल्की धूप निकलेगी, बर्फीली हवाएं चलेंगी। इससे रात के पारे में हल्की गिरावट आएगी। शनिवार से पुरवा हवाएं चलेंगी।

**राजस्थान :15 जिलों में आज बारिश-ओले गिरने का अलर्ट**

राजस्थान में देर शाम से बीकानेर संभाग के जिलों में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम के असर से बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में बादल छा सकते है। मौसम विभाग ने करीब 15 जिलों में बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने की चेतावनी जारी की है।

**मध्य प्रदेश : सर्दी पर 3 दिन ब्रेक, तापमान 3 डिग्री तक बढ़ेगा**

मध्यप्रदेश में कड़ाके की सर्दी पर 2-3 दिन के लिए ब्रेक लगेगा। 11 और 12 जनवरी को ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और जबलपुर संभाग के जिलों में बूंदाबांदी होने के आसार है। वहीं, कोहरा भी रहेगा। 13 जनवरी से कड़ाके की ठंड का दौर फिर शुरू होगा।

**हरियाणा : घनी धुंध के कारण विजिबिलिटी जीरो**

हरियाणा में आज घनी धुंध छाई हुई है। हिसार, रोहतक, पानीपत, रेवाड़ी, सोनीपत, झज्जर, जींद, सिरसा, लोहारू, बवानी खेड़ा और पलवल धुंध की चपेट में हैं। पानीपत, बालसमंद और रेवाड़ी में तो विजिबिलिटी जीरो है। वहीं बाकी जगह 10 से 20 मीटर तक विजिबिलिटी है।

**छत्तीसगढ़ : सरगुजा, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में शीतलहर**

उत्तर भारत से आ रही शुष्क हवा (ड्राई एयर) के कारण छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सरगुजा, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में शीतलहर चल रही है। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक कम है।

**हिमाचल प्रदेश : 4 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट**

हिमाचल प्रदेश में आज रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके चलते अगले 48 घंटे पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 11 जनवरी को  मजबूत होगा। इसके चलते प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बादल बरस सकते हैं।

# सेवा, समर्पण और दान, समाज की उन्नति के सोपान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सेवा, समर्पण और दान , तीन ऐसे गुण हैं जो हमारे समाज को सशक्त और समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान परिवेश में हमें कुछ समय निकालकर मानवता की सेवा एवं दान धर्म करने हेतु प्रदान करना चाहिए क्योंकि सेवा, समर्पण ओर दान ही सबसे बड़ा धर्म है इन्हीं भावनाओं का हृदयगत करते हुए म. प्र. जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था व्हाइट टाइगर्स सामाज सेवी संस्था द्वारा ग्राम ददरगंवा (कुण्डम) में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर संस्था द्वारा गांव के बुजुर्ग और जरूरतमंद को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री प्रदीप तिवारी ,



विशिष्ट अतिथि विकासखंड समन्वयक विवेक मिश्रा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. नितेश पांडेय जी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि- प्रदीप तिवारी ने कहा- व्हाइट टाइगर्स समाज सेवी संस्था, सेवा, समर्पण और दान का अद्भुत उदाहरण है इन गुणों को अपनाने से हम न केवल दूसरों की जिंदगी में सुधार कर सकते हैं, बल्कि अपने जीवन को भी अधिक अर्थपूर्ण और संतुष्ट बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि विवेक मिश्रा ने कहा, सर्दियों के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरण करना एक महत्वपूर्ण कदम है, यह कार्य न केवल गरीबों को सर्दियों से बचाव प्रदान करता है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। डॉ नितेश पांडेय जी ने कहा- सेवा, समर्पण और दान करने से हमें आत्मसंतुष्टि और आनंद की अनुभूति होती है, जो हमारे जीवन को और भी समृद्ध बनाती है। कार्यक्रम का द्वितीय चरण में संस्था द्वारा चिन्हित किए गए सभी बुजुर्गों और अन्य जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया इस कार्यक्रम का का संचालन डॉ. अमित पांडेय जी द्वारा किया गया। एवं कार्यक्रम में रामचरण परस्ते, प्रभु सिंह बढ़करे, बैशाखू बढ़करे, ओमकार बढ़करे, सुंदरलाल मरावी, कमलेश मरावी, गणेश मरावी, शिवचरण परस्ते, विश्वनाथ बढ़करे, ग्राम सिंह बढ़करे की उपस्थिति गौरवमय रही।

# बीजेपी विधायक नंद किशोर गुर्जर दे सकते हैं इस्तीफा ?

- अपने ही सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप?
- मुख्यमंत्री को लिखे खुले पत्र में पुलिस व्यवस्था पर उठाए सवाल

**जन एक्सप्रेस । शैलेश पांडेय**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने गाजियाबाद में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक खुला पत्र लिखा है। इस पत्र में विधायक ने गाजियाबाद पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं, खासकर स्टील कारोबारी के घर पड़ी डकैती के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस पत्र में बताया कि पुलिस आयुक्त के आवास से कुछ मीटर की दूरी पर एक परिवार को बंधक बनाकर करोड़ों की डकैती की गई, जो पुलिस की लापरवाही को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।



**मुस्लिम समाज के आरोप और राजनीति में पुलिस की भूमिका**

विधायक ने आरोप लगाया कि मुस्लिम समाज के कुछ लोग अब पुलिस के जरिए उगाही कर रहे हैं और थानों में दलाली का काम कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अब अपनी कार्यप्रणाली में राजनीति की ओर झुकी हुई है, जिसके कारण उनके खिलाफ मिथ्या आरोप लगाए जा सकते हैं। हालांकि, विधायक ने साफ किया कि उन्हें किसी भी प्रकार के दबाव या डर का सामना नहीं है और वह हमेशा जनता के हक में खड़े रहेंगे।

### विधायक ने पुलिस के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए

विधायक नंद किशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग करते हुए बताया कि लोनी क्षेत्र में मांस की दुकानों, भूमाफियाओं, नशे और सट्टे के कारोबार में बेतहाशा बढ़ोतरी हो चुकी है। इसके साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अब इन अपराधों पर रोक लगाने की बजाय राजनीति में संलिप्त हो गई है। उनका कहना था कि पहले छोटे मामलों में दौड़ने वाले पुलिस अफसर आज डकैती जैसी बड़ी घटनाओं के बाद भी कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं।

**विधायक ने इस्तीफे की पेशकश**

विधायक नंद किशोर गुर्जर ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि किसी अवैध कार्य में उनकी संलिप्तता पाई जाती है तो वह इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। लेकिन यदि पुलिस के बड़े अधिकारियों पर लगाए गए आरोप सही साबित होते हैं, तो उनका इस्तीफा लिया जाना चाहिए। विधायक ने यह भी कहा कि उन्हें लोनी की जनता ने चुना है और उनका नैतिक दायित्व है कि वह उनके अधिकारों की रक्षा करें।

# अहमदाबाद में 8 साल की बच्ची को कार्डिएक अरेस्ट



- हॉस्पिटल में मौत, स्कूल में थी, सीने में दर्द हुआ, कुर्सी पर बैठते ही गिर पड़ी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद के निजी स्कूल में शुक्रवार को 8 साल की बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत हो गई। गार्गी राणपरा सुबह की पारी में करीब 8 बजे स्कूल पहुंची थी। सीढ़ियां चढ़ते वक्त उसके सीने में अचानक दर्द उठा। दर्द के बाद बच्ची लॉबी की बेंच पर बैठ गई और कुछ ही सेकेंड्स में जमीन पर गिर गई। थलतेज इलाके के स्कूल स्टाफ ने बच्ची को हॉस्पिटल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में बच्ची की मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट बताया गया है।

### अचानक सीने में उठा था तेज दर्द

स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिष्ठा सिन्हा ने बताया कि स्टाफ ने 108 एम्बुलेंस पर कॉल किया, लेकिन एम्बुलेंस के स्कूल तक आने में देरी हो रही थी। इसके चलते गार्गी को स्टाफ कार से जायडस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

**9 जनवरी को कर्नाटक के स्कूल में भी हुई थी ऐसी ही घटना**

ऐसा ही मामला कल (गुरुवार) कर्नाटक के चामराजनगर जिले में सामने आया था। यहां सेंट फ्रांसिस स्कूल में 8 साल की बच्ची तेजस्विनी क्लासरूम में टीचर को अपनी कॉपी दिखाने के लिए अपनी सीट से उठी और बेहोश हो गई। खुद को संभालने के लिए तेजस्विनी ने दीवार का सहारा भी लिया, लेकिन जमीन पर गिर गई। स्कूल वालों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यहां भी डॉक्टरों ने बच्ची की मौत का संभावित कारण कार्डिएक अरेस्ट बताया है।

# एचएमपीवी के देश में 13 केस

- राजस्थान में 6 महीने की बच्ची पॉजिटिव, अब तक गुजरात और महाराष्ट्र में 3-3 मामले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 13 मामले हो गए हैं। शुक्रवार को राजस्थान के बारां से एक पॉजिटिव केस मिला है। यहां एक 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित हुई हैं। इससे पहले गुरुवार को 3 केस मिले थे। इनमें लखनऊ में 60 साल की महिला, गुजरात के अहमदाबाद में 80 साल का बुजुर्ग और हिम्मतनगर में 7 साल का बच्चा शामिल है। तीनों का इलाज चल रहा है। इससे पहले महाराष्ट्र और गुजरात में 3-3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए थे। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं।



हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

### छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित


एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्पिरेट्री इश्यूज जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

# आयुष्मान योजना का फायदा न मिलने पर बुजुर्ग की आत्महत्या

## मानवाधिकार आयोग का केंद्र-कर्नाटक सरकार को नोटिस, कहा, यह स्वास्थ्य के अधिकार का उल्लंघन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना से जुड़े एक मामले में केंद्र और कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया है। एक मीडिया रिपोर्ट का स्वत संज्ञान लिया है। बेंगलुरु में राज्य सरकार के अस्पताल किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी ने 72 साल के बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए का कवर देने से मना कर दिया था। इसके बाद 25 दिसंबर, 2024 को बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली थी। इसी मामले में एनएचआरसी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव और कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने नोटिस में



सीनियर सीटिजन लाभार्थियों को योजना में आने वाली कुछ अन्य परेशानियों का भी जिक्र किया है। आयोग ने कहा अगर सीनयर सीटिजन को उनके लिए बनाई गई योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, तो यह स्वास्थ्य के अधिकार का उल्लंघन हो सकता है, जो सम्मान से जीवन जीने के लिए जरूरी है।

**70 + साल के बुजुर्गों के लिए योजना**

केंद्र सरकार ने 29 अक्टूबर 2024 से 70 साल और इससे ज्यादा उम्र के सभी लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिए जाने की घोषणा की थी। इस योजना में मुफ्त इलाज के लिए कोई शर्त नहीं रखी गई थी। इनकम, पेंशन, बैंक बैलेंस, जमीन या पुरानी बीमारियों के आधार पर किसी बुजुर्ग को इस योजना के दायरे से बाहर नहीं किया सकता। योजना शुरू करते समय सरकार ने बताया था कि 6 करोड़ सीनियर सिटिजंस को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसमें देश के करीब 4.5 करोड़ परिवार शामिल होंगे। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में यह वादा किया था। इससे पहले 34 करोड़ से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल रहा था।

**केंद्र ने 2017 में योजना की शुरुआत की थी**

आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है, जो देश के सबसे गरीब 40 प्रतिशत लोगों को हर साल 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की सुविधा देती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत केंद्र सरकार ने यह योजना साल 2017 में शुरू की थी। हालांकि, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्य इस योजना को मानने से इनकार कर रहे हैं और राज्य में खुद अपनी योजना चला रहे हैं। इस योजना के तहत देश भर के सिलेक्टेड सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज करवाया जा सकता है। भर्ती होने के 10 दिन पहले और बाद के खर्च का भी इस योजना के तहत भुगतान का प्रावधान है।

# दिल्ली चुनाव पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। मीटिंग के लिए नड्डा के घर पर गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे। मीटिंग के बाद भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा- मीटिंग में हमें जेपी नड्डा और अमित शाह से संगठन को लेकर जरूरी निर्देश मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मीटिंग में दिल्ली विधानसभा चुनाव के कैंडिजेट को लेकर चर्चा हुई। पार्टी करीब 30 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जल्द जारी कर सकती है। इसमें पूर्व सांसद मीनाक्षी लेखी को भी उम्मीदवार बनाया जा सकता है। इसके अलावा पार्टी कालकाजी से भी अपना उम्मीदवार बदल सकती है। पार्टी ने रमेश बिधूड़ी को यहां से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ टिकट दिया था, लेकिन उनके विवादित बयानों के कारण पार्टी कैंडिडेट बदलने का फैसला ले सकती है। भाजपा ने 4 जनवरी को उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी।

# कैलिफोर्निया की आग 40 हजार एकड़ में फैली

## 10 हजार इमारतें खाक,आग बुझाने के लिए पानी कम पड़ा, अधिकारी बोले, लगता है परमाणु बम गिरा हो

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लॉस एंजिलिस**

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में लगी आग में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। यह कैलिफोर्निया में अब तक की सबसे बड़ी आग है। पिछले 4 दिन से लगी आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। इसमें से 29 हजार एकड़ का इलाका पूरी तरह जल चुका है। आग से करीब 10 हजार इमारतें तबाह हो चुकी हैं, जबकि 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। 3 लाख लोगों को सुरक्षित जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने शनिवार तक आग के और फैलने की चेतावनी दी है। 1 लाख लोग बिना बिजली के जी रहे हैं। हालातों पर



लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ (जिला ष्टश्वह्न के समान) रॉबर्ट लूना ने कहा, ÷आग देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन इलाकों में परमाणु बम गिराया गया हो।

### आग बुझा रहा कनेडियन प्लेन ड्रोन से टकराया

कनाडा भी कैलिफोर्निया में लगी आग बुझाने में अमेरिका की मदद कर रहा है। कनाडा ने अपने सुपर स्कूपर कहे जाने वाले सीएल-415 प्लेन कैलिफोर्निया भेजे हैं। इनमें से एक प्लेन आग बुझाते हुए एक सिविलियन ड्रोन से टकरा गया इसके बाद सभी प्लेन को ग्राउंड कर दिया गया है। सुपर-स्कूपर प्लेन फायर फाइटर प्लेन होते हैं, इनमें से 1500 गैलन तक का पानी स्टोर करने की क्षमता होती है।

**आग से घर को बचाते-बजाते गई जान...**

कैलिफोर्निया की आग में जान गंवाने वालों में एक 66 साल का शख्स विक्टर शॉ भी शामिल है। विक्टर का घर भी आग की चपेट में आ गया था। उनकी बहन शारी ने मीडिया को बताया कि विक्टर कोशिश करते रहे कि किसी तरह उनका घर बच जाए, वे हाथ में पानी का पाइप लिए आग बुझाते रहे, इसी बीच उनकी भी जान चली गई। जब उनकी डेड बॉडी मिली तो उनके हाथ में पानी का पाइप था।

**आग कैसे लगी इस पर 2 थ्योरी...**

**पहली-** किसी शख्स ने कैलिफोर्निया को आग के हवाले किया सोशल मीडिया पर दावे चल रहे हैं कि एक शख्स ने जंगल में आग लगाना शुरू किया जिसने फैलते-फैलते बड़ा रूप ले लिया। लॉस एंजिलिस पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। हालांकि वहां के फायर चीफ डेविड अकूना ने इस दावे का खंडन किया है कि किसी के आग लगाने से वाइल्ड फायर शुरू हुई है। अकूना ने कहा इस बात का कोई सबूत नहीं है किसी ने इस आग को भड़काया है।

**दूसरी-** सांता सना हवाओं ने लगाई अमेरिका में आग कैलिफोर्निया का लॉस एंजिलिस शहर पहाड़ों के बीच बसा है। यहां चीड़ के जंगल हैं। मंगलवार को चीड़ के सूखें पेड़ जलने से आग शुरू हुई। अगले कुछ घंटे में आग ने लॉस एंजिल्स के बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। शहर की हवा जहरीली हो गई है। यहां एक्यूआई 350 पार हो गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)